आषाढ़ कृष्ण पक्ष चतुर्दशी 06:59 उपरांत अमावस्या विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 24 जून 2025
वर्ष 6, अंक 214, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



दोगुनी गति से गर्म हो रहा एशिया महाद्वीप 14

ऑपरेशन सिंदूर से आतंकियों में पनपा डर 12

## बरेली में देर शाम झमाझम



बरेली में सोमवार की देरशाम बादल घिर आए और करीब एक घंटे तक झमाझम बारिश हुई, इस दौरान शहर के कई इलाकों में जलभराव हो गया। शहर के सुभाषनगर इलाके में सड़क पर बारिश के पानी के बीच गुजरता बाइक सवार। ● अमृत विचार

# कई राज्यों में छाया मानसून, यूपी में भारी बारिश का अलर्ट

## सूरत में 7 इंच बारिश से बाढ़ जैसे हालात, राजस्थान, मप्र, नई दिल्ली में भी चेतावनी जारी

नई दिल्ली/सूरत/लखनऊ, अमृत विचार नेटवर्क

● मॉनसून ने लगभग पूरे उत्तर भारत को कवर किया

देश के कई राज्यों में मानसून ने दस्तक दे दी है। राजस्थान, उत्तर प्रदेश, नई दिल्ली, मध्य प्रदेश में अगले 24 घंटों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, सोमवार को गुजरात के सूरत में 7 इंच बारिश दर्ज की गई। यहां बाढ़ जैसे हालात बन गए।

सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक करीब चार घंटे भारी बारिश हुई। जगह-जगह जलभराव से सूरत प्रशासन को स्कूल की छुट्टी करनी पड़ी। मध्य प्रदेश के कई जिलों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। मानसून ने लगभग पूरे उत्तर भारत को कवर कर लिया है। उत्तर अरब सागर में अभी हालात इसके अनुकूल बने हुए हैं।

मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि दिल्ली में मानसून अपने सामान्य आगमन से छह दिन पहले, मंगलवार को दस्तक दे सकता है। यहां बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। सोमवार को रुक-रुक कर हुई बारिश ने दिल्लीवालों को गर्मी-उमस से राहत मिली। आईएमडी ने कहा है कि राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली के अधिकतर भागों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए मौसम की स्थितियां अनुकूल हैं। इसी तरह निजी मौसम पूर्वानुमान एजेंसी स्काइमेट ने कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून 30 जून के आसपास दिल्ली पहुंचता है। अगर मानसून पूर्वानुमान के तहत 24 जून को दिल्ली पहुंचता है तो 2013 के बाद इसका सबसे जल्दी आगमन होगा।

### अगले दो दिन में पूरे प्रदेश को कवर कर लेगा मानसून

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बीते 18 जून को प्रवेश कर चुका मॉनसून अभी पूरे राज्य में नहीं फैला है। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दो दिनों में इसका प्रसार पूरे राज्य में हो जाएगा। मॉनसून के स्थिर होने की वजह से यह देरी हुई है। आईएमडी के मुताबिक, पिछले 48 घंटों से मानसून स्थिर हो गया था, आगे नहीं बढ़ रहा था। इस कारण से अलर्ट के बाद भी उस तरह की बारिश देखने को नहीं मिली। लेकिन अब स्थिति तेजी के साथ बदली है और मानसून तेजी के साथ रफ्तार पकड़ रहा है। ऐसे में राज्य में भारी बारिश के संकेत साफ हैं। 29 जून तक उत्तराखंड, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भारी बारिश की संभावना है। वहीं, 24, 28 और 29 जून को पूर्वी उत्तर प्रदेश में भारी बारिश की संभावना है।

## एक नजर

### भाजपा सांसद रघुनंदन राव को मिली धमकी

**हैदराबाद।** तेलंगाना में मेडक लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के सांसद रघुनंदन राव को सोमवार को एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन पर धमकी दी और खुद को माओवादी बताया। फोन करने वाले ने उन्हें चेतावनी दी कि आज शाम तक राव की हत्या कर दी जाएगी। धमकी भरा फोन उस समय आया जब राव मेडचल-मलकजगिरी जिले के दम्मईगुडा में एक स्कूली कार्यक्रम में भाग लेने गए थे।

### भारी बारिश के कारण वैष्णो देवी मार्ग पर भूस्खलन

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर के नए मार्ग पर सोमवार को भूस्खलन हो गया जिसके कारण बैटरी कार सेवा को स्थगित करना पड़ा। अधिकारियों ने बताया कि कोई हताहत नहीं हुआ है। तीर्थयात्रा अब पुराने मार्ग से संचालित की जा रही है और बिना व्यवधान के जारी है। हिमकोटी मार्ग पर जिस समय भूस्खलन हुआ तब वहां श्रद्धालुओं की आवाजाही नहीं थी।

### यूपीएस के तहत सितंबर तक चुन सकेंगे विकल्प

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने सोमवार को एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) के तहत सरकारी कर्मचारियों के विकल्प चुनने की समयसीमा को तीन महीने आगे बढ़ाकर 30 सितंबर कर दिया। अभी तक कर्मचारियों को 30 जून तक अपना विकल्प चुनना था।

# ईरान का पलटवार, अमेरिकी सैन्य अड्डों पर दागीं मिसाइलें

## कतर के अल उदीद, इराक के ऐन अल-असद बेस को बनाया निशाना

दुबई, एजेंसी



ईरान ने सोमवार रात कतर के अल उदीद वायु सेना अड्डे पर तैनात अमेरिकी सैनिकों पर मिसाइलों से हमला किया है। पश्चिमी इराक में अमेरिकी सैनिकों के ऐन अल-असद बेस को भी निशाना बनाया है। ईरानी सरकारी टेलीविजन ने इसे अमेरिका की आक्रामकता के लिए ईरान के सशस्त्र बलों का करारा जवाब कहा।

ईरान ने कहा कि अल उदीद अड्डे पर उसके द्वारा किया गया मिसाइल हमला ईरानी परमाणु स्थलों पर अमेरिका द्वारा गिराए गए बमों की संख्या के बराबर है। यह हमला ईरान से खतरे के मद्देनजर कतर द्वारा एहतियात के तौर पर अपने हवाई क्षेत्र को बंद करने के तुरंत बाद हुआ। इराक के एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि ईरान ने पश्चिमी इराक में अमेरिकी सैनिकों के लिए ऐन अल-असद बेस को भी निशाना बनाया। कतर ने ईरानी हमले की निंदा करते हुए कहा कि इसमें कोई हताहत नहीं हुआ। अल-उदीद पश्चिम एशिया में अमेरिका का सबसे बड़ा सैन्य अड्डा है। यहां करीब 8,000 से 10,000 अमेरिकी सैनिक मौजूद हैं।

### पुतिन ने ईरान को दिया तनाव घटाने का भरोसा

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को ईरान को भरोसा दिलाया कि उनका देश इजराइल और ईरान के बीच तनाव घटाने में मदद करेगा। रूसी राष्ट्रपति का यह बयान ईरानी परमाणु स्थलों पर अमेरिकी हमले के बाद आया है। पुतिन ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से मुलाकात की, जो रूसी नेतृत्व के साथ विचार-विमर्श के लिए रविवार रात मॉस्को पहुंचे थे।



राष्ट्रपति पुतिन से मिलते ईरानी विदेश मंत्री।

### हमले की पहले ही मिल गई थी सूचना : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के मिसाइल हमले को कमजोर बताया, दावा किया कि इसमें कोई अमेरिकी सैनिक घायल नहीं हुआ और न ही कोई बड़ा नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने प्रभावी ढंग से जवाब दिया और ईरान ने शायद अपना गुस्सा निकाल लिया है। ट्रंप ने साथ ही कतर के अमीर का धन्यवाद किया और शांति की ओर आगे बढ़ने की उम्मीद जताई।

### ईरान के फोर्दो परमाणु केंद्र पर फिर हमला

**दुबई।** ईरान के फोर्दो स्थित भूमिगत यूरेनियम संवर्धन स्थल पर सोमवार को फिर से हमला किया गया और ईरान ने भी इजराइल पर मिसाइलों और ड्रोनों की बौछार कर दी। इजराइली सेना ने कहा कि ईरान ने अतिरिक्त बमबारी की।

## पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित

**लखनऊ।** पॉलीटेक्निक संस्थानों में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2025 का परिणाम सोमवार शाम को घोषित कर दिया गया है। जिसमें विभिन्न पाठ्यक्रमों कुल 18 छात्रों ने सर्वोच्च अंक हासिल किया है, इनमें से एक छात्र बिहार का है। संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश के सचिव संजीव कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा का परिणाम परिषद की वेबसाइट www.jeecup.admissions.nic.in पर जारी कर दिया गया है। अभ्यर्थी अपनी लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड के माध्यम से परिणाम एवं स्कोर कार्ड प्राप्त कर सकते हैं।

● 27 से शुरू होगी काउंसलिंग

संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद द्वारा पॉलिटेक्निक में प्रवेश के लिए परीक्षा 5 से 13 जून के बीच आयोजित की गई थी। यह परीक्षा कम्प्यूटर आधारित पद्धति से सम्पन्न कराई गई थी। जिसमें अभ्यर्थियों ने कुल 19 ग्रुपों में आवेदन किया था, कुल 4,25,993 आवेदन प्राप्त हुए थे।

कुल 3,31,193 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 3,31,174 अभ्यर्थी काउंसलिंग हेतु अर्ह पाए गए हैं। काउन्सिलिंग 27 जून से आरंभ होकर 14 अगस्त तक 5 चरणों में सम्पन्न होगी।

# सौतेले पिता ने मां के सामने बेटी को चाकू से गोद डाला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



सिमरन (फाइल फोटो)

● बचाने में पत्नी भी हुई घायल आरोपी सौतेला पिता गिरफ्तार

**अमृत विचार :** महानगर स्थित विज्ञानपुरी इलाके में सोमवार रात सौतेले पिता ने बीसीए की छात्रा सिमरन राजपूत (19) की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। बीच-बचाव में सिमरन की मां के हाथ पर चाकू लगा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पड़ोसियों की सूचना पर डीसीपी मध्य आशीष श्रीवास्तव, एडीसीपी मध्य ममता रानी चौधरी समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंचे। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। डीसीपी ने बताया कि हत्या के पीछे कई कारण निकल कर सामने आ रहे हैं। पुलिस हर एक बिंदु पर जांच कर रही है।

विज्ञानपुरी निवासी डॉ. जागेश राजपूत की वर्ष 2014 में मौत हो गई थी। पत्नी रेखा राजपूत बेटी सिमरन के साथ रहती थी। एक वर्ष पहले रेखा राजपूत ने विकास चंद्र पांडेय नाम के व्यक्ति से दूसरी शादी कर ली थी। एमिटी यूनिवर्सिटी से बीसीए कर रही सिमरन अपनी मां रेखा की दूसरी शादी का विरोध कर रही थी। इस बात को लेकर मां से विवाद भी होता था। सौतेले पिता विकास से भी अक्सर नोकझोंक होती थी। मां रेखा ने बताया कि सोमवार रात सिमरन कमरे में कुर्सी पर बैठ कर मोबाइल देख रही थी। इसी बीच विकास घर पहुंचा।

> सिमरन के प्रति सौतेले पिता विकास की सोच सही नहीं थी। सिमरन अक्सर मां रेखा से दूसरी शादी का विरोध करती थी। करोड़ों की लागत वाले मकान में सिमरन का भी हक था। पुलिस यह पता कर रही है कि हत्या का कारण कहीं वरासत का विवाद में तो नहीं।
> **-आशीष श्रीवास्तव**, डीसीपी मध्य

उसका सिमरन से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। बात बढ़ने पर विकास गुस्से में किचन में गया। वहां से सब्जी काटने वाला चाकू लाया। उसने चाकू से सिमरन की गर्दन, चेहरे, पेट, सिर, हाथ व शरीर के कई हिस्सों पर वार कर दिए। वह बचने के लिए बाहर की ओर भागी। मदद के लिए शोर मचाते हुए पार्किंग एरिया में पहुंची। चीख सुनकर मां रेखा ने बेटी को बचाने का प्रयास किया। इस दौरान रेखा को भी चाकू से चोटें आईं। डॉयल-112 पर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और खून से लथपथ सिमरन को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने सौतेले पिता को गिरफ्तार कर लिया है।

# सीबीआई ने बच्चियों का यौन शोषण करने वाले पुजारी को किया गिरफ्तार

मथुरा, एजेंसी

● प्रसाद का लालच देकर बनाता था अश्लील वीडियो
● तस्वीर को इंटरनेट साइट पर करता था अपलोड

मथुरा के बाटी गांव के एक मंदिर में 10 वर्ष से पुजारी बनकर रह रहे शख्स को सीबीआई ने बच्चियों से यौन शोषण के आरोप में गिरफ्तार किया है।

आरोपित श्याम बिहारी के बारे में सीबीआई टीम को पता चला कि वह सात से 12 वर्ष की बच्चियों को ही शिकार बनाता था। वह बच्चियों को मंदिर में साफ-सफाई, प्रसादी वितरण आदि कार्य के लिए बुलाता था। उन्हें प्रसाद का लालच देकर कमरे में लेकर जाता था। इसके बाद उनको पोर्न वीडियो दिखाकर यौन शोषण का शिकार बनाता था। बताया जा रहा है कि कुछ बच्चियों ने घर में शिकायत भी की, लेकिन लोक-लज्जा के डर से घरवालों ने बच्चियों को चुप करा दिया।

इस बीच, आरोपित से बरामद इलेक्ट्रानिक उपकरणों में गांव की चार और बच्चियों के फोटो नजर आए हैं। बाल कल्याण समिति जल्द ही पीड़ित बच्चियों को बुलाकर बयान दर्ज करने की कार्रवाई करेगी। आरोपित बच्चियों की तस्वीर इंटरनेट मीडिया की विभिन्न साइट पर अपलोड करता था। गूगल ने इन फोटो को उच्च जांच एजेंसियों को भेजी थी। सीबीआई ने 17 जून को मुकदमा दर्ज कर 19 जून को बाटी गांव में श्याम बिहारी के आवास पर छापा मारा था। टीम ने उसके आवास से कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए थे। इनमें बच्चों के यौन उत्पीड़न के वीडियो व आपत्तिजनक सामग्री थी। सीबीआई की एक टीम अभी मथुरा में ही डेरा डाले हुए है।

### पंत टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाने वाले दूसरे विकेटकीपर बने



**लीड्स।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत सोमवार को इंग्लैंड के खिलाफ शृंखला के पहले मैच में क्रिकेट इतिहास में टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक जड़ने वाले दूसरे विकेटकीपर बन गए हैं। पंत से पहले जिम्बाब्वे के विकेटकीपर एंडी फ्लॉवर ने 2001 में हरारे में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 142 और नाबाद 199 रन बनाए थे। पंत ने चौथे दिन 140 गेंद में 118 रन बनाए। जबकि पहली पारी में 134 रन बनाए थे। इसके साथ ही वह इंग्लैंड में टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाने वाले पहले भारतीय भी बन गए। वह टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाने वाले 7वें भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं।

# मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक लेंगे शाह

● बैठक में योगी समेत चार राज्यों के मुख्यमंत्री होंगे शामिल
● मैदागिन स्थित बाबा काल भैरव के मंदिर में की पूजा-अर्चना

वाराणसी, एजेंसी



वाराणसी के काल भैरव मंदिर में पूजा-अर्चना करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार शाम दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे। यहां लाल बहादुर शास्त्री हवाई अड्डे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया।

शाह वाराणसी में मंगलवार को मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे। अमित शाह हवाई अड्डे से सीधे सड़क मार्ग से मैदागिन स्थित बाबा काल भैरव के मंदिर पहुंचे और उन्होंने बाबा काल भैरव की पूजा-अर्चना की। मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक 24 जून को सुबह 11 से दो बजे तक ताज होटल में होगी। मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक काशी में पहली बार हो रही है।

# तीन बागी विधायकों को सपा ने निकाला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● राज्य सभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग कर किया था भाजपा का समर्थन

**अमृत विचार :** राज्यसभा चुनाव के दौरान क्रॉस वोटिंग करने वाले सात विधायकों में से तीन को समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने पार्टी से बाहर कर दिया है।

निकाले गए बागी विधायकों में अयोध्या गोसाईगंज से विधायक अभय सिंह, अमेठी (गौरीगंज) के विधायक राकेश प्रताप सिंह और रायबरेली (ऊंचाहार) सीट के विधायक मनोज कुमार पाण्डेय शामिल हैं, जबकि अन्य चार के लिए कहा कि इन लोगों का व्यवहार अच्छा है, इन लोगों की अनुग्रह अवधि शेष है। तीनों विधायकों को पार्टी से निष्काषित करने की घोषणा सोमवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर की। साथ ही आरोप लगाया कि इन विधायकों को उनकी सांप्रदायिक विभाजनकारी, नकारात्मकता और पीडीए विरोधी विचारधारा का समर्थन करने के कारण निष्कासित किया गया है। लिखा कि इन लोगों को हृदय परिवर्तन के लिए दी गई 'अनुग्रह-अवधि' की समय-सीमा अब पूरी हुई। शेष विधायकों की समय-सीमा अच्छे व्यवहार के कारण शेष है।

**प्रकृति के रंग** ग्रीष्मकालीन प्रवासी पक्षियों की मार्च-अप्रैल से शुरू होता है आगमन, अब लौटने की तैयारी में जुटी कुछ प्रजातियां

# रंग-बिरंगे समर विजिटर्स से गुलजार हुआ पीलीभीत टाइगर रिजर्व

सुनील यादव, पीलीभीत




### ये हैं समर विजिटर्स पक्षियों की प्रजातियां

- वाटर काक
- जेकोबिन कुक्कू
- इंडियन कुक्कू
- ब्लू टेल्ड बी ईटर
- चेस्टनट कैप्ड बी ईटर
- गोल्डन ओरियोल

**अमृत विचार :** पीलीभीत टाइगर रिजर्व और उसके आसपास का क्षेत्र इन दिनों रंग-बिरंगे समर विजिटर्स (गर्मियों के आगंतुक) से गुलजार है। समर विजिटर्स के रूप में पहुंचे इन प्रवासी मेहमान परिंदों को यहां की आबोहवा इस कदर भा रही है कि साल दर साल इनकी संख्या में इजाफा देखा जा रहा है।

जानकारों के मुताबिक पीलीभीत में सौ के आसपास मेहमान परिंदों की प्रजातियां प्रवास को आने लगी हैं। अब जब गर्मी का मौसम जाने को है और मानसून की आमद हो रही है तो यहां प्रवास कर रहे दूर-दराज से आए कुछ परिंदों ने वतन वापसी की तैयारी भी शुरू कर दी है। वहीं शेष सभी प्रवासी परिंदे अक्टूबर तक वतन वापसी करेंगे।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व अपनी विशिष्ट जैव विविधता के लिए विदेशी धरती पर भी मशहूर हो चुका है। इस टाइगर रिजर्व में बहुत से ऐसे दुर्लभ वन्यजीव भी हैं, जो शेड्यूल वन की श्रेणी में आते हैं। वहीं पिछले कुछ साल से पीलीभीत टाइगर रिजर्व की आबोहवा मेहमान परिंदों को भी आकर्षित करने लगी है। टाइगर रिजर्व के आंकड़ों के मुताबिक, यहां पक्षियों की 300 से अधिक प्रजातियां पाई जाती हैं। पक्षियों के इस अद्भुत संसार में अब दूर-दराज के देशों समेत देश के अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में मेहमान परिंदे भी दस्तक देने लगे हैं। प्रवासी पक्षियों की प्रजातियों में अब इजाफा भी देखा जा रहा है।



> ग्रीष्मकालीन प्रवासी पक्षी अफ्रीका समेत देश के हिमालय समेत विभिन्न राज्यों से यहां प्रवास को आते हैं। इसमें लोकल माइग्रेटरी पक्षियों की संख्या अधिक होती है। जून के अंत में इनमें से कुछ प्रवासी पक्षी वापसी की तैयारी शुरू कर देते हैं। – **मोहम्मद अख्तर मियां**, अध्यक्ष, टरक्वाइज वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन सोसायटी

### प्रवासी पक्षियों की साल में दो बार होती है आमद

प्रवासी पक्षियों पर लंबे समय से स्टडी करने वाली संस्था टरक्वाइज वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन सोसायटी के मुताबिक, पीलीभीत टाइगर रिजर्व समेत आसपास के क्षेत्र में सात समंदर पार समेत देश के विभिन्न राज्यों से 100 के अधिक पक्षियों की प्रजातियां प्रवास के लिए आती हैं। ये पक्षी साल भर में दो बार अपनी आमद दर्ज कराते हैं, मानसून से पहले और मानसून के बाद। मानसून के बाद आने वाले प्रवासी नवंबर में आना शुरू कर देते हैं। तकरीबन चार माह के प्रवास के बाद यह फरवरी के अंतिम दिनों में वतन वापसी शुरू कर देते हैं। इन शरदकालीन प्रवासी पक्षियों की वतन वापसी के बीच ही मानसून से पहले आने वाले ग्रीष्मकालीन प्रवासी पक्षियों की आमद शुरू होती है।

**आज का मौसम**

बादल छाए रहने और बारिश के आसार।

34.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

**शहर में आज**

- नगर निगम के मीटिंग हॉल में जनसुनवाई सुबह 10 बजे से।
- श्री सोमनाथ मंदिर प्रभात नगर में सामूहिक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा शाम 4 से 7 बजे
- मिशन शिक्षण संवाद की ओर से राज्य स्तरीय कार्यशाला कुंवर रिसोर्ट बदायूं रोड में सुबह 10 बजे।

# दुकानों के किराये में 12 गुना तक बढ़ोत्तरी पर व्यापारियों का प्रदर्शन

## मेयर को ज्ञापन सौंप कर बढ़ा किराया और जीएसटी वापस लेने की मांग, कहा-नहीं मानीं मांगें तो दुकानों की चाबियां नगर निगम को सौंप देंगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **मेयर ने कहा कि किसी से जीएसटी और गलत किराया नहीं लिया जाएगा**

**अमृत विचार :** नगर निगम की दुकानों पर कई साल से काबिज दुकानदारों ने सोमवार को किराये में बढ़ोत्तरी और जीएसटी के साथ वसूली पर नगर निगम में प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने जमकर नारेबाजी करते हुए मेयर डॉ. उमेश गौतम को ज्ञापन सौंपा। दुकानदारों ने बताया कि दुकानों का किराया 12 गुना बढ़ा दिया गया है और जीएसटी भी लगा दी गई है। इस पर मेयर ने आश्वासन दिया कि किसी से जीएसटी और गलत किराया नहीं लिया जाएगा।

पार्षद राजेश अग्रवाल की अगुवाई में पहुंचे दुकानदारों ने मेयर को बताया है कि करीब 1400 लोगों ने दुकान किराए पर ली हैं। बिना किसी सरकारी अधिनियम और आदेश के दुकानों का किराया अचानक से करीब 700 से 1000 से बढ़ाकर 8400 से 10 हजार रुपये महीना तक कर दिया गया है। इसके अलावा 18 प्रतिशत जीएसटी अलग से मांगी जा रही है।

सपा पार्षद राजेश अग्रवाल ने मेयर डॉ. उमेश गौतम को पूरी समस्या बताई। मेयर ने उन्हें आश्वासन दिया है कि उनके साथ कानून और नियमों के विरुद्ध कुछ नहीं किया जाएगा। दुकानदारों का कहना है कि 31 मार्च के बाद से उनका किराया जमा नहीं किया जा रहा है। इतना ही नहीं किराया बढ़ाने का कोई नोटिस नहीं दिया गया। सिर्फ एक इंस्पेक्टर आया और वह दुकानदारों को हड़काने लगा है। इससे सभी किराएदार परेशान हो गए हैं।



सपा पार्षद राजेश अग्रवाल की अगुवाई में नगर निगम में मेयर को ज्ञापन देने पहुंचे व्यापारी। ● अमृत विचार

पार्षद ने कहा कि नगर निगम की ओर से जब दुकान किराये पर दी गई थीं, तब एक इकरारनामा किया गया था। उसमें यह कहीं नहीं लिखा गया है कि दुकानों का किराया कभी भी अचानक से बढ़ाया दिया जाएगा। पुराने इकरारनामे की शर्तों में स्पष्ट रूप से यह लिखा है कि पांच वर्ष में एक बार पांच प्रतिशत किराया बढ़ाया जाएगा, जबकि नए इकरारनामे के अनुसार 12 प्रतिशत किराया बढ़ाया जा सकता है, लेकिन नगर निगम की नीति किसी भी सूरत में हम स्वीकार नहीं करेंगे। निगम बोर्ड की बैठक में बिना मंजूरी के अधिकारियों ने मनमाना प्रस्ताव तैयार किया है उसे हम किसी भी हाल में लागू नहीं होने देंगे। अगर नगर निगम ने मांगें नहीं मानीं तो दुकानदार अपनी दुकानों की चाबियां नगर निगम को सौंप देंगे। हम आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। इस दौरान एसएस चावला, राजकुमार, संजय भानु, नरेंद्र कुमार, मोहम्मद जावेद, जसपाल सिंह, रमेश कुमार, अफजाल, आशु, पंकज, विशाल, मोहित अरोड़ा, जतिन यादव, विवेक गर्ग, अमन टंडन, मोहम्मद आजम, शिव चावला, रवि शंकर, राजाराम, सचिन कुमार गुप्ता, दर्शन कुमार, कैलाश चंद्र, वरुण, अमर सिंह, अमरजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

## मॉर्निंग रेड में आठ घरों में पकड़ी बिजली चोरी



**बरेली, अमृत विचार :** बिजली विभाग की टीम ने सोमवार को मॉर्निंग रेड में कई मकानों में बिजली चोरी पकड़ी। वहीं इसकी फोटो और डिटेल भी ग्रुप पर शेयर की, क्योंकि बिजली चोरी पकड़कर पैसे लेकर छोड़ने के आरोप लगने के बाद मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने रविवार को बैठक में नाराजगी जताई थी।

सोमवार सुबह विजिलेंस और एचआर की टीम ने बारादरी क्षेत्र के एजाजनगर गौटिया में मॉर्निंग रेड की, जिसमें कुल 86 कनेक्शन चेक किए। जिसमें आठ घरों में टीम ने बिजली चोरी पकड़ी। उसके बाद चोरी करने वालों के खिलाफ सुबह ही रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद सूचना विभागीय ग्रुप पर दी।

## कलेक्ट्रेट में सैनिक बंधु की बैठक 26 को

**बरेली, अमृत विचार :** पूर्व सैनिकों और आश्रितों की समस्याओं के निराकरण के लिए सैनिक बंधु की बैठक 26 जून को सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में होगी। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कमांडर सतीश कुमार ने जानकारी दी कि सभी पूर्व सैनिकों और आश्रितों को सूचना दी गई है कि वह 26 जून तक जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में अपनी व्यक्तिगत समस्या का पंजीकरण करा लें या 25 जून तक प्रार्थना पत्र सभी दस्तावेज सहित कलेक्ट्रेट सभागार में उपस्थित रहें।

# मानसून की पहली बारिश में डूबा शहर सुभाषनगर पुलिया में बाइक सवार गिरे

## सेटेलाइट बस अड्डे पर नाला चोक, कई जगह जलभराव, बीसलपुर रोड पर सड़क किनारे कई वाहन नीचे जाने से हुए बंद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** मानसून की पहली झमाझम बारिश में सोमवार रात कई क्षेत्रों में जलभराव हो गया। सबसे ज्यादा दिक्कत सेटेलाइट बस अड्डा और सुभाषनगर पुलिया से निकलने वालों ने झेलीं। पुलिया से निकलने के दौरान भीषण जलभराव से लोगों के वाहन बंद हो गए। कई लोग गिरने से बचे। जबकि सुभाषनगर के जाम नाले की सफाई के लिए नगर निगम ने चार दिनों तक पुलिया बंद की थी लेकिन बारिश में पोल खुल गई।

करीब एक सप्ताह पहले हुई प्री मानसून की बारिश में शहर का हाल खराब हो गया था। अब सोमवार रात मानसून की बारिश ने भी शहर में नगर निगम के जलनिकासी की व्यवस्था की पोल खोल दी। सुभाषनगर का नाला साफ होने के बाद निगम के अफसरों ने दावा किया था कि अब पुलिया में जलभराव नहीं होगा लेकिन उसका नतीजा शून्य रहा। इसी तरह सिकलापुर स्थित फर्नीचर मंडी जलभराव की समस्या से लोगों को जूझना पड़ा। बीसलपुर रोड पर पुलिया और सड़क निर्माण के लिए खुदाई का काम चल रहा है। यहां पर जगह रोड पर पानी भरने के कारण आने जाने वाले वाहन फंस गए। इसी तरह डीडीपुरम्, आकाशपुरम, संजय नगर, हजियापुर, जगतपुर, किला, बानखाना, गुलाब नगर, सूफी टोला, खुर्रम गोटिया, आजमनगर, दुर्गानगर, बाकरगंज, चक महमूद, सुभाष नगर, मढ़ीनाथ के अलावा कई निचले इलाकों में जलभराव हो गया। वहीं कुछ दिन पहले परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने सेटेलाइट बस अड्डे का निरीक्षण कर नाला जाम होने पर नाराजगी जताई थी, इसके बाद सेटेलाइट बस अड्डे के नाले की सफाई की लेकिन नाला चोक होने के बाद सोमवार को फिर जलभराव हो गया।



नाला चोक होने के कारण बारिश में सेटेलाइट बस अड्डा परिसर में भीषण जलभराव हो गया। यात्रियों को बसों तक पहुंचने में परेशानी हुई। ● अमृत विचार



सुभाष नगर पुलिया के नीचे भरे पानी में बंद हुई स्कूटी को खींचकर ले जाता युवक।



बीसलपुर रोड निर्माण कार्य की वजह से सड़क किनारे पानी से भरे गड्ढों में कई वाहन फंस गए। ● अमृत विचार

## दिन में उमस ने किया परेशान, रात में झमाझम बारिश से मिली राहत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री और न्यूनतम दर्ज हुआ 26.9 डिग्री**

**अमृत विचार :** जिले में सोमवार को दिन में उमस भरी गर्मी से लोग परेशान हो गए। दिन में हल्की बारिश से उमस और बढ़ गई लेकिन रात में झमाझम बारिश से लोगों को राहत मिली। मौसम विभाग ने अभी सप्ताह भर बारिश के आसार जताए हैं।

सोमवार को दिन की शुरुआत बादल छाएं रहने के साथ हुई। सुबह 11 बजे के करीब कुछ इलाकों में बूंदाबांदी हुई। दोपहर बाद निकली हल्की धूप से लोगों को उमस ने परेशान किया। जबकि शाम को हल्की बारिश हुई। इसके बाद रात में 8 बजे के बाद तेज बारिश हुई।

आईएमडी की आधिकारिक बेवसाइट के अनुसार जिले में अधिकतम तापमान सामान्य से 3.8 डिग्री सेल्सियस कम 34.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस दौरान करीब 3.2 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। वहीं हवा में नमी सुबह 79 प्रतिशत और शाम को 81 प्रतिशत दर्ज की गई।

आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अभी तीन दिन बारिश का येलो अलर्ट है, जबकि एक दिन छोड़कर दो दिन और येलो अलर्ट है। मंगलवार को हल्की बारिश, बुधवार को तेज बारिश और गुरुवार को भारी बारिश के आसार हैं। इससे तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी।

# नाथ मंदिरों का 14.91 करोड़ रुपये से होगा विकास

संवाददाता, बरेली/लखनऊ

- **मंत्री जयवीर सिंह बोले तपेश्वरनाथ, त्रिवटीनाथ, वनखंडी नाथ का होगा व्यापक विकास**

**अमृत विचार:** नाथ कॉरिडोर परियोजना के तहत बरेली क्षेत्र के प्रमुख नाथ मंदिरों के विकास के लिए 14.91 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि स्वीकृत की है। इसमें तपेश्वरनाथ मंदिर के सौंदर्यीकरण एवं विकास के लिए छह करोड़ रुपये, त्रिवटीनाथ मंदिर के लिए 4.72 करोड़ रुपये और वनखंडी नाथ मंदिर के आधुनिकीकरण और सौंदर्यीकरण के लिए 4.19 करोड़ रुपये की राशि शामिल है। मंदिरों के सौंदर्यीकरण से राज्य में आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा ।

यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने सोमवार को दी है । उन्होंने बताया कि इन मंदिरों के आकर्षण बढ़ाने के लिए पत्थरों को तराशा जाएगा। धौलपुर पत्थर की बेंचें स्थापित की जाएंगी। मंदिर परिसरों की बाहरी संरचनाओं को भी नए रूप में प्रस्तुत किया जाएगा, जिससे इन स्थलों की सुंदरता और आध्यात्मिक छवि और सशक्त होगी। मंदिर परिसरों को श्रद्धालुओं के लिए सुलभ और अनुकूल बनाने के लिए शेड, बैठने की व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल की सुविधा, मंदिरों के इतिहास व महत्व को दर्शाने वाले सूचना बोर्ड और प्रकाश व्यवस्था आदि शामिल है।

मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि नाथ कॉरिडोर परियोजना बरेली और आसपास के क्षेत्रों को देश के प्रमुख आध्यात्मिक पर्यटन स्थलों के रूप में स्थापित किया जा रहा है। वनखंडी नाथ मंदिर का विकास इस बात का प्रमाण है कि राज्य सरकार बरेली को सांस्कृतिक और धार्मिक पर्यटन का राष्ट्रीय केंद्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां आर्थिक विकास और आध्यात्मिक विरासत दोनों को समान रूप से बढ़ावा दिया जा रहा है।

# सिविल लाइंस में फ्लैश ओवर से डीटीआई की बिजली गुल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **ड्राइविंग लाइसेंस से संबंधित काम भी अटके, आवेदक हुए परेशान**
- **रामपुर बाग व मिशन सबस्टेशन की 33 केवी लाइन में भी फाल्ट**

**अमृत विचार :** सिविल लाइंस सब स्टेशन में सोमवार सुबह पैनल में चूहा घुसने की वजह से फ्लैश ओवर हो गया और बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। इसकी वजह से ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (डीटीआई) में 11:30 बजे तक ड्राइविंग लाइसेंस से संबंधित काम अटक गए और आवेदकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं रामपुर गार्डन और मिशन सबस्टेशन की 33 केवी लाइन में फाल्ट होने से भी दिक्कत रही। शहर के अन्य इलाकों में लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग से उपभोक्ता परेशान हुए।

इसके अलावा सुबह 7 बजे संजयनगर बाईपास फीडर ट्रिप होने से एक घंटे तक आपूर्ति बाधित रही। महानगर सबस्टेशन के मुंशीनगर में भी बिजली संकट रहा। मिशन सबस्टेशन के बड़ी बमनपुरी, सुभाषनगर के शांति विहार, सनसिटी के वीर सावरकरनगर, हरुनगला के रामगंगा नगर सेक्टर, ट्रांसपोर्टनगर आदि जगह पर भी बिजली गुल रही। कुतुबखाना और शाहदाना सबस्टेशन से जुड़े इलाकों में फेस नहीं आने की समस्या रही।



पोल पर फाल्ट ठीक करता कर्मचारी।

डीडीपुरम सबस्टेशन के संजयनगर में सोमवार दोपहर को बिजली गुल रही। सुभाषनगर सबस्टेशन के बदायूं रोड पर नेकपुर में पोल में करंट फैल गया। शिकायत के बाद कर्मचारी फाल्ट ठीक करने के लिए पहुंचे। सिविल लाइंस तृतीय सबस्टेशन के बालजती के पास शाम पांच बजे 11 हजार की लाइन का तार टूट जाने से आपूर्ति प्रभावित हो गई। शाम 6 बजे मिशन और रामपुर गार्डन में 33 केवी की लाइन फेल होने से 1 घंटे तक आपूर्ति प्रभावित रही। सिविल लाइंस में सोमवार शाम 7 बजे ट्रांसफार्मर का डियू उड़ने से संकट रहा।

### बारिश के बाद भी गहराया बिजली संकट

सोमवार रात 8 बजे शहर में बारिश शुरू होने के बाद अधिकतर जगह पर आपूर्ति को बंद कर दिया गया। लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग होने से उपभोक्ता परेशान होते रहे। कुतुबखाना के दर्जी चौक, बड़ा बाजार, शास्त्री मार्केट में ट्रिपिंग की समस्या रही। रजत विहार कॉलोनी 100 फुटा रोड पर लोकल फॉल्ट हो गया। इसी तरह डेलापीर, राजेंद्र नगर, शाहदाना, सिविल लाइंस थर्ड, बाकरगंज, हुसैन बाग, नदोसी सबस्टेशन के बंडिया, तिलियापुर, खना गौटिया, नकटिया, जगतपुर, हरुनगला, इज्जतनगर, डीडीपुरम, सीबीगंज, लोहिया विहार, सनसिटी, महानगर उपकेंद्रों के कई फीडरों पर ट्रिपिंग के चलते बिजली गुल हो गई।

# मौसम की मार ... ओपीडी में पेट और त्वचा रोगियों की भरमार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **जिला अस्पताल में पर्चा और दवा काउंटर पर बुजुर्ग हुए परेशान**
- **सोमवार को 1547 नए मरीजों का हुआ पंजीकरण**

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में सोमवार को ओपीडी में पेट और त्वचा रोगियों की संख्या अधिक रही। पर्चा से दवा काउंटर तक मरीजों की भीड़ दिखी। सबसे ज्यादा दिक्कत बुजुर्गों को हुई। 1547 नए मरीजों का पंजीकरण हुआ। इससे अधिक पुराने रोगी भी इलाज के लिए पहुंचे।

जिला अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. हरपाल सिंह के अनुसार बारिश के बाद उमस बढ़ रही है, ऐसे में खानपान का ध्यान न रखने के चलते पेट में दर्द, एसिडिटी समेत मरीजों में डायरिया के लक्षण मिल रहे हैं। त्वचा रोगियों की संख्या भी बढ़ रही है। ओपीडी में 120 पेट और 500 से अधिक त्वचा रोगी पहुंचे।



जिला अस्पताल के दवा काउंटर पर लगी मरीजों की कतार। ● अमृत विचार

**काउंटर बढ़ा, मगर कम नहीं हुई दिक्कतें :** डीएम के आदेश के बाद एक अतिरिक्त पर्चा काउंटर बढ़ने के बाद भी मरीजों की परेशानी कम नहीं हो रही है। सोमवार को पर्चा काउंटर पर बुजुर्ग को घंटों लाइन में लगना पड़ा। बुजुर्गों के काउंटर पर युवा जबरन घुस गए। इससे हंगामे की स्थिति बन गई। सुरक्षा कर्मियों ने युवाओं को लाइन से बाहर निकाला।

**दिव्यांग शिविर : व्हील चेयर तक नहीं मिली :** सोमवार को सीएमओ कार्यालय में आयोजित शिविर में भले ही दिव्यांगों की संख्या कम रही, लेकिन जो भी दिव्यांग यहां पहुंचे, उन्हें हर बार तरह अव्यवस्थाओं का सामना करना पड़ा। कई बुजुर्ग महिला दिव्यांगों को व्हील चेयर नहीं मिली, जिससे जमीन पर घिसटते हुए कार्यालय तक पहुंचीं।

### तीन सौ बेड अस्पताल में बायो केमिस्ट्री एनालाइजर से शुरू होंगी जांचें

**बरेली, अमृत विचार :** तीन सौ बेड अस्पताल में तीन दिन बाद बायोकेमिस्ट्री एनालाइजर से कई जरूरी जांचें शुरू हो जाएंगी। सीएमओ ने सोमवार को निरीक्षण के दौरान स्टाफ को जांचों के लिए जरूरी सामान मंगलवार तक मंगाने के निर्देश दिए। करीब डेढ़ साल से संचालित लैब में लगी जांच मशीनें खराब होने की वजह से मरीजों के सैंपल जांच के लिए जिला अस्पताल भेजे जा रहे थे। सोमवार दोपहर करीब 1 बजे सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने तीन सौ बेड अस्पताल की ओपीडी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सभी कक्षों में डॉक्टर और मरीज दिखे लेकिन परिसर में खराब आरओ के पास गंदगी पसरी मिली, जिस पर जिम्मेदार को सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। वह यहां संचालित पैथोलॉजी लैब पहुंचे तो उन्होंने यहां करीब डेढ़ माह पहले आई बॉयो केमिस्ट्री एनालाइजर मशीन से तीन दिन के भीतर जांचे शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जांच संबंधी जो भी सामान की आवश्यकता है उसे मंगलवार तक मंगा लिया जाए।



**पहले से मिल गई सूचना, नहीं तो नहीं मिलता स्टाफ :** दरअसल अस्पताल में आगामी जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक की तैयारियों को लेकर सभागार में बैठक प्रस्तावित थी, जिसके चलते सीएमओ के आने की सूचना पहले से ही स्टाफ के पास थी। इसलिए ड्यूटी पर मौजूद मिला।

## पुलिया का फाउंडेशन और स्ट्रक्चर तैयार, अब स्लैब डालने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बीसलपुर चौराहे पर पुलिया के बॉक्स कल्वर्ट का फाउंडेशन और स्ट्रक्चर तैयार करने के बाद अब स्लैब डालने की तैयारी चल रही है। दो से तीन में यह काम भी पूरा हो जाएगा। सोमवार को पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन भगत सिंह ने निर्माणाधीन पुलिया का मौका मुआयना किया। उन्होंने इंजीनियर को निर्धारित अवधि में काम पूरा करने के लिए निर्माण कार्य में और तेजी लाने के निर्देश दिए।

बीसलपुर पुलिया में छोटा पाइप होने की वजह से जगतपुर में नाला चोक हो जाता था। इससे सहसवानी टोला, आकाशपुरम, रोहली टोला, चक महमूद, नई बस्ती, एजाजनगर, चक महमूद नगर सहित नौ वार्डों में जलभराव होता। लोगों की इस समस्या के निस्तारण को नगर निगम पीडब्ल्यूडी को 84 लाख रुपये का बजट देकर पुलिया का निर्माण करा रहा है। एक्सईएन के मुताबिक कल्वर्ट बॉक्स तकनीक से पुलिया का निर्माण कराया जा रहा है। फाउंडेशन के बाद स्ट्रक्चर खड़ा कर दिया है। स्लैब डालने की तैयारी चल रही है। बारिश की संभावना देख ठेकेदार को काम की गति बढ़ाने और साइट इंजीनियरों को निगरानी के निर्देश दिए हैं।



पुलिया के निर्माण कार्य में लगे श्रमिक।

- **बीसलपुर चौराहे पर 84 लाख की लागत से हो रहा पुलिया का निर्माण**

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ



डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली



सैयद उम्मे कुलसुम
क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट
मिलने का समय
सोमवार-बुधवार
पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक एवं 6 से 8 बजे तक
गुरूवार-शनिवार
दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक

- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- पागलपन
- बेवजह शक, भ्रम चिन्ता करना
- शीघ्र पतन, तनाव न आना
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद, मेनिया
- नशे की आदत
- याद्दाश्त कम होना, डिमेंशिया
- बच्चों में चंचलता
- बिस्तर गीला करना
- नींद न आना, ज्यादा आना
- बार-बार हाथ धोना OCD

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।

संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

## राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक दिव्यांग करें आवेदन

**बरेली, अमृत विचार :** विश्व दिव्यांग दिवस पर दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों के नाम राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए आवेदन 31 जुलाई तक मांगे गए हैं। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी चमन सिंह ने बताया कि पुरस्कार के लिए अलग-अलग श्रेणियां निर्धारित की गई हैं, इसमें दक्ष दिव्यांग कर्मचारी, स्वनियोजित दिव्यांगजन के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांग के लिए सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता, सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेंट अधिकारी, एजेंसी के सेवायोजकों को राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन के निमित्त कार्यरत सर्वश्रेष्ट व्यक्ति, सर्वश्रेष्ठ संस्था, प्रेरणास्त्रोत के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार, दिव्यांगजन के जीवन सुधारने के निमित्त सर्वश्रेष्ठ नवीन अनुसंधान या उत्पाद के लिए, दिव्यांगजन के लिए बाधा मुक्त वातावरण के सृजन के लिए, दिव्यांगजन को पुनर्वास सेवाएं उपलब्ध कराने में सर्वश्रेष्ठ, सर्वश्रेष्ठ सृजनशील दिव्यांग वयस्क व्यक्तियों, सर्वश्रेष्ठ ब्रेलप्रेस के लिए, दिव्यांगजन के लिए सर्वोत्तम अनुकूल वेबसाइट, सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग खिलाड़ियों, दिव्यांजन सशक्तीकरण के लिए कार्यरत अधिकारी, कर्मचारी पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भाकियू का कमिश्नरी में जोरदार प्रदर्शन

## बरेली मंडल के चारों जिलों से बड़ी संख्या में पहुंचे किसान, कमिश्नर के आश्वासन पर शाम को धरना किया समाप्त

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार से त्रस्त भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के पदाधिकारियों ने सोमवार को कमिश्नरी पहुंचकर प्रदर्शन किया। उन्होंने पंचायत कर पुलिस और प्रशासन को जमकर घेरा।

मंडल के बदायूं, बरेली, पीलीभीत और शाहजहांपुर जिलों से पहुंचे किसानों ने अलग-अलग विभागों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि अपनी समस्याएं सिर्फ कमिश्नर को बताएंगे। कमिश्नर के नहीं आने पर किसानों ने रात भर धरने की चेतावनी दी। इस पर कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने भाकियू के एक प्रतिनिधिमंडल को कार्यालय में बुलाकर वार्ता की। इस दौरान मुख्यमंत्री को संबोधित 17 सूत्री मांगपत्र कमिश्नर को सौंपा। कमिश्नर ने अधिकांश मांगों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिसके बाद शाम करीब 5 बजे किसान नेता कमिश्नर के समझाने पर मान गए और वापस लौट गए। किसानों ने चेतावनी दी यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो 1 जुलाई से मंडल की सीमाएं बंद कर दी जाएंगी।

पिछले सप्ताह भाकियू के मंडल अध्यक्ष अरुण राठी ने मंडल के सभी जिलों के पदाधिकारियों से कमिश्नरी में पंचायत करने की घोषणा की थी। इसी के तहत सोमवार सुबह करीब 11 बजे से ही किसानों का कमिश्नरी में पहुंचना शुरू हो गया। मंडल अध्यक्ष अरुण राठी ने कमिश्नर को बताया कि हर विभाग में भ्रष्टाचार अपनी चरम सीमा पर है। गरीब और हाशिए पर खड़े किसानों की कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। बदायूं जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव मुड़िया सतासी निवासी हरिराम न्यायालय से मुकदमा जीत चुके हैं, बावजूद इसके पुलिस और प्रशासनिक अफसर उसकी जमीन पर कब्जा नहीं दिला रहे हैं।



कमिश्नरी परिसर में प्रदर्शन करते भाकियू के पदाधिकारी और किसान। ● अमृत विचार



कमिश्नर सौम्या अग्रवाल को समस्याएं बताते किसान।

### फर्जी मार्कशीट, गन्ना भुगतान और खाद की किल्लत का भी मुद्दा उठाया

किसानों ने खुसरो स्कूल के प्रबंधक शेर अली जाफरी की ओर से जिन छात्रों को फर्जी मार्कशीट दी गई, उनके पैसे वापस दिलाने, बहेड़ी की केसर शुगर मिल पर बकाया गन्ना किसानों का भुगतान, धान की रोपाई के समय डीएपी और एनपी खाद की भारी किल्लत को लेकर रोष जताया। इसी के साथ फतेहगंज पश्चिम के किसानों ने आरोप लगाया कि वैध कनेक्शन के बावजूद बिजली विभाग ने उनके खिलाफ फर्जी मुकदमे दर्ज कर जुर्माना लगाया है। वहीं, फतेहगंज ब्लॉक के रसूला चौधरी गांव में भूमि विकास बैंक की ओर से किसानों पर लोन की रकम से 10 गुना वसूली का आरोप लगाया गया। मीरगंज तहसील के होसेपुर गांव में धारा 67 लगाकर की गई आरसी की जांच, कानूनगो और लेखपाल पर छात्र योगेंद्र कुमार का ईडब्लूएस प्रमाणपत्र न बनाने का आरोप लगाया। वहीं पीलीभीत की कलिनगर तहसील में 181 एकड़ सीलिंग की जमीन पर भू-माफियाओं द्वारा कब्जा किए जाने का मुद्दा भी पंचायत में उठा। इस दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह रंधावा, प्रदेश उपाध्यक्ष मंजीत सिंह, जिलाध्यक्ष तेजपाल गंगवार, जिलाध्यक्ष पीलीभीत मंजीत सिंह, जिलाध्यक्ष शाहजहांपुर संदीप सिंह, जिलाध्यक्ष बदायूं रामचन्द्र, अंकित गंगवार आदि मौजूद रहे।

## किसानों का सीएआरआई में प्रशिक्षण शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान (सीएआरआई) में अनुसूचित जनजाति विकास कार्यक्रम के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक डॉ. अशोक कुमार तिवारी ने किया। यह प्रशिक्षण ग्राम टेढ़ाघाट खटीमा (उत्तराखंड) के लगभग 30 किसानों के लिए आयोजित किया गया है, जिनमें 18 महिलाएं और 12 पुरुष शामिल हैं। डॉ. दिव्या, डॉ. एमपी सागर आदि मौजूद रहे।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
IOL Master 700 द्वारा लैंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जाँच व उपचार
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)



डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai





मिलने का समय
(सोमवार से शनिवार)
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 8 बजे से 9 बजे तक
नाक, कान व गला की एन्डोस्कोपी फ्री
सुविधायें
- नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
- गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
- कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
- थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
- दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी

पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786

# बार सचिव पद पर उप चुनाव के लिए नामांकन 4 जुलाई से

विधि संवाददाता, बरेली

- प्रबंध कार्यकारिणी के प्रस्ताव पर चुनाव मंडल की बैठक बार सभागार में आयोजित

**अमृत विचार :** बरेली बार एसोसिएशन के सचिव वीरेंद्र प्रसाद ध्यानी के निधन के बाद रिक्त हुए सचिव पद पर उप चुनाव 22 जुलाई को कराने का निर्णय लिया गया है। जिसके लिए 4 और 5 जुलाई को नामांकन होंगे।

संयुक्त सचिव प्रकाशन रोहित यादव ने बताया कि सोमवार को बार की प्रबंध कार्यकारिणी के प्रस्ताव पर चेयरमैन एल्डर कमेटी केसी गुप्ता के निर्देश पर चुनाव मंडल की बैठक कचहरी स्थित बार सभागार में हुई। जिसमें चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की गई।

मुख्य चुनाव अधिकारी अश्वनी कुमार सक्सेना (राना) ने उप चुनाव कार्यक्रम घोषित किया। 4 और 5 जुलाई को दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक नामांकन होंगे। 7 जुलाई को दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच होगी। प्रत्याशी 8 जुलाई की दोपहर 2 से 4 बजे तक नामांकन पत्र वापस ले सकेंगे। अंतिम नामांकन सूची 9 जुलाई को चस्पा होगी। 22 जुलाई को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। इसी दिन शाम 5:30 बजे से मतगणना भी शुरू हो जाएगी। प्रत्याशियों को सचिव पद पर नामांकन के लिए 20 हजार रुपये फीस जमा करनी होगी। बैठक में यह भी निर्णय हुआ कि यदि कोई बार एसोसिएशन का वर्तमान पदाधिकारी इस उप-चुनाव में सचिव पद पर अपना नामांकन करवाना चाहता है तो उसको अपना त्याग पत्र नामांकन पत्र के साथ संलग्न करना होगा। इस रिक्त पद पर भी उप चुनाव 22 जुलाई को ही कराया जाएगा। ऐसे पदाधिकारी 1 जुलाई तक अपना त्याग पत्र चुनाव मंडल को प्राप्त करवा दें। विशम्भर कुमार आनन्द, राकेश कुमार सक्सेना, मो. जुबैर अमजद, रूप राम राना, अमजद सलीम आदि मौजूद रहे।

# कुपोषित बच्ची को देखने नहीं आए डॉक्टर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में कुपोषित बच्ची को भर्ती किया गया। बच्ची का कम वजन होने पर स्टाफ की ओर से सूचना एनआरसी में दी गई, मगर वहां के प्रभारी ने बच्ची की सुध नहीं ली।

आंवला के उरला गांव निवासी धर्मवीर की आठ माह की बच्ची परी को 20 जून को जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में भर्ती कराया गया। वह डायरिया से ग्रसित थी। महज दो ग्राम हीमोग्लोबिन था। स्टाफ ने उसे दो यूनिट ब्लड चढ़ाया। बच्ची का वजन सामान्य से कम 4 किलो 500 ग्राम था। स्टाफ ने बच्ची को एनआरसी में रेफर किया, मगर ब्लड चढ़ने के कारण परिजन उसे एनआरसी में नहीं ले गए। सूचना पर भी एनआरसी प्रभारी बच्ची को देखने नहीं आए।



बच्चा वार्ड में भर्ती कुपोषित बच्ची।

- जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड से आठ माह की बच्ची एनआरसी में की गई थी रेफर
- ब्लड चढ़ने के कारण परिजन बच्ची को नहीं ले गए, एनआरसी प्रभारी ने नहीं ली सुध

### स्टाफ को बेड फुल होने की दी गई जानकारी

बच्ची कुपोषण की श्रेणी में पाई गई तो बच्चा वार्ड के स्टाफ ने एनआरसी प्रबंधन से संपर्क किया। स्टाफ को जानकारी दी गई कि यहां सभी बेड पर बच्चे भर्ती हैं। स्वस्थ बच्चों को डिस्चार्ज प्रभारी करते हैं, लेकिन वह मौजूद नहीं है। इसलिए बेड खाली होने पर ही बच्चे को यहां भेजा जाए। सूत्रों के अनुसार सोमवार को एनआरसी प्रभारी ड्यूटी पर आए थे, लेकिन वह कुपोषित बच्ची को देखने नहीं गए।

> मामला संज्ञान में आने के बाद एनआरसी स्टाफ से जानकारी करने पर पता चला कि वहां बेड खाली नहीं है। हालांकि, वार्ड में बच्ची का इलाज चल रहा है। उसे ब्लड भी चढ़ाया गया है। एनआरसी प्रभारी ने बच्ची को क्यों नहीं देखा, इस पर उनसे जवाब तलब किया जाएगा। - **डॉ. अलका शर्मा**, एडीएसआईसी, जिला अस्पताल।

## पुलिस कर्मियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**बिथरी चैनपुर, अमृत विचार :** बिथरी चैनपुर थाने में सोमवार को एक निजी अस्पताल की ओर से शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें डॉक्टरों ने 45 पुलिसकर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवा वितरित की।

# मेयर ने कृष्णा नगर में दो सड़कों का किया लोकार्पण



सड़क का लोकार्पण करते मेयर डॉ. उमेश गौतम व मौजूद लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मेयर ने कहा- सड़क निर्माण से लोगों को आने-जाने में मिलेगी सहूलियत

**अमृत विचार:** नगर निगम ने कार्ययोजना बनाई है कि शहर की कोई भी गली कच्ची नहीं रहे। इस दिशा में काम किया जा रहा है। सभी वार्डों के कच्चे और खराब मार्गों को चिह्नित कर निर्माण कराया जा रहा है।

ये बातें सोमवार को मेयर डॉ. उमेश गौतम ने वार्ड नंबर 18 रेलवे कालोनी के कृष्णा नगर रोड नंबर सात के पास दो सड़कों के लोकार्पण के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि करीब 400 मीटर की आरसीसी सड़क का निर्माण होने जाने से लोगों की दिक्कत दूर होगी। मेरा प्रयास है कि सभी वार्डों में मूलभूत सुविधाओं का तेजी से विकास हो। इसके लिए अधिक से काम किए जा रहे हैं। पार्षद सुधा सक्सेना ने कहा कि विकास कार्य से स्थानीय लोगों को अब आवागमन में सुविधा होगी। इस दौरान उपसभापति सर्वेश रस्तोगी, विशाल मल्होत्रा, श्याम सुंदर उपाध्याय, राम राजा, दिवाकर राम सिंह, लीलाधर, महिला शक्ति के पुष्पा, महिला मोर्चा की मीडिया प्रभारी अंजू भारद्वाज, पार्षद पति पंकज सक्सेना, राजेश सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री आवास : सेल्फ सर्वे के 17 हजार से अधिक आवेदनों का सत्यापन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 25 हजार से ज्यादा लोगों ने खुद किया सर्वे, सर्वेयर कर रहे हैं सत्यापन
- रिछा, नवाबगंज, मझगवां और भदपुरा ब्लॉक सत्यापन में हैं पिछड़े

**अमृत विचारी :** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए साढ़े चार महीने से चले सर्वे में सूचीबद्ध किए गए लोगों के सत्यापन का कार्य शुरू हो गया है। सेल्फ सर्वे करने वाले 17 हजार से ज्यादा आवेदनों का अब तक सत्यापन हो चुका है, हालांकि कई ब्लॉक सत्यापन में काफी पीछे हैं। इसको लेकर पीडी डीआरडीए ने सर्वेयर को कार्य में तेजी लाने के आदेश दिए हैं।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए 1 जनवरी से सर्वे शुरू किया गया था। 15 मई तक हुए सर्वे में 63782 लोग सूचीबद्ध किए गए हैं। 38602 का सर्वे टीमों ने किया और 25180 लोगों ने सेल्फ सर्वे किया है। योजना में तीन चरणों में पात्रता के मानकों का चयन होगा। ब्लॉक स्तर पर 10 प्रतिशत का सत्यापन चेकर टीम करेगी। पांच प्रतिशत में बीडीओ और उनके समकक्ष अधिकारी होंगे और दो प्रतिशत का सत्यापन जिला स्तरीय टीम करेगी। सेल्फ सर्वे में शामिल लोगों का सत्यापन चल रहा है। सोमवार को जारी हुई रिपोर्ट के अनुसार 17349 लोगों का सर्वे हो चुका है, जिसमें सर्वेयर ने कमियां लगने पर 16 मामलों में आपत्तियां लगाकर चेकर के पास भेजी हैं। ब्लॉकवार रिपोर्ट के अनुसार आलमपुर जाफराबाद में 1396 में 1001, बहेड़ी में 828 में 793, भदपुरा में 2989 में 1591, भोजीपुरा में 396 में 396, भुता में 3389 में 2703, बिथरी चैनपुर में 520 में 292, फतेहगंज पश्चिमी में 1786 में 1173, क्यारा में 221 में 138, मझगवां में 2102 में 1079, मीरगंज में 1369 में 1045, नवाबगंज में 3776 में 2389, रामनगर में 944 में 810, रिछा में 2618 में 1181, शेरगढ़ में 1993 में 1931 लोगों का सर्वे पूरा हो गया है।

पीडी डीआरडीए चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि सत्यापन में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्र के लिए जिये और बलिदान हुए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** भाजपा के सिविल लाइंस स्थित कार्यालय पर महानगर कमेटी की ओर से सोमवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर संगोष्ठी आयोजित की गई। ब्रज प्रांत के क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्र के लिए जिये, राष्ट्र के लिए बलिदान हुए। उन्होंने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण भारत माता के चरणों में समर्पित कर दिया था।

दुर्विजय सिंह शाक्य ने कहा कि उन्होंने कहा था कि एक देश में दो विधान, दो निशान और दो प्रधान नहीं चलेंगे, यह कोई नारा नहीं था, यह उस तेजस्वी तपस्वी की हुंकार थी। सांसद छत्रपाल गंगवार ने कहा पिछली सरकारों ने वोट बैंक के लालच में धारा 370 को हटाने की हिम्मत नहीं की। भाजपा की सरकार ने जम्मू कश्मीर के लोगों के हितों के लिए यह फैसला लिया। यह सोच व विचार डॉ.श्याम प्रसाद मुखर्जी के थे, जिसे भाजपा ने साकार करने का काम किया। संचालन प्रत्तेश पांडे ने किया। महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, मेयर डॉ. उमेश गौतम, अनिल कुमार एडवोकेट, गुलशन आनंद, पं. राम गोपाल मिश्रा, डॉ. सीपीएस चौहान, डॉ. तृप्ति गुप्ता, प्रभु दयाल लोधी, विष्णु शर्मा, महानगर मीडिया प्रतिपाल सिंह, देवेंद्र जोशी, रेखा श्रीवास्तव, चित्रा मिश्रा, अतुल कपूर आदि मौजूद रहे।




संगोष्ठी में बोलते कासगंज के पूर्व जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी।

- ब्रज प्रांत के क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह ने संगोष्ठी को किया संबोधित

### हमेशा तुष्टिकरण की नीति का किया था विरोध

**बरेली, अमृत विचार :** भाजपा कार्यालय पर जिला कमेटी की ओर से हुई संगोष्ठी में मुख्य अतिथि कासगंज के पूर्व जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी कांग्रेस की मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति से असहमत होकर हिंदू महासभा से जुड़े थे। उस समय बंगाल में मुस्लिम लीग की सरकार ने जिस तरह विभाजनकारी राजनीति को हवा दी थी, जिसका उन्होंने कड़ा विरोध किया था। जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने नेहरू और इंदिरा गांधी की तुष्टिकरण नीति का सदैव खुलकर विरोध किया। सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, विधायक डॉ. डीसी वर्मा, डॉ. एमपी आर्य, एमएलसी बहोरन लाल मौर्य, रविन्द्र सिंह राठौर, पूरन लाल लोधी, प्रशांत पटेल, शिवमंगल राठौर, हरिशंकर गंगवार, डॉ. निर्भय गुर्जर, वीरपाल गंगवार, अंकित शुक्ला, अंकित माहेश्वरी, नीरेंद्र सिंह राठौर, तेजेश्वरी सिंह, श्रुति गंगवार, योगेश पटेल, नदीम उल हसन मौजूद रहे।

### विधानसभा क्षेत्रों में जनप्रतिनिधियों ने पौधे रोपे

**बरेली, अमृत विचार :** भाजपा महानगर ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर आयोजित प्रदेशव्यापी वृहद पौधरोपण अभियान के तहत विभिन्न जगहों पर पौधे रोपे। शहर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा नेता अनिल कुमार एडवोकेट ने आशुतोष सिटी, कैंट विधानसभा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल में विधायक संजीव अग्रवाल और मंडल अध्यक्ष कन्हैया राजपूत ने पौधे लगाए। इस दौरान अरविंद वर्मा, रूप किशोर लोधी, केशव गुप्ता, दीपक राठौर, नरेश पाल, कपिल आदि मौजूद रहे।

# बारिश में 10 करोड़ से बने सिंथेटिक ट्रैक पर भरा पानी

## स्पोर्ट्स स्टेडियम में ट्रैक के वाटर जंप में कचरे का जमाव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बारिश में स्पोर्ट्स स्टेडियम में करीब 10 करोड़ की लागत से बने सिंथेटिक ट्रैक में जगह-जगह पानी भर रहा है। इसकी वजह से खिलाड़ियों का अभ्यास प्रभावित हो रहा है।

ट्रैक पर ही बनी वाटर जंप में कचरा और गंदगी भी जमा है। खिलाड़ियों के अनुसार ठीक से जलनिकासी नहीं होने से समस्या हो रही है। ट्रैक के डी हिस्से का ढलान नाली की तरफ नहीं होने से इसमें पानी रुक जाता है। ट्रैक पर भी पहली तीन लेन छोड़कर कहीं-कहीं लेयर फूलने से उछाल मारती है, जो केवल भागने पर ही महसूस होती है। वर्तमान में ट्रैक पर दौड़ने वाले एथलीटों की संख्या 80 के पार है।

इस वर्ष मार्च में इस ट्रैक को तैयार किया गया था। लखनऊ स्तर की समिति की जांच के बाद ट्रैक को स्टेडियम को हैंडओवर किया गया था। कार्यदायी संस्था यूपी सिडको के अधिशासी अभियंता अमित बिष्ट ने बताया कि ट्रैक मानकों के अनुसार ही बनाया गया है। जांच में भी हर बार मानक ही देखे गए। अभी एक साल तक कंपनी इस ट्रैक का रख-रखाव देखेगी, जो कमी होगी वह पूरा करेगी।


स्पोर्ट्स स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रैक के डी हिस्सा में भरा पानी। ● अमृत विचार

● **अभ्यास करने में खिलाड़ियों को हो रही दिक्कत**


वाटर जंप में नहीं निकासी का इंतजाम।

**बारिश में भी जोश हाई...**


स्पोर्ट्स स्टेडियम में सोमवार को खिलाड़ियों के अभ्यास के दौरान तेज बारिश शुरू हो गई लेकिन उनका हौसला नहीं डिगा और उन्होंने दौड़ जारी रखी। ● हरदीप सिंह टोनी

## सार-संक्षेप

### दिल्ली के भजन गायकों ने भक्तों को किया भाव विभोर



**बरेली, अमृत विचार :** दिल्ली से आए भजन गायक मनीष चौहान और दीपेश सुनेजा ने सिकलापुर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में भजनों की प्रस्तुति देकर भक्तों को भावविभोर कर दिया। उन्होंने जय जगन्नाथ जय जगन्नाथ, जय बलभद्र जय सुभद्रा, जहां ले चलोगे वहीं मैं चलूंगा जहां नाथ रख लोगे वहीं मैं रहूंगा, जय राधे, मोहन हम तो बने तुम्हारे आदि भजन सुनाए। महामंत्री अनुज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राकेश गार्गिया, विकास अग्रवाल, विनोद अरोड़ा, समित अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, अनिल अरोरा, अशोक मौर्य आदि उपस्थित रहे।

### हरिशंकर जिलाध्यक्ष, मो. अशफाक बने जिला मंत्री



**बरेली, अमृत विचार :** मनोहर भूषण इंटर कालेज के सभागार में शिक्षणेत्तर कर्मचारी संयुक्त परिषद की जिला कार्यकारिणी का चुनाव हुआ, जिसमें सर्वसम्मति से हरिशंकर को जिलाध्यक्ष और मो. अशफाक अहमद को मंत्री चुना गया। इसके अलावा कोषाध्यक्ष फैसल, जिला संयोजक जितेंद्र मिश्रा, उपाध्यक्ष तिलक राम, सूरज प्रकाश श्रीवास्तव, अनिल कुमार, संगठन सचिव कोमल, प्रिया कश्यप, उप मंत्री प्रफुल्ल कुमार उपाध्याय चुने गए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी संजीव मेहरोत्रा, पर्यवेक्षक मुकेश सक्सेना, सह निर्वाचन अधिकारी मुशर्रफ खान की मौजूदगी में चुनाव हुआ। मुख्य अतिथि रेलवे मेंस कांग्रेस के मंडल मंत्री रजनीश तिवारी रहे। संरक्षक शैलेश कुमार सिंह ने पदाधिकारियों से कर्मचारी हित में लगन से काम करने की बात कही। नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष ने कहा कि जनपद के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की समस्याओं को हल कराना उनकी प्राथमिकता रहेगी। अरुण कुमार यादव, योगेश श्रीवास्तव,अमित सिंह, हरजीत सिंह, सूरयमनी, सलीम, कमलजीत सिंह, सत्यप्रकाश, विवेक, मुस्कान, हरीश मौर्य, सोहनलाल वर्मा आदि मौजूद रहे।

### भक्त प्रहलाद की कथा सुनकर भावुक हुए श्रद्धालु



**बरेली, अमृत विचार :** प्रभात नगर स्थित श्री सोमनाथ मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन सोमवार को कथा वाचक आचार्य शंभू नाथ योगी ने भक्त प्रहलाद की अटूट भक्ति और भगवान विष्णु का नरसिंह अवतार लेने की कथा सुनाई, जिसे सुनकर भक्त भावुक हो गए। भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिर प्रांगण को गुब्बारों और फूलों से सजाया गया। आयोजक प्रमोद अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, महेश अग्रवाल, दीपक भसीन, नीरज अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, अमित अरोरा, निरूपा अग्रवाल, निमित्त अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

### राम नाम धुनी से लेकर नवधा भक्ति पर की चर्चा



**बरेली, अमृत विचार :** श्री सनातन धर्म मंदिर में चल रहे 26 वें प्राण प्रतिष्ठा उत्सव का सोमवार को समापन हो गया। इस मौके पर दिल्ली की मौज फकीरा दी मंडल के मनीष चौहान और दीपेश सुनेजा ने राम नाम धुनी से लेकर नवधा भक्ति के नौ प्रकारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस कलयुग में भक्ति मार्ग ही एक ऐसा मार्ग है, जो सीधे प्रभु से साक्षात्कार करवा सकता है। उन्होंने श्रीकृष्ण के विट्ठल रूप की कथा सुनाई। बन जाऊं तेरी प्यारी तुझे प्यार करते करते, चले आओ मेरे प्रियतम तुम्हे ये मन बुलाता है, श्याम सुंदर अब तो हम आशिक तुम्हारे बन गए आदि भजन प्रस्तुत किए। सह सचिव अजय अरोड़ा ने बताया मंदिर निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने जा रहे हैं, इसलिए पूरे वर्ष हर माह विशेष कार्यक्रम होंगे। कमेटी के प्रधान कमल नयन सपरा, सन्नी कक्कड़, कैलाश गुलाटी, उमेश धमीजा, राकेश, विकास बंसल, जयदीप चांदना, सचिन नरूला, रजनीश चांदना, जगमोहन बांगा, राजीव वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### जागरूक रहें और वित्तीय धोखाधड़ी से बचें



**बरेली ,अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग में सोमवार को राष्ट्रीय वित्तीय शिक्षा केंद्र की ओर से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस दौरान राष्ट्रीय वित्तीय शिक्षा केंद्र के वित्तीय शिक्षा प्रशिक्षक रचित दीक्षित ने छात्र-छात्राओं को बताया कि हम किस प्रकार से वित्तीय धोखाधड़ी से बच सकते हैं, अपने धन का सही तरीके कैसे इस्तेमाल कर सकते हैं। कहा कि हमें अपने पैसों और अपने खर्चों के बीच सही तालमेल बैठाना चाहिए, जिससे हमारे बुढ़ापे के दिनों में आर्थिक रूप से कोई परेशानी न हो। जागरूक रहकर वित्तीय धोखाधड़ी से बचा जा सकता है। वित्तीय गतिविधि में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अध्यक्षता प्रधानाचार्या डॉ. प्रियंका ए मसीह और उप-प्रधानाचार्या डॉ. अनीता पी. ने की। आयोजन में असिस्टेंट प्रो. शिखा सिंह का सहयोग रहा।

## मां सरस्वती की प्रतिमा का अनावरण करेंगी कमिश्नर

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के पुस्तकालय में मां सरस्वती की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। कॉलेज प्रशासन के अनुसार 27 जून को मुख्य अतिथि कमिश्नर सौम्या अग्रवाल प्रतिमा का अनावरण करेंगी। इसके लिए कॉलेज में तैयारियां की जा रही हैं। प्रतिमा जयपुर से आई है।

## सामूहिक रुद्राभिषेक के प्रथम चरण में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़


सामूहिक रुद्राभिषेक के लिए जाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

● **गंगाजल और नंदी ध्वज के साथ निकाली शोभायात्रा**

● **त्रिवटीनाथ मंदिर में किया रुद्राभिषेक, गूंजे जयकारे**

**बरेली, अमृत विचार :** नाथ नगरी जलाभिषेक समिति की ओर से सामूहिक रुद्राभिषेक कार्यक्रम के प्रथम चरण में सोमवार को शोभायात्रा निकाली गई। बाबा त्रिवटीनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक कर बाबा का श्रृंगार किया गया।

सुबह अध्यक्ष बृजवासी अग्रवाल के निर्देशन में शहामतगंज मंदिर पर हनुमान चालीसा का पाठ कराया गया, जिसके बाद मंदिर से श्रद्धालु अपने वाहनों पर नंदी ध्वज लगा और माथे पर केसरिया पट्टी बांधकर और गंगाजल लेकर यात्रा में शामिल हुए। जलाभिषेक शोभायात्रा शंख ध्वनि के साथ शुरू हुई, जो गंगापुर चौराहा, मूर्ति नर्सिंग होम, मैकेनियर रोड, सूद धर्मकांटा होते हुए बाबा त्रिवटीनाथ मंदिर पहुंची। लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। त्रिवटीनाथ मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पंडित आशुतोष शर्मा ने सामूहिक रुद्राभिषेक कराया। गंगाजल, दूध, दही, शहद, धतूरा, वस्त्र, पुष्प, नंदी ध्वज आदि शिव को अर्पण कर श्रृंगार किया गया। इसके बाद भव्य आरती हुई। भक्तों ने भोले नाथ के जयकारे लगाए। समिति के मीडिया प्रभारी मनोज देवल ने बताया कि कार्यक्रम का दूसरा चरण 30 जून को होगा, जिसके तहत बाबा अलखनाथ नाथ मंदिर पर सामूहिक रूद्राभिषेक किया जाएगा। इस दौरान आशुतोष अग्रवाल, धर्मेश अग्रवाल, पंकज देवल, रितेश अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, रामस्नेही शर्मा, शोमित अग्रवाल, धर्मार्थ सक्सेना, रोहित अग्रवाल, कपिल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## आईवीआरआई दीक्षांत समारोह: राष्ट्रपति का मिनट टू मिनट कार्यक्रम जारी

**बरेली, अमृत विचार:** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के 30 जून को आईवीआरआई के दीक्षांत समारोह में आने का सरकारी कार्यक्रम सोमवार को जारी कर दिया गया।

नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार करीब 50 मिनट तक राष्ट्रपति आईवीआरआई में आयोजित दीक्षांत समारोह में रहेंगी। वह 30 जून की सुबह 9:50 बजे बीबीजे वायुयान से एयरफोर्स आएंगी। यहां से 10 बजे कार से आईवीआरआई पहुंचेंगी और करीब 10 मिनट आरक्षित रहने के बाद कार्यक्रम में 10:20 बजे से 11:10 बजे तक रहेंगी। राष्ट्रपति दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को उपाधियां और पुरस्कार वितरित करेंगी।

वहीं 25 जून को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का बरेली में चेंजओवर है। वह दिल्ली से हल्द्वानी आने-जाने के दौरान एयरफोर्स में चेंजओवर करेंगे। जिला प्रशासन ने वीवीआईपी कार्यक्रमों को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं।

# कम छात्र वाले स्कूलों को मर्ज करने की नीति का यूटा ने किया विरोध

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** कम नामांकन वाले परिषदीय विद्यालयों को बंद कर वहां के बच्चों को नजदीकी परिषदीय विद्यालय में मर्ज करने की नीति का शिक्षक संगठन विरोध कर रहे हैं। इस क्रम में सोमवार को यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) के जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट में सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री को सौंपा।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि शासन ने पचास से कम छात्र संख्या वाले बेसिक के विद्यालयों को पास के ही स्कूल में मर्ज करने के निर्देश दिए हैं। इससे जहां जनपद के 617 विद्यालय बंद होंगे। वहीं, गांव के गरीब छात्रों पर इसका असर पड़ेगा पड़ेगा। वे शिक्षा से वंचित रह जाएंगे। स्कूल मर्जर होने पर अभिभावक शायद ही अपने बच्चों को दो से चार किलोमीटर दूर पढ़ने भेजेंगे।

जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र पाल सिंह ने बताया आरटीई एक्ट के तहत 6 से 14 वर्ष के बच्चों को निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का प्रावधान है। नई व्यवस्था लागू करने से गांव में विद्यालयों के अभाव में बच्चे शिक्षा से वंचित हो जाएंगे। मर्जर प्रक्रिया का भविष्य में परिणाम नकारात्मक रहेंगे। जिला महामंत्री हरीश बाबू ने कहा कि विद्यालय बंद होने पर अध्यापकों के पद भी समाप्त होंगे। जिससे बेरोजगारी बढ़ेगी। रमेश मौर्य ने कहा कि यदि मर्जर प्रक्रिया पर रोक नहीं लगाई गई तो यूटा कोर्ट की शरण लेगा।

इस दौरान अरविंद गुर्जर, वीरेंद्र सिंह वीरू, रवि कुमार, राजेश कुमार सिंह, अभिषेक सिंह, विनोद कुमार, पुष्पेंद्र गंगवार, अंकित राज, राजेश कुमार, जसवीर सिंह, सत्यवीर पाल, देवराज भारती, सुरेंद्र पाल सिंह, पंकज सिंह दिनेश मौर्य, लखमीचंद, अरुण कुमार आदि मौजूद रहे।


सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते यूटा के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

● **रोक लगाने के लिए सीएम को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा**

### अलखनाथ मंदिर में 51 दीयों से की महाआरती



**बरेली, अमृत विचार :** बाबा अलखनाथ मंदिर पर शिव सैनिकों ने 51 दीयों के साथ प्रथम महा आरती कर श्रावण मास की सात नाथ आरती की शुरुआत की। जिला प्रमुख दीपक पाठक ने बताया कि शहर में महा आरती की शुरुआत 2006 में कुछ शिव सैनिकों ने की थी। सावन में नाथ महा आरती और जल अभिषेक परिक्रमा तीसरे सोमवार को संपन्न की जाएगी। उज्जैन से शनि शक्ति पीठाधीश्वर नारायण स्वामी और शैलेंद्र आनंद पहुंचे। इस मौके पर महानगर प्रमुख आयुष वर्मा, विश्व प्रताप सिंह, राजीव पांडे, अंकुर अग्निहोत्री, प्रभजोत, सुधा शर्मा, रेखा रस्तोगी, राकेश यादव, संजीव अवस्थी, अनिल मनी, भास्कर मिश्रा, सुरेंद्र लाला, प्रिंस चंद्र, शिवम उपाध्याय, विष्णु सिंह मौजूद रहे।

## एलएलबी द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा तिथि में बदलाव

**बरेली, अमृत विचार:** महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय ने 26 जून को होने वाली एलएलबी द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा तिथि में बदलाव कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक एलएलबी द्वितीय सेमेस्टर (पुराना एवं नया पाठ्यक्रम) के स्पेसिफिक कॉन्ट्रेक्ट्स के द्वितीय प्रश्नपत्र की परीक्षा, पहले 13 जून को आयोजित की जानी थी लेकिन इसे संशोधित कर 26 जून कर दिया गया था। अब इसमें बदलाव कर दिया गया है। अब परीक्षा 27 जून को पूर्व निर्धारित समय सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित की जाएगी। छात्रों को निर्देशित किया गया है कि वह अपना संशोधित प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर लें।

# योग कर निरोग रहने के लिए किया प्रेरित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज व कॉलेज ऑफ फार्मेसी की ओर से योग सप्ताह का भव्य आयोजन हुआ।

सात दिन चले आयोजन में 150 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया और पोस्टर मेकिंग, योग प्रदर्शन, निबंध लेखन, क्विज, स्लोगन लेखन एवं समूह योगाभ्यास जैसी विविध प्रतियोगिताओं में प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पोस्टर में योग फॉर वेलनेस विषय पर छात्रों ने अपनी रचनात्मकता प्रस्तुत की, जबकि निबंध लेखन में योग के आधुनिक जीवनशैली में महत्व पर विचार साझा किए। 120 से अधिक छात्रों ने सामूहिक योग प्रदर्शन में भाग लेकर अनुशासन और समर्पण का परिचय दिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि बीईयू कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य डॉ. पुष्पेंद्र कन्नौजिया और फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के प्राचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता ने योग की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. साक्षी भटनागर और डॉ. उरुसिया परवीन ने योग के चिकित्सीय लाभों को विद्यार्थियों से साझा किया। विशेष अतिथि आकांक्षा अवस्थी, सुजाता कटियार, गुलाफशां सैफी, महिमा तिवारी, अजय उपाध्याय, एनएसएस अधिकारी प्रशांत कुमार शर्मा और अंकित कुमार रहे, जिन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। विजेताओं को सम्मानित किया गया। बीआईयू की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने योग को संपूर्ण स्वास्थ्य का आधार बताया और संकाय को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी।


बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में योग करते शिक्षक व छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

● **योग सप्ताह के समापन समारोह में प्रतियोगिता के विजेता सम्मानित**


ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :-
7906732664
9897885429
8445507002

MAHARAJA AGRASEN MAHAVIDYALAYA, BAREILLY
Affiliated to MJP Rohilkhand University, Bareilly
MJPRU Registration Free
ADMISSION OPEN For Session 2025-26
M.Sc. (Physics, Chemistry Mathematics, Botany, Zoology)
B.Ed. | P.G.D.C.A. | B.Ed. | M.Com. | M.A.
B.Sc. (Biotechnology) | B.Sc. (PCM/ZBC) | BCA | BBA | B.A.
B.Sc. (Home Science) | B.Com. | B.Com. (Hons.)
Campus : 11th Km. Bareilly-Lucknow Road, Near Transport Nagar, Bareilly
9012937191, 9690002586

JYOTI COLLEGE of Management Science & Technology
Estd. 2000
NAAC B+ Accredited College
B.Sc. Nursing
M.Sc. Nursing
P.B.B.Sc. Nursing
College Code: 2430244
M.Ed.
B.Ed
G.N.M.
A.N.M.
D.P.T.
D.R. Optometry
D.M.L.T.
D.Pharma
Campus: Mudia Ahmad Nagar, Near Airport Gate, Pilibhit Road, Bareilly
Email: contact@jyoticollege.com | Web: www.jyoticollege.com
Ph.: 9219459111, 6395711513, 9837028420

वर्ष 1988 से खुसरो मैमोरियल ट्रस्ट द्वारा संचालित
खुसरो कॉलेज
स्लीपर रोड सी.बी.गंज, बरेली
फोन 7417587162, 8923928009
Courses Offered:
B.A., B.Sc, B.Com, B.B.A., BCA, M.Com, M.Sc. (Chemistry, Physics, Zoology, Botany, Mathematics) M.A. (English, Hindi, Economics) Sociology, Political Science, Urdu, Education, History
नोटः- इस वर्ष आधी फीस पर प्रवेश

SSVGI SHRI SIDDHI VINAYAK GROUP OF INSTITUTIONS
16 Years Educational Exellence
ADMISSION OPEN SESSION 2025-26
• SSVIT I B.Tech (CS • IT • ME • CE • EE • EC) | M.Tech (CS • ME)
• SSVIM I MBA • Int. MBA • BBA • BCA • B.COM • B.COM (H) B.SC (PCM) • B.SC (ZBC) • B.SC (Home Sci. • Biotech)
• SSVP I Polytechnic (ME(A) • ME(P) • IT • EC • EE • CE)
• SSVSN I GNM • ANM
• SSVIP I D.Pharma • B.Pharma
• SSVIPS I Diploma in Optometry • Emergency & Trauma care X-Ray Tech. • Dialysis • Physiotherapy • O.T. Tech.
Why Enroll @ SSVGI
• Career-Focused Education
• Best Placement In the Region
• High-Tech Academic Infrastructure
• Highly Experienced Faculty
20 LPA Highest CTC
4.5 LPA Average CTC
92% Placement in Past 5 Year
1200+ SSVGIians Placed in Top MNC's
2000+ Placement Offers
550+ Recruitment Partners
7599471145, 7599471144 | www.ssvgi.org
Campus: 10th Km Stone, Nainital Rd, Bareilly, U.P.
City Office: Avas Vikas Complex, Sheel Chauraha, Bareilly

## सार-संक्षेप

### नवनिर्वाचित बिशप सीजी दयानंद का स्वागत किया



**बरेली, अमृत विचार :** मेथोडिस्ट चर्च के नवनिर्वाचित बिशप सीजी दयानंद पत्नी सुकलथा दयानंद के साथ इज्जतनगर के सेंट पॉल्स मेथोडिस्ट चर्च पहुंचे। चर्च के मुख्य पादरी परमिंदर मैसी ने उनका स्वागत किया। इसके बाद बाइबल पाठ किया गया। शहर के अलावा बदायूं, सीतापुर, शाहजहांपुर, हल्द्वानी, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, चंपावत, पीलीभीत आदि स्थानों से आए लोगों और चर्च के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। पादरी सुनील मैसी, डॉ. डोनाल्ड बी, मैकरीना मैसी, प्रिमरोज एडमंड, मार्था रॉबर्ट, विशर्ड, विलियम दिलावर, पादरी वाइजे दास, पादरी अनुज मैसी, पादरी सचिन रॉबिंसन, मनोज मसीह, आनंद सैमसन, जगमोहन सिंह, अनिल लाल, सेंट पॉल्स चर्च के विजय बेनेट, अभिषेक पॉल, रोनी फिलिप, आशीष सिंह, जयदीप दास, एनोश चरन आदि मौजूद रहे।

### स्टेडियम को आरओ व वाटर कूलिंग मशीन भेंट की




**बरेली, अमृत विचार :** रोटरी क्लब ऑफ बरेली ने सोमवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम को आरओ व वाटर कूलिंग मशीन भेंट की। इससे खिलाड़ियों को स्वच्छ एवं शीतल जल मिल सकेगा। स्मार्ट सिटी के इंडोर हॉल में हुए कार्यक्रम की शुरुआत चीफ क्लब ट्रेनर डॉ. एके चौहान ने की। डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन एसोसिएशन ने रोटरी क्लब ऑफ बरेली का आभार जताया। अध्यक्ष सीएस अंकित अग्रवाल ने बताया कि रोटरी क्लब निरंतर समाज सेवा में अग्रसर है। सीएस निधि अग्रवाल, सचिव शरद मेहरोत्रा, पूर्व अध्यक्ष नरेश मलिक, आगामी अध्यक्ष डॉ. मनीष शर्मा, रोटेरियन एएस अग्रवाल, सुरेंद्र लाला, विमल अवल, विपिन गर्ग, अरविंद पठारिया, परीक्षित नागपाल, सचिन गुप्ता, सोहम अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### कार्यकारिणी के अध्यक्ष बने राजेंद्र पाल



**बरेली, अमृत विचार :** बरेली विकास प्राधिकरण की रामगंगानगर डोहरा रोड स्थित सेक्टर 3 आवासीय कॉलोनी में सोमवार को रामगंगानगर जन समिति की कार्यकारिणी का गठन हुआ। अध्यक्ष पद पर राजेन्द्र पाल को चुना गया। इसके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. राम प्रवेश शर्मा, उपाध्यक्ष चैतन्य स्वरूप, महासचिव ब्रह्मपाल सिंह, कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार, संगठन मंत्री डॉ. राकेश कुमार और मीडिया प्रभारी डॉ. धर्मेन्द्र सिंह को चुना गया। कार्यकारिणी के सदस्यों को शपथ ग्रहण कराते हुए उत्तरदायित्व भी सौंपे गये।

### विशेष स्वच्छता अभियान के तहत की सफाई




**बरेली, अमृत विचार :** वार्ड-35 रामपुर बाग क्षेत्र में सोमवार को विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वास्थ्य विभाग और स्वच्छ भारत मिशन की टीम ने नगर निगम मार्केट से अभियान की शुरुआत कर पटेल चौक तक सफाई की। इसमें प्रमुख रूप से सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई और लोगों को स्वच्छता के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए जागरूक किया गया। स्वच्छता अभियान में जोनल सेनेटरी अधिकारी विमल कुमार मिश्रा, सफाई निरीक्षक पूर्णिमा सक्सेना, एसबीएम के जोनल इंचार्ज अंकिता पांडेय आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

## पुरानी रोडवेज बसें कार्यशाला में भेजी जाएंगी

**बरेली, अमृत विचारः** परिवहन निगम की पुरानी बसें नीलाम न कर कानपुर स्थित कार्यशाला भेजी जाएंगी। इस संबंध में प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने आदेश दिया है। मुख्यालय ने इन बसों को नीलाम करने की योजना स्थगित कर इलेक्ट्रिक बसों में तब्दील करने का निर्णय लिया है। बरेली रीजन में पुरानी बसों को चिह्नित कर भेजने की तैयारी शुरू कर दी गई है।

आरएम दीपक चौधरी ने बताया कि पुराने नियमों के तहत 10 साल पुरानी या 11 लाख किमी चल चुकी बसों को नीलाम किया जाता है। दो महीने पहले ही बरेली रीजन की करीब 82 बसें नीलाम की गई थीं। इनमें सबसे अधिक बरेली और रुहेलखंड डिपो की थीं। इनकी जगह नई बसें भेजी जा चुकी हैं। प्रबंध निदेशक के आदेश के बाद अब पुरानी डीजल वाली बसों को नीलाम न कर इलेक्ट्रिक बसों में तब्दील करने के लिए कानपुर स्थित परिवहन निगम की कार्यशाला में भेजा जाएगा। प्रक्रिया में बसों की चेसिस और चेसिस नंबर वही रहेगा। केवल बस की पुरानी बॉडी को बदल डीजल इंजन की जबह इलेक्ट्रिक मोटर और बैटरी लगाए जाएगी।

# लीलौर झील को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की तैयारी

## डीएम ने टास्कफोर्स के अधिकारियों के साथ की बैठक

कार्यालय संवाददाता, बरेली




कलेक्ट्रेट सभागार में अफसरों के साथ बैठक करते डीएम अविनाश सिंह।

**अमृत विचारः** डीएम अविनाश सिंह ने लीलौर झील को धार्मिक एवं आध्यात्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए गठित टास्कफोर्स के अधिकारियों के साथ सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। उन्होंने निर्देश दिए कि गंदा पानी झील में न जाने पाए और गंदे पानी की निकासी के लिए नाले को ठीक कराएं। इसके साथ ही ग्रामीणों को भी झील के किनारे साफ-सफाई रखने को जागरूक करें।

डीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री के आदेश के तहत आंवला के रामनगर स्थित लीलौर झील को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए अधिकारियों की कमेटी गठित की है। उन्होंने कहा कि पांडव और यक्ष संवाद की साक्षी महाभारत कालीन लीलौर झील को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की अपार संभावनाएं हैं। यहां बड़ी संख्या में प्रवासी पक्षी भी आते हैं, जो इसके आकर्षण को बढ़ाते हैं। उन्होंने एसडीएम आंवला को निर्देश दिये कि झील के पुनरुद्धार के लिए जो भी कार्य मनरेगा से कराया जाना है, उसका स्टीमेट तैयार कराएं। सड़कें सही कराएं। जहां इंटरलॉकिंग टूट गई है, उसे सही कराएं। संबंधित गांवों के प्रधानों को निर्देश दें कि क्षेत्र के आसपास साफ सफाई के लिए लोगों को जागरूक करें। उन्होंने एसडीएम को निर्देश दिये कि हमारा यही प्रयास है कि इसे पौराणिक स्थल के रूप में बनाया जाए। विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि झील में ट्यूबवेल लगाने के लिए उचित स्थान का चयन कर लें। वन विभाग से कहा कि झील के किनारे पेड़ पौधे आदि लगाकर उसका सौंदर्य बढ़ाएं। जो भी कार्य करें, उसकी गुणवत्ता उचित रखें। सीडीओ देवयानी, एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह, एसडीएम आंवला नहने राम आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

### झील के सौंदर्यीकरण का काम आज से होगा

**आंवला, अमृत विचार :** लीलौर झील को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए मंगलवार से कार्य का शुरू होगा। सोमवार को एसडीएम एनराम ने तहसील अधिकारियों के साथ झील पर पहुंचकर संबंधितों को दिशा निर्देश दिए। लीलौर झील का 8 जून को डीएम अविनाश सिंह, सीडीओ देवयानी ने निरीक्षण किया था।

## सानू को मिस्टर और फिजा खान को मिस फेयरवेल चुना




फेयरवेल पार्टी में छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● बीआईयू कॉलेज ऑफ फार्मेसी में फेयरवेल पार्टी का आयोजन

**अमृत विचारः** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के बीआईयू कॉलेज ऑफ फार्मेसी में सोमवार को भव्य फेयरवेल पार्टी का आयोजन हुआ, जिसमें सीनियर छात्रों को विदाई दी गई। यह अवसर भावनाओं, संस्कृति और रंगारंग प्रस्तुतियों से भरपूर रहा।

विद्यार्थियों ने राधा-कृष्ण की भाव-भंगिमाओं में सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान मिस फेयरवेल बी-फार्मा की छात्रा फिजा खान और मिस्टर फेयरवेल डी-फार्मा के छात्र सानू खान चुने गए। रनर-अप के रूप में डीफार्मा की निकिता और बीफार्म के आदित्य को सम्मानित किया गया। बेस्ट परफॉर्मेंस का पुरस्कार बीफार्म की छात्रा शालू, छात्र हिमांशु और सुमित को उनकी शानदार प्रस्तुतियों के लिए दिया गया। शिक्षकों ने अनुभव साझा करते हुए भविष्य के लिए प्रेरणा दी। प्राचार्य डॉ. पुष्पेन्द्र कन्नौजिया ने छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। संचालन बीफार्म द्वितीय वर्ष की छात्रा स्मृति पाठक और अंजलि वर्मा ने किया। मुख्य समन्वयक डॉ. योगेन्द्र सिंह और सुमन का विशेष योगदान रहा। सह-समन्वयक अनुराग भारती ने आभार जताया। कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने अपने संदेश में सभी छात्रों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## बरेली कॉलेज में 21 जुलाई से शिक्षकों का ओरिएंटेशन प्रोग्राम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● एनईपी 2020 की बुनियादी जानकारी दी जाएगी, पहले बैच में सौ शिक्षक होंगे शामिल

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए बरेली कॉलेज में शिक्षकों का ओरिएंटेशन प्रोग्राम 21 जुलाई से शुरू किया जा रहा है। इसमें पहले चरण में कॉलेज के सौ शिक्षकों को शामिल किया जाएगा। प्राचार्य प्रो. ओपी राय के निर्देशन में आयोजित होने वाले कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को नई शिक्षा नीति की मूल अवधारणाओं और लक्ष्यों से अवगत कराना है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशेषज्ञों की ओर से एनईपी 2020 के तहत उच्च शिक्षा में लाए जा रहे बदलावों पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इसमें मल्टी-डिसिप्लिनरी एजुकेशन, क्रेडिट सिस्टम, चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम, कौशल विकास, शोध आधारित शिक्षा और डिजिटल लर्निंग जैसे विषयों को शामिल किया गया है। कॉलेज प्रशासन के अनुसार कार्यक्रम का आयोजन चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा ताकि सभी विभागों के शिक्षकों को इसमें भाग लेने का अवसर मिले। प्राचार्य प्रो. राय ने बताया कि एनईपी केवल पाठ्यक्रम में बदलाव नहीं है, बल्कि यह शिक्षण पद्धति, मूल्यांकन प्रणाली और छात्र केंद्रित शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि जब तक शिक्षक नीति को गहराई से नहीं समझेंगे, तब तक इसका लाभ विद्यार्थियों तक नहीं पहुंच पाएगा। इसलिए यह ओरिएंटेशन बेहद जरूरी है। कार्यक्रम की समन्वयक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण में भाग लेने वाले शिक्षकों को प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। कार्यक्रम यूजीसी के दिशा-निर्देशों के अनुरूप आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण सत्र कॉलेज के सभागार में आयोजित होंगे।

### निर्माण कार्य का विरोध करने पर महिला को पीटा

**बरेली, अमृत विचार :** मकान पर जबरन निर्माण कराने के विरोध पर महिला के साथ मारपीट की गई। महिला की तहरीर पर थाना बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ख्वाजा कुतुब पश्चिम निवासी ममता देवी ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2011 में ख्वाजा कुतुब पश्चिमी में एक मकान खरीदा था। उनकी अनुपस्थिति में मोहल्ले के ही शैलेश रस्तोगी, स्मिता रस्तोगी और हर्षित रस्तोगी ने गैलरी को तोड़कर चौड़ाई और ऊंचाई कम कर दी। उन्होंने दीवानी न्यायालय में वाद दायर किया।

## मकान के आगे सीढ़ी तोड़ने पर विवाद, रिपोर्ट दर्ज

**बरेली, अमृत विचार :** मकान के आगे सीढ़ी तोड़ने पर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। थाना बिथरी चैनपुर पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आलमपुर गजरौला निवासी शकील हुसैन ने बताया कि 19 जून को उसके पिता अपने दरवाजे के सामने बैठे थे, तभी उनके पड़ोसी कौसर हुसैन, अनीस हुसैन, तस्लीम हुसैन, मैशर हुसैन, सोएब हुसैन और निजाकत हुसैन ने उनके दरवाजे की सीढ़ी तोड़ दी। उनके पिता सगीर हुसैन ने विरोध किया तो उनके साथ गालीगलौज और मारपीट की। उन्होंने यूपी 112 को कॉल करके पुलिस को बुला लिया। गांव के प्रधान कयामुद्दीन ने उन्हें समझा दिया और प्रार्थना पत्र नहीं देने दिया। 20 जून को तस्लीम, मैसर और शुएब दरवाजे पर आकर गालीगलौज की और उनकी मां को डंडों से मारा। शिकायत पर बिथरी चैनपुर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं दूसरे पक्ष की रेशमा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि पड़ोसी सगीर हुसैन, शकील हुसैन सलमान, शहनाज ने अपने घर के सामने अवैध तरीके से चकरोड पर सीढ़ी का निर्माण करा रहे हैं। जब उन्होंने विरोध किया तो मारपीट की। उनकी बेटी नाजिश को भी चोट आई है।

# एक साल में 10 करोड़ से अधिक का छिपाया टर्नओवर, 45 लाख किए जमा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● जीएसटी एसआईबी की जांच में मनोरंजन पार्क में पौने दो करोड़ की कर चोरी का पकड़ा गया मामला

**अमृत विचार :** पीलीभीत बाईपास स्थित एक मनोरंजन पार्क में जीएसटी विभाग ने सर्वे पूरा कर लिया है। जांच में एक साल में 10 करोड़ से अधिक के टर्नओवर छिपाने का मामला पाया गया। इस पर लगभग दो करोड़ की कर चोरी निर्धारित होगी। मौके पर 45 लाख रुपये जमा करा दिए हैं।

अपर आयुक्त राज्यकर ग्रेड-1 ओपी तिवारी के निर्देश पर शनिवार को डिप्टी कमिश्नर एसआईबी अनिरुद्ध सिंह की अगुवाई में 12 सदस्यीय टीम पीलीभीत बाईपास स्थित फनसिटी में सर्वे करने के लिए पहुंची। डिप्टी कमिश्नर के अनुसार विभाग ने लिखापढ़ी करते हुए सोमवार को रिपोर्ट जारी की। उसके अनुसार एक ही जीएसटी नंबर पर एक वाटर पार्क, एक बैंक्वेट हाल, 2 पेट्रोल पंप समेत अन्य मनोरंजन सर्विसेज का संचालन किया जाता है।

फर्म ने एक वर्ष में 53 करोड़ की बिक्री दिखाई थी, इसमें से 50 करोड़ की बिक्री कर मुक्त दिखाते हुए पूरी बिक्री पर सिर्फ 38 लाख कर जमा किया था। अभिलेखों की जांच और तथ्यों के आधार पर पाया कि 10 करोड़ से भी अधिक टर्नओवर को छिपाया गया है। इस आधार पर करीब पौने दो करोड़ की कर चोरी पाई गई है। व्यापारी की ओर से मौके पर 45 लाख रुपये सरकारी खजाने में जमा कर दिए गए हैं। जांच टीम के मुताबिक टर्नओवर में संदेह को लेकर जीएसटी विभाग के अधिकारी एक माह से रेकी कर रहे थे।

टीम ने पाया कि वाटर पार्क में प्रवेश करने के लिए टिकट के स्थान पर 650 रुपये का एक बैंड दिया जाता है। वाटर पार्क में दाखिल होते समय बैंड हाथ में बांधते हैं और फिर निकाल लेते हैं, इससे कोई रिकार्ड ग्राहक के पास नहीं रहता। इससे बिक्री घोषित नहीं हो पाती। ऐसा करके 18 प्रतिशत का टैक्स बचाया जाता है। वाटर पार्क के भीतर लॉकर लेने पर एक टोकन का 50 रुपये लिया जाता है।

### इतने से तो खर्च निकला मुश्किल

डिप्टी कमिश्नर अनिरुद्ध सिंह के अनुसार मौके पर मिले अभिलेखों को सर्च वारंट के माध्यम से सीज कर दिया। व्यापारी ने एक साल में बैंक्वेट हाल में सिर्फ 10 कार्यक्रम होने की बात कही गई, मगर इतने कम कार्यक्रम से तो बैंक्वेट के रनिंग खर्चे निकलना मुश्किल है। बिजली विभाग और अन्य संस्थानों से सूचना एकत्रित कर टैक्स चोरी का आंकलन किया जा रहा है। वाटर पार्क से बाहर निकलने वाले ग्राहकों की गिनती की तो सिर्फ एक ही दिन में 650 वाले 1168 बैंड की बिक्री होनी पाई गई, इससे अनुमानित 7 .5 लाख रुपये की आय हुई। जबकि झूले, एम्यूजियम पार्क, कॉस्टयूम, पॉर्किंग, बैंक्वेट हाल और लाकर की बिक्री अलग से है। काउंटरों पर एक दिन में करीब 15 लाख की धनराशि की अलग-अलग स्रोतों से आनी पाई गई। इसे सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। अपर आयुक्त राज्यकर ग्रेड-1 ओपी तिवारी ने बताया कि शासन के करचोरी के विरुद्ध सख्त रवैये को देखते हुए भविष्य में इस तरह की जांचों में वृद्धि की जाएगी। लोग प्रत्येक स्थल पर बिल अवश्य लें। इससे टैक्स चोरी रोकने में मदद मिलेगी।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
FOPS BAREILLY Towards Professional Excellence
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Admission Open
Session 2025-26
Courses
■ BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
■ BRIT (Intake-80 Seats)
■ BPT (Intake-40 Seats)
■ B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
■ BOTT (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
■ MPT (Intake-20 Seats)
■ MMLS (Intake-20 Seats)
FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
■ B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
■ Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)
Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
■ Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
■ Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

## शादी के बाद बना शिक्षक तो पत्नी से मांगा 50 लाख का दहेज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● जिंदा जलाने की कोशिश का भी आरोप, पति और ससुराल वालों पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** एक शिक्षक पर दहेज में 50 लाख रुपये मांगने और पत्नी को तेल डालकर जिंदा जलाने की कोशिश का आरोप लगा है। राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा के आदेश पर थाना इज्जतनगर पुलिस ने पति समेत सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

बिहारमान नगला निवासी कुसुम ने बताया कि उसकी शादी कैंट थाना क्षेत्र के कांधरपुर निवासी आलोक कुमार भास्कर के साथ 18 जुलाई 2018 को हुई थी। शादी में परिजनों ने 11 लाख रुपये, एक मोटरसाइकिल समेत काफी सामान दिया। शादी के दो महीने तक सब कुछ ठीक रहा। उसके बाद उसके पति की सरकारी शिक्षक की नौकरी लग गई। इसके बाद पति समेत पूरे परिवार का व्यवहार बदल गया। ससुराल वालों ने कहा कि उसके बेटे की शादी आ रही है, उसमें उसे 70 लाख रुपये मिल रहे हैं। ऐसे में 50 लाख रुपये अपने घरवालों से लाकर दे दो तो नहीं तो तलाक दिलवा दिया जाएगा। विरोध करने पर 10 मई को उसे घर में तेल डालकर जिंदा जलाने की कोशिश की गई। वह किसी तरह जान बचाकर अपने मायके पहुंची। घर वाले उसे लेकर ससुराल पहुंचे और काफी समझाया। जिस पर ससुराल वालों ने फिर से 50 लाख रुपये की मांग की। असमर्थता जताई तो मारपीट कर पूरे परिवार को जिंदा जलाने की धमकी दी। महिला शिकायत लेकर इज्जतनगर थाने पहुंची, जहां से उसे भगा दिया गया। इस पर मामले की शिकायत महिला आयोग में की गई। अब महिला आयोग के निर्देश पर पति, ससुर श्यामलाल, सास प्रभा देवी, देवर प्रवीन, ननद रीना, रीता समेत एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### जमीन के सौदे के नाम पर साढ़े तीन लाख ठगे

**बरेली, अमृत विचार :** किला थाना क्षेत्र में जमीन के सौदे के नाम पर एक हलवाई से साढ़े तीन लाख रुपये की ठगी कर ली। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। घेर शेख मिट्ठू मलूकपुर निवासी अजहर समी ने बताया कि वह कैंसर पीड़ित हैं। लगातार इलाज के कारण उन पर कर्ज हो गया। उन्होंने कर्ज चुकाने के लिए अपनी दुकान गद्दी मोहल्ला तांगा वाली गली निवासी इमरान को बेची थी। जब उन्होंने इमरान से बैनामा कराने और बची रकम देने को कहा तो वह मुकर गया। साथ ही सौदा रद्द करने को कहा। बयाना वापसी की मांग करने पर जब उन्होंने असमर्थता जताई तो आरोप है कि इमरान ने दबाव बनाकर 11 लाख रुपये में नया एग्रीमेंट करा लिया। आरोप है कि सात महीने बाद आरोपी ने दबाव बनाकर 11 लाख रुपये कीमत का बैनामा करा लिया, लेकिन उसमें से 50 हजार रुपये रोक लिए।

## छात्रा से छेड़छाड़ करने वाला भेजा जेल

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर थाना क्षेत्र में नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले युवक को पुलिस ने सोमवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। शनिवार को कोचिंग सेंटर जा रही नाबालिग छात्रा के साथ एक बाइक सवार युवक ने अश्लील हरकत की थी। पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान मुसब्बिर (22) निवासी मठ कमल नयनपुर थाना इज्जतनगर के रूप में की थी। रविवार देर शाम पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी कर्मचारीनगर में कश्मीरी कोठी के पीछे एक बाग में छिपा है। पुलिस ने उसे मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया था।

## सरदार जी-3 मूवी में पाकिस्तानी अभिनेत्री होने पर भड़के शहाबुद्दीन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● सरकार से फिल्म पर रोक लगाने और डायरेक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार :** पाकिस्तानी अभिनेत्री हानिया आमिर के साथ फिल्म 'सरदार जी 3' का ट्रेलर रिलीज करने के बाद पंजाबी सिंगर एवं अभिनेता दलजीत सिंह दोसांझ विवादों में घिर गए हैं।

पहलगाम हमले के बाद भारत-पाक के बीच पैदा हुए हालात के बीच लोग भारतीय फिल्म में पाकिस्तानी अभिनेत्री हानिया आमिर के काम करने पर विरोध जता रहे हैं। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन ने भी विरोध जताते हुए कहा कि क्या दलजीत को भारत में कोई अभिनेत्री नहीं मिली। मौलाना शहाबुद्दीन ने कहा कि पाकिस्तानी अभिनेत्री को लेकर भारत में गलत संदेश जा रहा है। उन्होंने लोगों से सरदार जी-3 मूवी नहीं देखने की अपील की है। वहीं सरकार से इस फिल्म पर तत्काल रोक लगाने और दलजीत दोसांझ के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि पहलगाम की आतंकी घटना के बाद भारत पाकिस्तान के बीच जंग के हालात पैदा हो गए थे। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देकर पाकिस्तान के अंदर आतंकवादी अड्डों को नष्ट किया था।

## जनप्रतिनिधियों व अफसरों ने किया पौधरोपण

कार्यालय संवाददाता, बरेली



पौधरोपण करते डीएम अविनाश सिंह, साथ में सीडीओ देवयानी व अन्य अफसर।

**अमृत विचार :** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर वन विभाग की ओर से सोमवार को पौधरोपण कार्यक्रम 'एक पेड़ मां के नाम' 2.0 का आयोजन हुआ। इज्जतनगर स्टेशन के पास रेलवे भूमि पर विधायक, डीएम के साथ अन्य अधिकारियों ने पौधरोपण किया। कार्यक्रम की शुरुआत कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने अमलतास के दो पौध रोपकर की। डीएम अविनाश सिंह, सीडीओ देवयानी, नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, बीडीए उपाध्यक्ष मनिकंडन ए, रुहेलखंड जोन के मुख्य वन संरक्षक पीपी सिंह, कैंट बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रविन्द्र नंदलाल, रक्षा संपदा अधिकारी शिल्पा ग्वाल, अनिल सक्सेना ने भी पौधे रोपे। डीएफओ दीक्षा भंडारी ने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को पौधे भेंट किए। आईटीबीपी के जवान, इको क्लब के सदस्य, स्कूली बच्चे, विभागीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। इस दौरान करीब 520 पौधे रोपे गए।

## एक नजर

### बैंक आए किसान की तबीयत बिगड़ने से मौत

क्योलड़िया, अमृत विचार : बैंक से रुपये निकालने आए एक किसान की फार्म भरने से पहले तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। यह देख वहां मौजूद बैंक कर्मचारियों और ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। जानकारी होने पर पहुंचे परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए ही अंतिम संस्कार कर दिया। गांव मौजम नगला ठाकुर दास निवासी किसान जानकी प्रसाद (65) सोमवार को सुबह 11:30 बजे बैंक में रुपया निकालने आए थे। पैसे निकालने के लिए फार्म भरने जा रहे थे। इसी दौरान कुछ असहज होने पर बैंक के बाहर पत्थर बेंच पर बैठ गए और फिर उठ नहीं सके। यह देख वहां मौजूद ग्रामीणों और बैंक कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। बैंक में तैनात पुलिस कर्मियों ने भी थाना प्रभारी को सूचना नहीं दी। ग्रामीण रमेश ने मृतक की पहचान कर परिवार वालों को सूचना दी। रोते बिलखते बैंक आए परिजन शव को लेकर घर चले गए और शाम को अंतिम संस्कार कर दिया।

### टेंपो चालक पर रिपोर्ट

आंवला, अमृत विचार : टेंपो की टक्कर से एक बाइक सवार घायल हो गया था, जिसका इलाज चल रहा है। घायल की पत्नी ने हादसे की रिपोर्ट दर्ज कराई है। खरगपुर गांव निवासी यशोदा ने बताया 6 जून को उसके पति विजेन्द्र बाइक से आंवला से घर लौट रहे थे। आंवला बदायूं रोड के एक कोल्ड स्टोर के समीप एक टेंपो ने उन्हें टक्कर मार दी।

### दंपती को टक्कर मारने वाले चालक पर रिपोर्ट

कैंट, अमृत विचार : थाना भमोरा क्षेत्र के रफियाबाद चांड़पुर अड्डा निवासी राजकुमार ने बताया 13 जून को उनके बड़े भाई देशपाल यादव और भाभी नन्ही बाइक से बुखारा फरीदपुर मार्ग पर स्थित सिद्ध बाबा मंदिर में प्रसाद चढ़ाने जा रहे थे। कैंट के गांव मिर्जापुर के पास फरीदपुर की तरफ से बगैर नंबर प्लेट की बाइक के चालक ने गलत दिशा में आकर उनके भाई और भाभी को टक्कर मार दी, दोनों घायल हो गए। उनके भाई का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। आरोपी वाहन चालक की पहचान अनुज कश्यप निवासी मिर्जापुर थाना कैंट के रूप में हुई है। घायल के भाई राजकुमार ने कैंट थाने में सोमवार को आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# शाहगढ़ तिराहे पर सड़क निर्माण अधूरा छोड़ा, लोग हो रहे परेशान

## रात में हाईवे से उतरते समय बाइक चालक हो रहे हादसे का शिकार

संवाददाता, बहेड़ी

अमृत विचार: शाहगढ़ तिराहे से नगर को आने वाले मार्ग को फोरलेन कंपनी ने अधूरा छोड़ दिया, जिससे वाहनों को आने-जाने में दिक्कत होती है। अक्सर बाइक चालक फिसलकर गिरकर घायल हो जाते है। इसे बनवाने के लिए भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह चौधरी ने मंत्री जितिन प्रसाद को पत्र लिखा है।

भाजपा नेता ने पत्र के माध्यम से बताया है फोरलेन कंपनी वाहनों से भरपूर टोल वसूल रही है, मगर इस पर चलने वाले वाहनों को कोई सुविधा नही दे रही है। किच्छा से आने पर शाहगढ़ तिराहे से बहेड़ी नगर को अंदर आने वाली सड़क को नहीं जोड़ा गया है। जिससे वहां उबड़ खाबड़ ढाल होने की वजह से लोग बाइक से गिर पड़ते है और बड़े वाहनों को नगर में आने में दिक्कत होती है। लोग कई बार इस मुद्दे को उठा चुके है। तहसील समाधान दिवस में भी शिकायत की गई। लेकिन अधिकारियों के कान पर भी जूं नही रेंगी।



तिराहे पर उबड़-खाबड़ सड़क।

### स्ट्रीट लाइट और रिफ्लेक्टर नहीं लगाए

नगर से गुजरने वाले फोरलेन मार्ग पर स्ट्रीट लाइटें नहीं लगाई गई है। मोड़ों पर सड़क किनारे दोनों तरफ रिफ्लेक्टर और स्टिकर नही लगाए गए है। घने कोहरे में शाहगढ़ तिराहे पर ठंड में एसयूवी और स्विफ्ट की टक्कर से कई लोगों की मौत हो गई थी। इसी तरह मोहम्मदपुर चौराहा, लोधीपुर चौराहा पर आए दिन हादसे होते रहते है। जिससे फोरलेन की लापरवाही की वजह से लोग असमय अपनी जान गंवा चुके है। स्टेट हाईवे अथॉरिटी भी इस मामले में कुछ भी नहीं कर रही है, इससे लोगों की समस्या बरकरार है।

# घर के बाहर खेलते समय बच्चे की सर्प दंश से मौत

संवाददाता, फरीदपुर

अमृत विचार: घर के बाहर खेल रहे 13 माह के बच्चे की सर्प दंश से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने को कहा तो परिजनों ने इन्कार कर दिया।

ग्राम सरकड़ा में रविवार शाम राजवीर का पुत्र हरिओम 13 माह घर के बाहर खेल रहा था तभी, उसे सांप ने काट लिया। परिजन देर शाम को उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और पोस्टमार्टम को कहा तो परिजनों ने इन्कार कर दिया। बच्चे का पिता राजवीर बाहर रहकर मजदूरी करता है उसे घटना की सूचना दी गई है। परिजनों ने बताया कि पिता के आने के बाद ही शव का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### सर्प दंश से बचाव के प्रति किया जाएगा जागरूक

बरेली, अमृत विचार : आईडीएसपी की टीम सर्पदंश से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक करेगी। बारिश में बिलों में पानी भर जाता है, जिससे सांप बाहर आ जाते हैं, इससे सर्पदंश के मामले बढ़ते है। हालांकि डेढ़ साल से सरकारी रिकॉर्ड में सर्पदंश का मामला दर्ज नहीं हुआ है। शासनादेश के बाद आईडीएसपी टीम ने तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। बीते दिनों डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया था, उन्हें इमरजेंसी वार्ड में दो सर्प दंश पीड़ित मरीज भर्ती मिले थे। उन्होंने सीएमओ को विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए थे। सीएमओ ने आईडीएसपी को अलर्ट कर दिया है। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि सर्प दंश से बचाव के लिए टीमें लोगों को जागरूक करेंगी। अगर कोई सर्द दंश का शिकार होता है तो उसके लिए एएसबी भी बड़ी संख्या में मौजूद हैं।

## सार-संक्षेप

### डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर किया पौधरोपण



भोजीपुरा, अमृत विचार : ग्राम पंचायत पचदौरा कला में मढ़ी पर भाजपा किसान मोर्चा जिला इकाई की ओर से श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर पौधरोपण किया। इस दौरान आम, जामुन, पीपल, सेमल और पाकड़ के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुरजीत सिंह यादव ने कहा कि पूरे विश्व में पर्यावरण प्रदूषण से जीवन कठिन हो गया है। विश्व को प्रदूषण मुक्त बनाने में केवल वृक्ष ही मददगार है, जब वृक्ष होंगे तभी शुद्ध हवा ऑक्सीजन मिलेगी, इसलिए भाजपा किसान मोर्चा हर ग्राम में पौधरोपण कराएगी। इस मौके पर नितिश उपाध्याय एडवोकेट, माखन लाल शर्मा, कमल प्रजापति, नवल किशोर, सुनील गंगवार, रोहित यादव, दुर्गा प्रसाद, राम गोपाल यादव समेत अन्य मौजूद रहे।

### कलशयात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

रिठौरा, अमृत विचार : ठाकुरद्वारा मंदिर भूमि पर बने मंदिर परिसर में मां भद्रकाली की चार दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा-पूजा के दूसरे दिन सोमवार को नगर में कलशयात्रा निकाली गई, जिसमें भारी संख्या में भक्तों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर व्यवस्थापक एडवोकेट वीरेंद्र गुप्ता एवं पुजारी मान सिंह, जितेन्द्र यादव, शिवेंद्र गुप्ता, अशोक कुमार, वीरेन्द्र शर्मा, सुनीता, राधा, कृष्णा आदि मौजूद रहे।



# दहेज के लिए विवाहिता को पिलाया जहर, गंभीर

- विवाहिता के पिता ने ससुरालियों पर दर्ज कराई रिपोर्ट

नवाबगंज, अमृत विचार : गांव जिओरा मकरंदपुर में दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला को जहर पिलाने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी गई।

पीड़ित पिता ने बताया दो साल पहले उसने बेटी की शादी थाना क्षेत्र के गांव जिओरा मकरंदपुर में की थी। शादी में हैसियत के अनुसार दहेज दिया था। फिर भी बेटी के ससुराल वाले खुश नहीं थे, उस पर और दहेज के लिए दबाव बनाने लगे। उसके मना करने पर शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। कई बार पंचायतें हुई जिसके बाद उसका पति माफी मांग कर उसे साथ ले जाता रहा। लेकिन ससुराल पक्ष की दहेज की मांग और प्रताड़ना समाप्त नहीं होती। उसने बताया कि 1 जून देर शाम उसके पति, देवर और सास-ससुर ने उसे पीटा और जबरदस्ती जहरीली पदार्थ पिला दिया। वहीं पड़ोसियों की सूचना पर मायके वाले फतेहगंज निवासी बेटी के ससुराल पहुंचे और आनन फानन बेटी को बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। कोतवाल राहुल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 10 घंटे तक बिजली सप्लाई बाधित

- बिजली कटौती से लोग पेयजल के लिए भी हो रहे परेशान

संवाददाता, फतेहगंज पूर्वी

अमृत विचार : बारिश के साथ ही बिजली आपूर्ति बेपटरी हो गई है। क्षेत्रवासी 10 घंटे से बिजली कटौती का दंश झेल रहे है।

वोल्टेज, ट्रिपिंग के केबल जलने से बिजली कटौती का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बार-बार बिजली कटौती से लोग गर्मी से परेशान है, वहीं अवर अभियंता का कहना है जल्द ही नई लाइन चालू हो जाएगी तभी लोगों को इस समस्या से मुक्ति मिलेगी। कस्बे में बना विद्युत उपकेंद्र अभी शुरू नहीं हो सका, इस वजह से लोग बिजली कटौती, लो वोल्टेज, ट्रिपिंग से जूझ रहे है। शायद ही कोई दिन ऐसा होगा, जब लोगों को पांच घंटे भी विद्युत सप्लाई सुचारू रूप से मिल सकी हो। 33 केवी की लाइन से लेकर 11 हजार की लाइन तक रोज ही कोई न कोई फाल्ट हो जाता है, जिससे क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था ठप हो जाती है, और लोगों को सप्लाई आने का घंटों इंतजार करना पड़ता है। लोग मोबाइल चार्ज और पेयजल संकट से परेशान होने लगते है। इधर बिजली घर पर सप्लाई की ट्रॉलियों की हालत जहां दयनीय है वहीं बिजली के तारों का भी यहीं हाल है। 10 घंटे से 33 केवी लाइन में फॉल्ट आने के कारण नगर की विधुत व्यवस्था ठप पड़ी हुई है देर शाम तक सप्लाई सुचारू रूप से चालू होने की संभावना जताई जा रही है। समाजसेवी प्रशांत मिश्रा का कहना है कि लो वोल्टेज के कारण कोई भी विद्युत उपकरण नहीं चल पाता है।

अरुण मिश्रा का कहना है कि शिकायत करने के बावजूद भी विद्युत अधिकारी कोई अमल नहीं करते हैं, उपकेंद्र पर तैनात जिम्मेदार फोन भी रिसीव करते। अवर अभियंता राम सिंह का कहना है अंधरपुरा उपकेंद्र से लेकर पचौमी तक नई बिजली की लाइन बिछाई गई है, जिसे शीघ्र ही चालू कराया जाएगा। इसके बाद लोगों को विद्युत समस्या से राहत मिलने की संभावना है।

### युवक घर से लापता गुमशुदगी दर्ज

फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : गांव गौतारा से एक युवक लापता हो गया है। परिजनों के तलाश करने पर भी जब उसका पता नहीं चला तो उसके पिता ने अनहोनी की आशंका जताते हुए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। गांव गौतारा निवासी आजिम हुसैन रविवार सुबह कही चला गया है। पिता अली अहमद ने बताया सुबह वह रोज की तरह घर से बाहर गया था। जब शाम तक वह वापस नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता हुई। रात में तलाश की, लेकिन वह कहीं नहीं मिला।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मैंने अपने पुत्र अखिलेश कुमार गौतम एवं उसकी पत्नी सीमा को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **राजू पुत्र श्री भीमल नि. ग्राम मुजहा परगना व तह. पलिया जिला लखीमपुर खीरी**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड संख्या 6618 5323 4453 में भूलवश नाम मो. अयान रजा दर्ज है जोकि गलत है जबकि उसका वास्तविक नाम अयान अली है। भविष्य में मेरे पुत्र को अयान अली के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। **आलम अली पुत्र अबरार अली निवासी ग्राम मऊचन्दपुर तहसील आंवला जनपद बरेली।**

सूचना
मैंने अपने पुत्र मो. अरबाज को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में यदि वह किसी के साथ शादी करता है या कोई भी कृत्य करता है तो उसका मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **मो. आजम पुत्र मो. उमर नि. गुड्डू आटा चक्की डेलापीर, थाना इज्जतनगर, जिला बरेली (उ.प्र.)**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में भूलवश नाम अर्चिता दर्ज हो गया है जबकि उसका वास्तविक नाम नियति (NIYATI) है। भविष्य में मेरी पुत्री को नियति (NIYATI) के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। **प्रसून प्रताप सिंह पुत्र श्री शैलेश कुमार सिंह निवासी 31, आर.के. पुरम्, गैलाना रोड, आगरा।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र जाकिर हुसैन व उसकी पत्नी मीना को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **जरीना पत्नी स्व. असलम निवासी गिरधरपुर थाना दियोरनियां तह. बहेड़ी जिला बरेली।**

सूचना
मैं माधव अग्रवाल भारतीय पासपोर्ट संख्या N3982057 निर्गत संख्या 12.11 .2015 का धारक हूं। मेरे पासपोर्ट में मेरे पिता का नाम योगेश अग्रवाल गलत अंकित हो गया है मेरे पिता का वास्तविक नाम योगेश कुमार अग्रवाल है। भविष्य में इसी को सही व सत्य माना जाए। **दुर्गा इंडस्ट्रीज कैंपस अजीजगंज थाना कोतवाली शाहजहांपुर-(उ.प्र.) 242001**

आवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु लड़कों की
संपर्क करें
कंपटीशन बुक हाउस
कॉलेज बुक हाउस
5, 6, 7 न्यू कॉलेज रोड मार्केट बरेली

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

कार्यालय बरेली विकास प्राधिकरण, बरेली
पत्रांक : 1416/का0ब0वि0प्रा0/2025 दिनांक : 23.6.25
"सार्वजनिक सूचना"
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रामगंगा नगर आवासीय योजना के सेक्टर-2 के दिनांक 12.02.2021 को स्वीकृत तलपट मानचित्र में अन्य भूखण्डों के अतिरिक्त Institutional Plot-1 क्षेत्रफल 11268.91 वर्गमीटर तथा Institutional Plot-2 क्षेत्रफल 1365.75 वर्गमीटर आरक्षित है। स्थलीय आवश्यकता के दृष्टिगत उक्त सेक्टर के पार्ट पुनर्नियोजन/संशोधन उपरान्त भूखण्ड का विवरण निम्नवत् है :- कॉमशियल भूखण्ड (क्षेत्रफल 6003.88 वर्गमीटर), ऑफिस-1 (क्षेत्रफल 2628.21 वर्गमीटर), ऑफिस-2 (क्षेत्रफल 335.93 वर्गमीटर), ऑफिस-3 (क्षेत्रफल 3254.88 वर्गमीटर), ट्रांजिट कैम्प फॉर एस.एस.बी. (क्षेत्रफल 5000.00 वर्गमीटर) एवं कॉमर्शियल शॉप (CS-1 से CS-6) (क्षेत्रफल 48.00 वर्गमीटर)।
उपरोक्तानुक्रम में उ.प्र. नगर योजना एवं विकास अधिनियम-1973 की धारा-13(3) के अन्तर्गत जन-सामान्य से आपत्ति एवं सुझाव आमंत्रित किये जाते हैं। यदि कोई व्यक्ति/संस्था अपनी आपत्ति/सुझाव देना चाहे, तो उक्त सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों की अवधि के अन्दर उपाध्यक्ष, बरेली विकास प्राधिकरण को सम्बोधित अपनी आपत्ति/सुझाव, प्राधिकरण कार्यालय में मानचित्र लिपिक श्री मोहित कुमार को दो प्रतियों में प्राप्त करा सकते हैं। नियत अवधि के उपरान्त प्राप्त होने वाली किसी भी आपत्ति/सुझाव को स्वीकार नहीं किया जायेगा।
उपाध्यक्ष
बरेली विकास प्राधिकरण, बरेली।

# बच्चों के झगड़े के बाद जमकर चले ईंट-पत्थर

फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : गांव कुरतरा में एक ही समुदाय के बच्चों के बीच हुए मामूली विवाद के चलते एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के घर लाठी डंडों से हमला और पथराव कर दिया जिससे दो लोग घायल हो गए। दरवाजा बंद करके बमुश्किल से परिजनों ने जान बचाई।

रविवार देर रात गांव कुरतरा निवासी सबीना के बेटे हैदर और जैतून के बेटे जुनैद के बीच गांव के एक चौराहे पर धक्का मुक्की हो गई। लोगों ने बीच बचाव करके दोनों को घर भेज दिया। जैतून ने बताया 10 मिनट के बाद करीब 9:30 बजे सबीना, उसका पति नन्हें, बेटा फैज, बेटी अलसफा दो अज्ञात फैज के दोस्त ने उसके घर पहुंचकर लाठी-डंडों से हमला और पथराव कर दिया। पथराव से जुनैद और जैतून चोटिल हो गए। पथराव करने वाले पक्ष सबीना के बेटे हैदर की आंख में पत्थर लगने से वह भी घायल हो गया। दोनों पक्षों की तहरीर पुलिस ने लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# व्यापारी नेता ने विधायक समर्थक पर लगाया मारपीट का आरोप

- विधायक ने व्यक्तिगत झगड़ा बताते हुए मामले से पल्ला झाड़ा

संवाददाता, नवाबगंज

अमृत विचार : व्यापारी नेता राजीव गुप्ता पर हुए जानलेवा हमले का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। पीड़ित ने विधायक के समर्थकों पर मारपीट का आरोप लगाया है।

विधायक ने आरोप को निराधार बताते हुए इस मामले से पूरी तरह से अनभिज्ञता जाहिर की है। दो दिन पहले हुई इस वारदात के बाद से ही व्यापारी वर्ग के साथ ही वैश्य समाज ने इसे समुदाय विशेष के बहुसंख्यक वर्ग पर आतंक कायम करने का आरोप लगाया है। यहां तक कि विधायक पर भी आरोपियों को संरक्षण देने के आरोप लगाए हैं। वहीं विधायक ने स्वयं को इस मामले से पूरी तरह अलग बताते हुए व्यक्तिगत झगड़ा बताया है। विधायक का कहना है कि व्यापारी नेता द्वारा वर्ग विशेष पर आपत्तिजनक टिप्पणी करना किसी तरह से भी सुसंगत नहीं माना जा सकता है। हर समुदाय और वर्ग में कुछ लोग उत्पाती होते है, वह इनके साथ नहीं हैं इस घटना से वह भी आहत हैं। ऐसे कृत्य समाज में बिखराव पैदा करते है जो उचित नहीं हैं। दूसरी ओर पुलिस ने भी सोमवार को आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश डाली, लेकिन हाथ नहीं लगे। कोतवाल राहुल सिंह ने बताया कि आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
B.I.U.
Admission Open
Session 2025-26
BIU COLLEGE OF PHARMACY
BIUCOP
BAREILLY
Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

### हिंदू संगठन ने गौ सेवा कर मनाया स्थापना दिवस

आंवला, अमृत विचार: अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में संगठन के पदाधिकारियों ने कान्हा गोशाला पहुंचकर गौसेवा की। एक पदाधिकारी ने चार बीघा खेत का हरा चारा गोशाला को दान किया।

अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अनुपम शंखधार ने बताया कि संगठन का स्थापना दिवस 18 जून को होता है, इसलिए संगठन पदाधिकारी स्थापना दिवस को लेकर साप्ताहिक गौ सेवा कार्यक्रम चला रहे है। उन्होंने बताया कि संगठन के मनौना गांव निवासी पंकज सिंह ने अपने चार बीघा खेत का हरा चार गौ सेवा के लिए दान में दिया है।

# बिना तलाक के दूसरी महिला के साथ रह रहा युवक, रिपोर्ट

कैंट, अमृत विचार : एक व्यक्ति ने दहेज के लिए पत्नी को प्रताड़ित किया, मारपीट से उसका दो बार गर्भपात हो गया। इसके बाद उसे उसके मायके भेज दिया। न बुलाने पर पीड़िता ने भरण पोषण का केस किया तो आरोपी दूसरी महिला को बतौर पत्नी साथ रखने लगा। अब आरोपी उस पर केस वापस लेने का दबाव बना रहे हैं। पीड़िता ने सीओ सिटी से शिकायत की तो आरोपी ससुरालियों पर पुलिस ने सोमवार को केस दर्ज कर लिया।

आईटीबीपी कैंप निवासी सुरभि भदौरिया ने बताया उसकी शादी 20 जनवरी 2014 को आगरा निवासी हरिप्रताप सिंह सिकरवार से हुई थी। आरोप है उसे कम दहेज लाने का ताना देकर प्रताड़ित करने लगे। तलाक के लिए कोरे कागज पर हस्ताक्षर करने का दबाव बनाने लगे। मारपीट से उसका दो बार गर्भपात हो गया। 2017 में उसे मायके भेज दिया, पति जब काफी समय तक उसे बुलाने नहीं आया और उसने महिला के विरुद्ध आगरा न्यायालय में सेक्शन 9 के तहत मुकदमा दायर कर दिया। इसके बाद आरोपी दूसरी महिला को साथ रखने लगा और उस पर मुकदमा वापस लेने की धमकी दे रहा है। महिला ने मामले की शिकायत सीओ सिटी प्रथम आशुतोष शिवम से की। पुलिस ने आरोपी पति समेत अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### फोनकर साइबर ठग लगा रहे चूना

रिठौरा, अमृत विचार : गांव कुंवरपुर बंजरिया के आदर्श मिश्रा के मोबाइल पर किसी ने सोमवार को फोन करके कहा तुम्हारे पिताजी ने कहा है, बेटे के अकाउंट में 2500 डाल दो। आदर्श ने कहा डाल दीजिए, तब व्हाट्सएप पर क्यूआर कोड मांगा तो भेज दिया, फिर कॉल आई इस क्यूआर कोड पर पेमेंट नहीं हो पा रहा है। मैं तुमको वाउचर से पेमेंट कर रहा हूं। फोन पर 1 रुपये का वाउचर लिखकर भेज दिया, फिर आदर्श से कहा अपनी तरफ से 1 रुपये का पेमेंट करो, फिर 2500 तुम्हारे अकाउंट में भेज देंगे। वह जैसे ही एक रुपये का पेमेंट करने ही वाला उसी समय पिताजी की कॉल आ गई। उसने उनसे पूछा आपने किसी से 2500 डालने को कहा था। उन्होंने मना कर दिया। आदर्श ने फिर उसमें 1 रुपया न डालकर उससे कहा तुम कहां से बोल रहे हो तो उसने फोन काट दिया। दोबारा कॉल लगाने पर कॉल नहीं उठी तब लगा किसी ठग की काल थी।

# नाला बंद होने से सड़क पर हुआ जलभराव

संवाददाता, मीरगंज

अमृत विचार : सड़क के किनारे बने नालियों और नालों की सफाई नहीं होने से बारिश के बाद जलभराव की स्थिति बन रही हैं, इस वजह से यहां से गुजरने वालों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सिंधौली चौराहे के पास स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सामने जलभराव होने से बैंक पर आने जाने वाले ग्राहकों को दिक्कत हो रही है। गंदा पानी जमा होने से मच्छर समेत अन्य जीव पनप रहे है। नाले का पानी निचले स्तर जाना चाहिए, लेकिन आगे नाला बंद होने से जल की निकासी नहीं हो पा रही है।



सड़क पर पानी भरने से बैंक आने-जाने वालों को हो रही परेशानी। • अमृत विचार



सकरस रोड पर भरा पानी।

### सकरस के जर्जर मार्ग का निर्माण कराने की मांग

बहेड़ी, अमृत विचार : तहसील से सटे गांव सकरस के ग्रामीणों ने संपूर्ण समाज दिवस में प्रार्थना पत्र देते हुए गांव के जर्जर मार्ग को बनवाने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया बीस साल पहले पड़े इस रोड की हालत खस्ताहाल है, बारिश में पानी भर जाने से गांव का मुख्य रास्ता बंद हो जाता है। इसी रोड पर से बच्चों को स्कूल जाना होता है, जो कीचड़ से होकर किसी तरह स्कूल पहुंचते है। कई बार गिरने से कपड़ा खराब होने से उन्हें घर लौटना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है वह इस रोड के संबंध में मंडी समिति के अधिकारियों के पास भी गए थे तो उन्होंने यह कहकर उन्हें टाल दिया कि उनके कोष में पैसा नहीं है वह किसी और निधि से इस रोड को डलवा लें, वह एनओसी देने को तैयार है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंप जल्द से जल्द रोड डलवाए जाने की मांग की है। शिकायत करने वाले में मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद अरशद खान, मोहम्मद मियां, रफीक अहमद, बशीर अहमद, अब्दुल कय्यूम, मोहम्मद फैइम, मो .उमर, मोहम्मद अयान, पंकज, इंद्रपाल, युसूफ आदि रहे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्या योगेन रक्ष्यते ।
मृजया रक्ष्यते रुपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते ॥

धर्म की रक्षा सत्य से होती है, विद्या की रक्षा अभ्यास से, सौंदर्य की रक्षा स्वच्छता से तथा कुल की रक्षा सदाचार से होती है।

## संपादकीय

# अनिश्चितता के बीच

इजराइल-ईरान संघर्ष काफी बढ़ गया है। अमेरिका सीधे तौर पर युद्ध में शामिल हो गया है। रविवार को ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिका के हमलों के बाद संयुक्त सुरक्षा परिषद की आपात बैठक में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमला पहले से संकटग्रस्त क्षेत्र को और खतरनाक मोड़ पर ले आया है। उन्होंने चेताया था कि ईरान इन हमलों का प्रतिशोध ले सकता है। सोमवार को ईरान ने सीरिया में अमेरिका के सैन्य ठिकाने पर हमला किया। यानी हालत काबू से बाहर जा रहे हैं। इससे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तनाव बढ़ गया है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते तनाव का असर विभिन्न क्षेत्रों में महसूस किया जा सकता है, जिसमें व्यापार, राजनीति, और सामाजिक-आर्थिक स्थितियां शामिल हैं। तनाव से वैश्विक व्यापार मार्ग बाधित हो सकता है। भू-राजनीतिक तनाव वैश्विक व्यापार गतिशीलता के लिए कुछ चुनौतियां पेश करते हैं। मध्य पूर्व में व्यापक संघर्ष का सऊदी अरब, इराक, कुवैत और यूएई से तेल आपूर्ति पर असर पड़ने की उम्मीद है, जिससे तेल की कीमतों में भारी उछाल आएगा। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरत का करीब 85 फीसदी हिस्सा आयात करता है।

भारत का आयात बिल तेजी से बढ़ सकता है, महंगाई बढ़ सकती है और देश की राजकोषीय स्थिति पर दबाव पड़ सकता है। हालात का असर निर्यात पर भी पड़ेगा। ढुलाई व्यवधान से निर्यातकों के समक्ष चुनौतियां बढ़ गई हैं। देश से ईरान को भेजी गई एक लाख टन बासमती चावल की खेप बंदरगाहों पर अटकी है। अखिल भारतीय चावल निर्यातक संघ का कहना है कि निर्यात खेप में देरी और भुगतान को लेकर अनिश्चितता वित्तीय तनाव पैदा कर सकती है। साथ ही कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव मुद्रास्फीति और लॉजिस्टिक्स लागत दोनों को प्रभावित कर सकता है, लेकिन भारत की विविध ऊर्जा खरीद रणनीति और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई)का सक्रिय रुख नकदी और व्यापक आर्थिक स्थिरता बनाए रखने में मदद करता है। राहत की बात है कि भारत का निर्यात क्षेत्र लचीला और अनुकूलनशील बना हुआ है। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) का कहना है कि ईरान और इज़राइल दोनों के साथ देश का व्यापार महत्वपूर्ण होने के बावजूद, कुल निर्यात-आयात टोकरी का एक छोटा हिस्सा है। महत्वपूर्ण है कि सरकार और उद्योग जगत संयुक्त रूप से व्यापार प्रभावित न हो इसके लिए कम से कम व्यवधान सुनिश्चित करने को घटनाक्रमों की निगरानी कर रहे हैं।

# कैसे उखड़ने लगे नक्सलियों के पांव



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

नक्सल प्रभावित जनजातीय क्षेत्रों में स्कूलों और स्वास्थ्य सेवा केंद्रों का व्यापक विस्तार किया गया। हथियार डाल चुके नक्सलियों के लिए पुनर्वास नीति अपनाकर माओवादियों को मुख्यधारा में फिर से शामिल होने का मार्ग प्रशस्त किया गया।

भारत में लंबे समय से नक्सलियों की हिंसा के कारण मासूम लोग अपनी जान से हाथ धोते रहे हैं। ये बीती सरकारों के लिए सिरदर्द रहे हैं। पर केन्द्र में मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद इनके पैर उखड़ने लगे। वे कहते हैं कि नक्सलवाद यदि एक विचार है तो इसे बदलने के लिए काम करना चाहिए और यदि विद्रोह है तो इसे कुचलने के लिए काम करना चाहिए। 2014 में जब नरेंद्र मोदी को देश का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी बीजेपी ने दी तो उन्होंने अपनी दूसरी ही रैली में बस्तर में जाकर माओवादियों को ललकारते हुए कहा था- "लोकतंत्र को स्वीकार करिए। सभी समस्याओं का सबसे अच्छा समाधान यही है। बम, बंदूक और पिस्तौल खून-खराबा तो कर सकते हैं, लेकिन नया जीवन नहीं दे सकते। हमें खून नहीं, पसीना बहाना है। हमें इस धरती को हरा-भरा बनाना है, लाल नहीं।''

11 साल बाद जब गृह मंत्री अमित शाह यह घोषणा करते हैं कि 2026 तक देश से नक्सलवाद का सफाया हो जाएगा । यह सही है कि पूर्वी भारत में नक्सल आंदोलन की शुरुआत मुख्य रूप से गरीबी के कारण हुई। तब की भारत सरकार ने राज्यों के विकास की ओर ध्यान नहीं दिया। उन्हीं दिनों देश में जंगल माफिया, पत्थर माफिया, लकड़ी माफिया, खनिज माफिया पैदा होने लगे। धीरे-धीरे समस्या गहराई तक पहुंचने लगी। फिर यही माफिया अंतर-राज्यीय सीमाओं पर खुले आम अपनी गैरकानूनी गतिविधियों का संचालन करने लगे। खुफिया अड्डे बनाकर भारी मात्रा में असलहे जमा करने लगे और फिर सीधे सरकार को चुनौती देने लगे। हथियारों के बल पर अपने अपने क्षेत्र में साम्यवादी शासन भी चलाने लगे।

कहने की आवश्यकता नहीं कि नक्सली नेताओं ने राजनीतिक नेताओं को भी अपने दबाव में ले लिया और अपने लिए एक बौद्धिक गैंग की आड़ भी तैयार कर ली। यह बौद्धिक गैंग उनके हर खून खराबे को जमीनी संघर्ष का



स्वरूप प्रदान करने लगा, जहां हत्या और लूट मार को किसानों और गरीबों के प्रति शोषण के खिलाफ प्रतिक्रिया के रूप में प्रस्तुत किया जाने लगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐसे कथित बुद्धिजीवियों को ही शहरी नक्सली का नाम दिया। गृह मंत्री अमित शाह ने यह कहने में कोई हिचक नहीं दिखाई कि कांग्रेस इन शहरी नक्सलियों को सरंक्षण देती रही है। बीजेपी नेतृत्व ने इन शहरी नक्सलियों के खतरनाक एजेंडे का पर्दाफाश पूरी दुनिया के सामने किया। प्रधानमंत्री मोदी ने भी कहा - हर कोई देख सकता है कि कांग्रेस उन लोगों के साथ कितनी निकटता से खड़ी है, जो भारत के लिए अच्छे इरादे नहीं रखते हैं।"

बीजेपी नेतृत्व ने वाम विचार धारा को ध्वस्त करने के लिए लोकतांत्रिक तरीकों का बखूबी इस्तेमाल किया। उनके गढ़ में जाकर उनकी ही विचारधारा को चुनौती दी। जनता को पूरी तरह से जागरूक करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी और अंत में उन्हें जनता के जरिए ही हाशिये पर बिठा दिया। 2014 के चुनाव में जब मोदी प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार बने तो उसी साल वामपंथी सांसदों की संख्या 24 से घटकर 10 हो गई और फिर 2019 के आम चुनाव में लोकसभा में वामपंथियों संख्या 4 रह गई। राष्ट्रवाद के आगे दक्षिणपंथी विचारधारा धराशायी होने लगी। सीपीआई, सीपीआई-मार्क्सवादी और सीपीआई-मार्क्सवादी-लेनिनवादी की राजनीति को देश ने एक तरह

राजनीतिक रूप से एक विजय हासिल करने के साथ साथ प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने वाम रक्त क्रांति को भी देश से समाप्त करने का बीड़ा उठाया। सबसे पहले वामपंथ के पारंपरिक समर्थकों को उनसे अलग करने की रणनीति बनाई। खासकर ग्रामीण इलाकों में सुधार के कई कार्यक्रम शुरू किए गए।

से खारिज करना शुरू कर दिया। एक समय वह भी था जब 2004 के आम चुनाव में वामपंथियों ने लोकसभा की 61 सीटें जीती थी। अब केरल के अलावा वाम मोर्चा कहीं भी खड़ा होने की स्थिति में नहीं है। बीजेपी नेतृत्व ने वाम मोर्चे के अहंकार, आत्मसंतुष्टि, भ्रष्टाचार और उनकी राजनीतिक हिंसा को मुद्दा बनाया और उन्हें राजनीतिक रूप से अप्रासंगिक बना दिया।

राजनीतिक रूप से एक विजय हासिल करने के साथ साथ प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने वाम रक्त क्रांति को भी देश से समाप्त करने का बीड़ा उठाया। सबसे पहले वामपंथ के पारंपरिक समर्थकों को उनसे अलग करने की रणनीति बनाई। खासकर ग्रामीण इलाकों में सुधार के कई कार्यक्रम शुरू किए गए। महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की योजना बनाई गई। फिर मोदी सरकार ने माओवादी उग्रवाद से निपटने के लिए व्यापक योजना बनाई। माओवादी विद्रोह का मुकाबला करने के लिए स्थानीय लोगों को सशक्त बनाया गया। मोदी सरकार ने स्पष्ट रूप से घोषणा की कि नक्सलवाद के प्रति ज़ीरो टोलेरेन्स रखेंगे। यह प्रण किया गया कि 31 मार्च, 2026 तक वामपंथी उग्रवाद को पूरी तरह से खत्म कर देंगे। फिर गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में सुरक्षा अभियान, विकास और पुनर्वास एक एकीकृत योजना लागू की गई। ऑपरेशन कगार चला कर सैकड़ों नक्सलियों का खात्मा किया गया और हजारों को आत्मसमर्पण के लिए तैयार किया गया। परिणाम भी सामने आया। 2014 में जहां 126 जिले नक्सलवाद से प्रभावित थे वहीं 2025 में केवल 6 सबसे अधिक प्रभावित जिले ही बच गए हैं।

नक्सल प्रभावित जनजातीय क्षेत्रों में स्कूलों और स्वास्थ्य सेवा केंद्रों का व्यापक विस्तार किया गया। हथियार डाल चुके नक्सलियों के लिए पुनर्वास नीति अपनाकर माओवादियों को मुख्यधारा में फिर से शामिल होने का मार्ग प्रशस्त किया गया। गृह मंत्री अमित शाह ने बल, सुशासन और समावेशी आउटरीच का एक त्रिस्तरीय फार्मूला अपनाकर नक्सलवाद को खत्म करने का समयबद्ध कार्यक्रम तैयार कर लिया है। जो हथियार डालने के लिए तैयार नहीं हो रहे, उन्हें खत्म करने का अभियान दिन रात चलाया जा रहा है। केवल इसी साल 200 से अधिक हथियारबंद नक्सलियों का सफाया किया जा चुका है। इसके अलावा 600 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण भी किया है। आकड़े बताते हैं कि 30 मई 2025 तक 2824 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। नक्सलवाद के खिलाफ अभियान को सबसे बड़ी सफलता तब मिली जब 14 मई, 2025 को सुरक्षा बलों ने नक्सलवाद के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा ऑपरेशन चलाया। छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर स्थित कर्रेगुट्टालु हिल (केजीएच) पर किए गए इस अभियान में 31 नक्सली मारे गए।

ताजा हालत ये है कि मोदी सरकार ने नक्सलियों को तबाह कर दिया है। जो आदिवासी नक्सलियों के समर्थन में होने के लिए मजबूर किए गए थे वे ही अब नक्सल के खिलाफ आवाज बुलंद कर रहे हैं। आदिवासी अधिकारों के लिए काम जिस गति से हो रहा है, उससे नक्सल समस्या को एक तय समय सीमा में हल करने के प्रति विश्वास पैदा होने लगा है केवल हथियारों से समाजवाद आ सकता है, इस धारणा को बदलने में सफलता मिल रही है।

## प्रसंगवश

# वैश्विक अशांति के बीच नेपाल शांति देशों में शुमार

जब दुनिया के तमाम देशों में मार काट मची हो, ये मेरा ये तेरा को लेकर युद्ध चल रहा हो तब बुद्ध की धरती नेपाल का दुनिया के शांति देशों में सम्मान जनक स्थान पर होना निश्चित ही नेपाल के लिए गर्व की बात है। सच मायने में यह इस बात का भी सबूत है कि नेपाल बुद्ध के पंचशील सिद्धांतों का अक्षरशः पालन करने वाला देश है।

यद्यपि कि नेपाल के कुछ पड़ोसी देश उसकी शांति प्रियता का बेजा फायदा उठाने की ताकत में रहते हैं। इस नन्हें राष्ट्र पर अपना प्रभुत्व जमाने के लिए तमाम तरह के प्रलोभन भी देते रहते हैं। लेकिन नेपाल में शासक कोई भी रहा हो, किसी के अधीन होना स्वीकार नहीं किया। इस होड़ में इस नन्हें राष्ट्र को अशांत करने की कोशिशें भी हुईं लेकिन नेपाल बेदाग का बेदाग बना रहा।

बता दें कि वैश्विक स्तर पर बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, युद्ध और आर्थिक अस्थिरता के बीच शांति सूचकांक 2025 में पिछले वर्ष की तुलना में 0.36 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। यह जानकारी अंतर्राष्ट्रीय शोध संस्था इंस्टिट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एंड पीस द्वारा जारी ग्लोबल पीस इंडेक्स 2025 में दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद का यह समय विश्व का सबसे अशांत दौर माना गया है।



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

रिपोर्ट में आइसलैंड को लगातार 2025 में भी सबसे शांतिपूर्ण देश घोषित किया गया है, जबकि रूस को सबसे अशांत देश का दर्जा मिला है। आइसलैंड के बाद सूची में आयरलैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रिया, स्विट्जरलैंड, सिंगापुर, पुर्तगाल, डेनमार्क, स्लोवेनिया और फिनलैंड शामिल हैं। नेपाल को 76वें स्थान पर रखा गया है, जो दक्षिण एशिया में भूटान (21वां स्थान) के बाद दूसरा सबसे शांतिपूर्ण देश है। वहीं, भारत 115 वें और चीन 98 वें स्थान पर है।

सबसे अशांत देशों की सूची में क्रमशः रूस, यूक्रेन, सूडान, कांगो, यमन, अफगानिस्तान, सीरिया, दक्षिण सूडान, इज़राइल और माली शामिल है। यह



शांति का मतलब केवल संघर्ष से बचना नहीं, बल्कि न्याय, समानता और मानव सम्मान की रक्षा करना है। हमें शिक्षा, धार्मिक संस्थान, मीडिया और नीतियों में शांति को आधार बनाना होगा।

सूचकांक देशों में कानून व्यवस्था, आंतरिक सुरक्षा, राजनीतिक स्थिरता, हिंसक संघर्ष, सामाजिक न्याय और विदेश नीति के प्रभाव के आधार पर तैयार किया जाता है।

राष्ट्रीय मदरसा संघ नेपाल के महासचिव मौलाना मशहूद खां नेपाली सहित नेपाल के तमाम नामचीन लोगों ने इस रिपोर्ट में नेपाल की प्रगति को सकारात्मक संकेत बताते हुए कहा कि नेपाल का विश्व के शांतिपूर्ण देशों की सूची में शामिल होना गर्व का विषय है, लेकिन यह केवल उपलब्धि नहीं बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। शांति का मतलब केवल संघर्ष से बचना नहीं, बल्कि न्याय, समानता और मानव सम्मान की रक्षा करना है। हमें शिक्षा, धार्मिक संस्थान, मीडिया और नीतियों में शांति को आधार बनाना होगा। किसी भी देश को शांति प्रिय बनाए रखना सिर्फ सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, इसके लिए "मदरसों, स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, मंदिरों, मस्जिदों सहित सभी संस्थानों को शांति का संदेशवाहक बनना चाहिए। हमें बच्चों को केवल शिक्षा नहीं, बल्कि सहिष्णुता और सम्मान भी देना होगा। नेपाल एक ऐसा देश बन रहा है जहां शांति केवल एक रैंकिंग नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय भावना है। यह सफलता दिखाती है कि आर्थिक सीमाएं या क्षेत्रफल किसी देश की महानता का निर्धारण नहीं करते, बल्कि जागरूक और न्यायप्रिय लोग करते हैं।

# प्रकाश प्रदूषणः अदृश्य संकट की उभरती हुई रोशनी

विकास की रफ्तार और रोशनी की चमक ने अंधेरे के अस्तित्व को संकट में डाल दिया है। कभी रात का अंधकारधरती के संतुलन का एक स्वाभाविक हिस्सा हुआ करता था, लेकिन अब वह बिजली की पहुंच से बची-बचाई कुछ जगहों पर ही रह गया है। पहले जहां रातें गहरी होती थीं और आसमान तारों से भरा मिलता था, अब वहां कृत्रिम रोशनी की ऐसी परत चढ़ गई है कि आसमान में स्वाभाविक रूप से तारों का दिख जाना भी एक अनूठा और विशिष्ट अनुभव लगने लगता है। यह बदलाव जितना तकनीकी लगता है, उतना ही गहराई से यह हमारे पर्यावरण और जीवन के ताने-बाने को प्रभावित कर रहा है।

प्रकाश प्रदूषण अब तक हमारी सार्वजनिक चर्चा का हिस्सा नहीं बन पाया है, क्योंकि यह आंखों से दिखते हुए भी सीधे महसूस नहीं होता। लेकिन इसकी चुपचाप उपस्थिति हमारे आसपास के पेड़-पौधों, पक्षियों, कीटों और यहां तक कि हमारी अपनी नींद और जैविक घड़ी को गड़बड़ा रही है। वैज्ञानिक अध्ययन बताते हैं कि ज्यादा रोशनी से पक्षियों का प्रवास चक्र, प्रजनन और घोंसले बनाने की आदतें प्रभावित होती हैं। कुछ इलाकों में तो पेड़ों की पत्तियां समय से पहले झड़ने लगी हैं और मौसम के चक्र बिगड़ने लगे हैं। ये संकेत मामूली नहीं हैं- ये हमें बता रहे हैं कि प्रकृति की लय धीरे-धीरे असंतुलित हो रही है।

हमारे शहरों में यह रोशनी अब 'सुरक्षा' और 'सौंदर्यीकरण' के नाम पर योजनाओं का हिस्सा बन चुकी है। सड़कों, झीलों और स्मारकों को रात भर जगमग बनाए रखना अब 'विकास' की निशानी माना जाता है। लेकिन इन योजनाओं में शायद ही कभी यह



डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर, मथुरा

प्रकाश प्रदूषण कोई एक दिन में हल होने वाली समस्या नहीं है। यह कोई ऐसी चीज़ नहीं है, जिसका हल सिर्फ नई तकनीक से मिल जाए।



देखा जाता है कि उनके आसपास कितनी जैव विविधता है, और उस पर इसका क्या असर पड़ेगा। अंधकार को जैसे एक रुकावट की तरह देखा जाने लगा है-जबकि वह प्रकृति के लिए उतना ही ज़रूरी है जितनी रोशनी।

कुछ देश इस खतरे को पहले ही पहचान चुके हैं। फ्रांस, जर्मनी और जापान जैसे देशों ने सार्वजनिक स्थलों पर रात्रिकालीन रोशनी के नियम तय किए हैं। कुछ जगहों पर तो तय समय के बाद दुकानें और होर्डिंग्स की लाइट बंद कर दी जाती हैं। भारत में अभी इस दिशा में कोई विशेष कानून या नीति नहीं बनी है, जबकि हमारे यहां की पारिस्थितिक विविधता कहीं अधिक संवेदनशील है। पश्चिमी घाट, हिमालय और गंगा के मैदानों में रहने वाले रात्रिचर जीवों के लिए रात का अंधेरा जीवन का आधार है। जब वहां रोशनी पहुंचती है, तो वह उनकी आदतों और व्यवहारों को बदल देती है-और धीरे-धीरे उनके अस्तित्व को भी।

हमारे पारंपरिक समाजों में रात का अंधकार केवल एक समय नहीं था-वह विश्राम, मौन और आत्मचिंतन का प्रतीक भी था। अब वह मौन खो गया है। शहरों में रात बस एक और 'काम का समय' बन चुकी है। रोशनी वहां उत्पादकता का प्रतीक है, विश्राम का नहीं। और यही वह बुनियादी सोच है, जो हमारे जैविक, मानसिक और सामाजिक संतुलन को धीरे-धीरे कमजोर कर रही है।

प्रकाश प्रदूषण कोई एक दिन में हल होने वाली समस्या नहीं है। यह कोई ऐसी चीज़ नहीं है, जिसका हल सिर्फ नई तकनीक से मिल जाए। यह समझने की ज़रूरत है कि विकास और पर्यावरण एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि सहयोगी होने चाहिए। रोशनी कितनी हो, कहां हो, कितनी देर तक हो- ये तय करना अब ज़रूरी हो गया है। अगर हम समय रहते नहीं चेते, तो आने वाली पीढ़ी शायद अंधेरे में झिलमिलाते तारों को सिर्फ किताबों या कहानियों में ही देख सकेगी।

इस संकट को स्वीकार करना पहला कदम है। जब तक हम इसे एक वास्तविक पर्यावरणीय समस्या की तरह नहीं समझेंगे, तब तक यह धीरे-धीरे हमारे जीवन की स्वाभाविकता को निगलता रहेगा। और सोचिए कि अगर एक दिन अंधकार भी कृत्रिम हो जाए-तो फिर जीवन की असल लय कहां बचेगी?

## सोशल फोरम

# जिंदगी से बड़ी है जिंदगी

हर व्यक्ति की अलग-अलग क्षेत्र में अलग-अलग क्षमता होती है, प्रकृति प्रदत्त। सभी की क्षमता सभी क्षेत्रों में नहीं हो सकती। प्रकृति की योजना। यह योजना हमारे लिए अनुत्क्रमणीय है। इस सीमा को महसूस करना और क्षेत्र-सापेक्ष क्षमता का आकलन करना ही हमारे लिए शक्य है। यह जीवन की एक अकाट्य सीमा है।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

दृढ़ संकल्प से क्षेत्र विशेष में सीमा के विस्तार की संभावना रहती है। किंतु कोई भी विस्तार असीमित नहीं है। इस दृश्य और गम्य संसार में कुछ भी असीमित नहीं है। वह वस्तु या पदार्थ हो, शक्ति या ऊर्जा हो, व्यक्ति या परिघटना हो, कुछ भी असीमित नहीं।

संभवतः इसी रिक्ति को भरने के लिए परम, निःसीम, कालातीत, पूर्ण, अनादि-अनंत परम सत्ता, परम शक्ति, परम चेतना, परम सत्य, ईश्वर की अवधारणा विकसित हुई हो। लोकोत्तरवाद, स्वर्ग-नर्क, मोक्ष, रहस्यवाद, अंतिम फ़ैसला वगैरह की परिकल्पनाएं इसी रिक्ति से निकली हों। विडंबना यह है कि इन तमाम परिकल्पनाओं के बावजूद अपनी क्षमता का सीमांत किसी को ज्ञात नहीं। क्षमता हो, न हो, कुछ करने, कुछ पाने की आकांक्षा बनी रहनी है। अंतिम सांस तक बनी रहनी है। आकांक्षा और क्षमता के बीच द्वंद्व में तालमेल बिठाने का प्रयास ही ज़िंदगी है। यह प्रयास अंतिम सांस तक चलना है। एक वस्तुगत भुलावे को भुलावा न मानकर लगातार उसे धक्का देने, किसी न किसी प्राप्य को लक्ष्य बनाने और निरंतर उसको प्राप्त करने की ओर आगे बढ़ने के प्रयास का नाम ही ज़िंदगी है।

ज़िंदगी का अंत कब आएगा? पता नहीं। किंतु नए-नए मंसूबे बनाना, उनके लिए नई नई योजनाएं तैयार करना, उन पर आगे बढ़ने की कोशिश करना, ज़िंदगी के अंत तक जारी रहेगा। जीने की प्यास अंत तक बनी रहेगी। अपने सामर्थ्य के घिसते, बिखरते जाने के बावजूद बनी रहेगी। ज़िंदगी की आकांक्षाएं, उनकी पूर्ति की आकांक्षाएं, उनकी पूर्ति के लिए किए गए प्रयास की आकांक्षाएं, प्रयास के सामर्थ्य की आकांक्षाएं... अंतिम सांस तक बनी रहेंगी। ज़िंदगी बीतते जाने के साथ आकांक्षा और क्षमता के बीच छाया अनिश्चितता का कोहरा घना होता जाएगा।

**-फेसबुक वॉल से**

# क्या होता है लिखने या बोलने से



हफीज किदवई
लेखक

हमें दुनिया के किसी भी मसले पर अपनी पूरी समझ से एक राय देना ठीक लगता है। अपने नज़रिए को बताना सही लगता है। हम हिरोशिमा के परमाणु हमले की हर साल मज़म्मत करते हैं, क्योंकि हम नहीं चाहते दुनिया में यह कहीं दोबारा हो। जबकि हमें कभी हिरोशिमा नहीं जाना। हमारे बुज़ुर्ग रास्ता दिखा गए हैं कि कोई भी देश हो, कोई भी नस्ल हो, कोई भी रंग हो, कोई भी जाति हो, तुम यह देखो की तुम्हारे कदम से सबसे आख़री कमज़ोर व्यक्ति को क्या लाभ पहुंच सकता है, उसे लाभ पहुंचा दो।

जिन्हें लगता है कि ईरान-इज़राइल से हमें क्या वास्ता। जिनको लगता है कि दूसरों के मसलों पर बोलने की हमें क्या ज़रूरत, जिन्हें लगता है कि यार तुम्हारे लिखने, बोलने से उन पर क्या ही फ़र्क़ पड़ता है। जिन्हें लगता है कि हम क्यों इतना लिख-बोल रहे हैं, जबकि यह हमसे कोई बहुत जुड़ा हुआ मुद्दा नहीं है। उनसे हमें कुछ कहना है। जो आप सोचते हैं, हमें भी पता है। हमसे बेहतर कौन जानता है कि यहां लिखने-पढ़ने से उधर फ़र्क़ नहीं पड़ता मगर हम लिखते हैं। असल में दुनिया में कहीं भी कोई मसला गुज़रे और उसमें अगर आपको सही या ग़लत की समझ आए, तो बोलने में क्या बुराई है। ऐसे बहुत से मुद्दे हैं, जिन पर हमें नहीं बोलना चाहिए, क्योंकि हमारा उनसे कोई जुड़ाव नहीं है। तो क्या बोलने के लिए किसी जुड़ाव की ज़रूरत है। हमें तो यही लगता है कि हमारे पास जो नज़रिया है, उससे टकराने वाली कोई भी बात या फिर उससे जुड़ी कोई भी बात कहीं भी हो, तो कहने में क्या ही जाता है।

हम न किसान हैं और न कभी किसानी की है, तो क्या हम इन पर न ही बोलें। हम तो औरत नहीं हैं, तो क्या जिस मुश्किल का सामना यह करती हैं, उसे न लिखे। एलजीबीटीक्यू समुदाय से जुड़े न होने पर क्या हम इनकी तक़लीफ़ पर न लिखें। हम तो हर चीज़ से पल्ला झाड़ सकते हैं यह कहकर कि इससे हमारा क्या मतलब, मगर यह तो हमसे नहीं हो सकेगा।

अफ्रीका हो, यूरोप हो, अमरीका हो, अस्ट्रेलिया हो, कोरिया हो, एशिया हो या कहीं भी हो,आपको बोलने में तक़लीफ़ क्यों होती है। सबसे आसान है कि मुंह पर चादर डालकर पड़े रहो। जब अपने पर आएगी, तब देखा जाएगा। हम तो उन घरों से आए लोग हैं, जो मोहल्ले या कॉलोनी में अगर कोई मर जाए, तो उसकी मय्यत को अपने घर की मय्यत समझ दुःखी होते है। दूर दराज़ कोई लड़की टॉप करती है, तो खुश होते हैं। सुनीता विलियम्स की सफ़लता पर मुस्कुराते हैं । कल्पना चावला की मौत पर दुःखी होते हैं।

हमें दूसरे मुल्कों की वर्तमान सत्ता तो छोड़िए, पुराने लीडर भी याद हैं। उनके कामों पर नज़र रखते हैं, तभी तो सोच पाते हैं कि हममे क्या बेहतर है या क्या कम है। दुनिया में आए हैं, तो दुनिया को समझिए, उसके लीजिये कुछ कीजिए। ग़लत का विरोध कीजिए, सही का साथ दीजिए, इसके लिए इतना सोचना विचारना क्या। हां जिनमें समझ ही नहीं है, उनसे इस बात की उम्मीद भी नहीं की जानी चाहिए।

यहां लिखने या बोलने से यह होता है कि हम भी अपनी आवाज़ उसमें शामिल कर देते हैं, जिसका रास्ता हमें सही लगता है। कुछ लोग तो ऐसे होते हैं कि उन्हें अपने सगे भाई की दिक्कत से कोई लेना देना नहीं,तो कुछ ऐसे हैं जो दिक्कत में फंसे किसी भी इंसान के लिए तड़प उठते हैं। यह तो इंसान इंसान की संवेदना का अंतर है। कोई है जो चिड़िया, जानवर बचाता है, मगर इंसान के मिटने पर खुश होता है, तो क्या किया जाए। वही कीजिए, जो आपको सही लगे, हमें यही सही लगता है ।

हमें दुनिया के किसी भी मसले पर अपनी पूरी समझ से एक राय देना ठीक लगता है। अपने नज़रिए को बताना सही लगता है। हम हिरोशिमा के परमाणु हमले की हर साल मज़म्मत करते हैं, क्योंकि हम नहीं चाहते दुनिया में यह कहीं दोबारा हो। जबकि हमें कभी हिरोशिमा नहीं जाना।

हमारे बुज़ुर्ग रास्ता दिखा गए हैं कि कोई भी देश हो, कोई भी नस्ल हो, कोई भी रंग हो, कोई भी जाति हो, तुम यह देखो की तुम्हारे कदम से सबसे आख़री कमज़ोर व्यक्ति को क्या लाभ पहुंच सकता है, उसे लाभ पहुंचा दो। ज़ालिम और मज़लूम में पहचान करो और मज़लूम के साथ खड़े हो जाओ। जुल्म के दोस्त मत बनो। अब इन बेसिक समझ के लिए न कोई रॉकेट साइंस लगनी है और न ही सरहद....

तो भाई लिखने से कुछ होए या न होए, कम से कम तुम्हे यो पता चल रहा है कि किसका पक्ष क्या है, नज़रिया क्या है, सोच कैसी है। यही बहुत है। लिखने से तुम्हारी आंखों में तो कोई पर्दा नहीं रह जाएगा,समझ लो इसीलिए लिखते हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### गोदाम से बर्तन चोरी करने वाले गिरफ्तार

**बरेली, अमृत विचार** : प्रेमनगर थाना पुलिस ने रविवार देर रात आरपीएफ बैरिक, रेलवे लाइन के पास से चार चोरों को गिरफ्तार किया है। प्रेमनगर इंस्पेक्टर आशुतोष रघुवंशी ने बताया कि प्रभातनगर निवासी अंकित भाटिया का घर से कुछ दूरी पर बर्तनों का गोदाम है। 20 जून की रात में चोरों ने गोदाम की ग्रिल तोड़कर बर्तन चोरी कर लिए थे। 21 जून को अंकित भाटिया की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस चोरों की तलाश में जुट गई। रविवार देर रात पुलिस ने आरपीएफ बैरिक के पास से चार चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी अनिल उर्फ ठाकुर निवासी नया गांव थाना जलालाबाद शाहजहांपुर, हाल निवासी पीडब्ल्यूडी कॉलोनी प्रेमनगर, संजयनगर निवासी दीपू और दो बाल अपचारी हैं। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 15 पीतल के बेला, पीतल के तीन बड़े गंगा सागर, पीतल के तीन छोटे गंगासागर, पीतल की दो कटोरी, 12 पीतल की दीपक की कटोरी और एक ई-रिक्शा बरामद किया है।

### ऑडिट आपत्ति के निस्तारण में न बरतें लापरवाही

**बरेली, अमृत विचार** : डीडीओ दिनेश कुमार ने सोमवार को कहा कि ऑडिट आपत्ति के निस्तारण में लापरवाही नहीं चलेगी। उन्होंने इसके लिए बीडीओ और एकाउंटेंट को जिम्मेदार बताते हुए कहा कि अगर गड़बड़ी की गई तो कार्रवाई की जाएगी। बीडीओ के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग में उन्होंने सबसे ज्यादा जोर ऑडिट आपत्ति के निस्तारण पर दिया। इसके अलावा कहा कि आईजीआरएस के मामलों को सभी बीडीओ गंभीरता से लें। शासन और डीएम की प्राथमिकता में भी आईजीआरएस है। ऐसे में शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण करें। शिकायतकर्ता का फीडबैक जरूर लें, जिससे मामले डिफाल्टर न हों। फैमिली आईडी बनाने के कार्य में भी तेजी लाएं। कहा कि सभी बीडीओ लक्ष्य की पूर्ति करें। एकाउंटेंट को बैठक के लिए विकास भवन में बुलाया गया था।

### तीन सौ लोगों को कराया निशुल्क भोजन

**बरेली, अमृत विचार** : श्री डोंगरे महाराज की स्मृति में रविवार को श्री वैष्णव सेवा ट्रस्ट की ओर से निशुल्क भोजन शिविर का आयोजन साहू भवन पक्का बाग पर किया गया। जिसमें लगभग तीन सौ लोगों ने भोजन किया। कैलाश चंद्र शर्मा, जुगल किशोर, दीपेश खंडेलवाल आदि उपस्थित रहे।

### लोगों की समस्याओं का तत्काल होगा समाधान

**देवरनियां, अमृत विचार** : विद्युत उपखंड देवरनियां में सोमवार को मेरठ से आए विशाल कंसल ने एसडीओ पद भार ग्रहण कर लिया। इसके बाद उन्होंने बताया उपभोक्ताओं की हर समस्या का निराकरण करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा किसी भी उपभोक्ता को बिल अथवा विद्युत संबंधी कोई भी समस्या है तो किसी भी समय मेरे कार्यालय आकर जानकारी दे सकते हैं।

### बीईओ का शिक्षक संगठनों ने किया स्वागत

**मीरगंज, अमृत विचार** : नव नियुक्त बीईओ अश्विनी कुमार का सभी शिक्षक संगठनों ने स्वागत किया। इस दौरान उत्तर प्रदेशीय महिला शिक्षक संघ, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, टीएससीटी, अटेवा, यूटा, उत्तर प्रदेशीय शिक्षामित्र संघ आदि के पदाधिकारी मौजूद रहे। बीईओ ने शिक्षकों की समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया। स्वागत करने वालों में प्रतिश्रुति, विनीता शाक्य, नसरीन बानो, प्रतिभा गंगवार, विनीता गंगवार, धर्मपाल गंगवार, सर्वेश कुमार गंगवार, अरविंद कुमार गंगवार, युसुफ खान, भारत वीर गंगवार, अमित कुमार गंगवार, संतोष कुमार गंगवार, तेज बहादुर गंगवार, रमेशचन्द्र मौर्य, घनश्याम मौर्य, डॉ भोले राम प्रजापति, सतीश बाबू, मुनेश बेग, आदि उपस्थित रहे।

### जलकुंभी में फंसे सांड़ को फायर ब्रिगेड ने बचाया

**भमोरा, अमृतविचार** : गांव महारा में ग्रामीणों ने एक सांड़ को तालाब में जलकुंभी में फंसा देखा तो पहले ग्रामीणों ने खुद कई घंटे कोशिश की, असफल होने पर यूपी 112 को सूचना दी। इसके बाद पुलिस कर्मियों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड की गाड़ी टीम के साथ पहुंची। इसके साथ ही ग्रामीण ने भी रक्षक दल को सूचना दी। इसके बाद सभी ने कोशिश करके सांड़ को बाहर निकाला।

### राशन कम देने की एसडीएम से शिकायत

**नवाबगंज, अमृत विचार** : गांव सैदपुर सरौरा के लोगों ने एसडीएम से कोटेदार की शिकायत की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कोटेदार राशन धारकों के केवल चावल ही देता है और राशन भी कम देता है, जिसका विरोध पर वह लड़ाई-झगड़े पर उतारू हो जाता है। इसके अलावा अंत्योदय कार्ड वालों को 33 किलो प्रति कार्ड अनाज और ढाई किलो चीनी प्रति कार्ड 50 रुपये लेकर देता है। राशन लेने आए लोगों से अंगूठा लगवाने के बाद राशन देने में आना-कानी करता है। अक्सर राशन की दुकान बंद रहती है। इस मामले की जांच की मांग की है। इस दौरान रामश्री गंगवार, अबरार, देवी दास भगवान दास, नफीस अहमद, तुफैल अहमद आदि शामिल रहे।

# महिला ने सीएम आवास के सामने की खुदकुशी की कोशिश

## गौतमपल्ली थाने की पुलिस ने सिविल अस्पताल पहुंचाया, पूछताछ जारी

संवाददाता, लखनऊ/पीलीभीत

**अमृत विचार** : मुख्यमंत्री आवास की तरफ जाने वाले रास्ते पर बने टैंगो गेट नंबर-3 पर सोमवार को महिला ने ज्वलनशील पदार्थ उड़ेलकर आत्मदाह का प्रयास किया। गेट पर मौजूद आत्मदाह निरोधी दस्ते ने हरकत देखी और लपककर महिला को पकड़ लिया। इसके बाद सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां गौतमपल्ली पुलिस को सुपुर्द कर दिया। महिला अपने भाई के साथ आई थी। वह पीलीभीत की रहने वाली है। पीलीभीत के हजारा थाने में उसके साथ हुई अभद्रता की रिपोर्ट दर्ज है। पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया।

एसीपी विकास जायसवाल के मुताबिक, घटना सुबह करीब 11 बजे की है। पीलीभीत के हजारा थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी 27 वर्षीया महिला ने आत्मदाह का प्रयास किया। वह एक वेबसाइट के लिए खबरों के संकलन का काम करती है। वह अपने भाई मनदीप सिंह और भतीजी के साथ मुख्यमंत्री आवास के सामने पहुंची थी। साथ में ज्वलनशील पदार्थ और माचिस लाई थी। महिला ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि अप्रैल माह में उनके घर में घुसकर अभद्रता की गई। उन्होंने 14 मई को पीलीभीत के हजारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। आरोप है कि पुलिस मामले की सही से जांच नहीं कर रही है, न ही अब तक कोई कार्रवाई की है। इससे परेशान होकर उन्होंने आत्मदाह करने की कोशिश की।

### आत्मदाह की चेतावनी के बाद हुई थी रिपोर्ट

**पूरनपुर, अमृत विचार** : घर में घुसकर छेड़छाड़ और लूटपाट के इस मामले में थाना हजारा और अधिकारियों से शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं हुई तो महिला ने उस वक्त भी आत्मदाह की चेतावनी दी थी, जिसके बाद बमुश्किल एफआईआर हो सकी थी। पीड़िता के अनुसार, 23 अप्रैल को वह अपनी बहन के साथ घर में सो रही थी। इस दौरान बिना नंबर प्लेट की गाड़ी से छह लोग उसके घर देर रात आ धमके। आरोप है कि घर में घुसे अज्ञात लोगों ने उसे चारपाई से नीचे गिरा दिया और अश्लील हरकतें कीं। बहन के विरोध करने पर उसकी पिटाई कर दी। शोर सुनकर पहुंचीं उसकी बहन और भाई को भी अज्ञात लोगों ने पीटा। महिला ने उन पर असलहे के बल पर सोने के आभूषण लूटने का आरोप भी लगाया। सुबह महिला ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत की थी, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की थी। उसके बाद महिला ने एसपी और पुलिस महानिदेशक से शिकायत की थी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। बता दें कि पुलिस अधिकारियों से शिकायत के बाद भी कार्रवाई न होने पर महिला ने 16 मई को ही मुख्यमंत्री दरबार में आत्मदाह की चेतावनी दी थी।

# वार्मर मशीन की जगह बल्ब से कर रहे बच्चे का इलाज



संवाददाता, फरीदपुर

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से निजी अस्पताल संचालक बिना संसाधन के मरीजों का इलाज करके उनकी जान को खतरें में डाल रहे हैं।

कुछ ऐसा ही मामला फरीदपुर स्टेशन रोड स्थित निजी हास्पिटल में सामने आया हैं। यहां एक 25 दिन के पीलिया पीड़ित शिशु का उपचार किया जा रहा है। खास बात है कि वार्मर मशीन की जगह उसे बल्ब से गर्मी देकर इलाज किया जा रहा है। बच्चे को बेड पर लिटाकर लगभग एक फुट ऊपर पांच बल्ब लटका कर गरमी दी जा रही हैं। डॉक्टर ने बताया इस तरह से इलाज करने से बच्चा ठीक हो जाएगा। ऐसी लापरवाही बच्चे की सेहत के लिए हानिकारक है। इस मामले में अस्पताल के डॉक्टर का कहना है कि टंप्रेचर मेंटेन करने के लिए बल्ब लगाए हैं। मशीन के अलावा भी बल्ब लगाकर गर्महाट दी जा सकती है। वहीं सीएचसी प्रभारी डॉ. अनुराग गौतम ने कहा कि अभी मैं बाहर हूं, मामले की जांच कर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# कई विभागों की प्रगति रिपोर्ट खराब, सीडीओ हुई सख्त

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पोर्टल में गड़बड़ी की वजह से ऑनलाइन नहीं दिख रही रिपोर्ट
- अब हर शुक्रवार को सीडीओ योजना की करेंगी समीक्षा

**अमृत विचार :** जिले को गरीबी से मुक्त करने के लिए जीरो पॉवर्टी अभियान के तहत किए गए सर्वे में पात्र मिले लोगों को योजना से जोड़ने में कई विभागों की प्रगति खराब है। इसपर सीडीओ देवयानी ने सख्ती दिखाई है। वह अब हर शुक्रवार को विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करेंगी। वहीं एक सप्ताह पूर्व डीएम के साथ हुई बैठक का सभी विभागों को कार्यवृत्त जारी कर दिया गया है।

जीरो पॉवर्टी के तहत 1 अक्टूबर तक जिले को गरीबी से मुक्त करने की योजना है। 1188 ग्राम पंचायतों में सरकारी योजनाओं से वंचित 25-25 परिवार चिह्नित हुए हैं। इसमें 27 हजार से अधिक लोगों को चिह्नित किया गया है। इन्हें अलग-अलग योजनाओं से लाभान्वित करने की तैयारियां की जा रही हैं। अभी पूर्ति विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, समाज कल्याण विभाग, महिला कल्याण विभाग, कृषि और श्रम विभाग से पात्रों को लाभ देने के लिए लक्ष्य निर्धारित किया गया है। 16 जून को डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में जीरो पॉवटी अभियान की हुई समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त सीडीओ ने सभी विभागों को जारी किया है। इसके अनुसार जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, महिला कल्याण और समाज कल्याण विभाग की प्रगति खराब है। डीपीआरओ और जीरो पॉवर्टी के नोडल अधिकारी कमल किशोर ने बताया कि इन विभागों की प्रगति ठीक नहीं है। सीडीओ ने इसको लेकर सख्ती बरती है। लक्ष्य के अनुसार पात्रों को योजना से जोड़ने के लिए सख्त आदेश दिए हैं।

# फसल उजाड़ने और पक्के तूदे उखाड़ने के विरोध पर पीटा

**मीरगंज, अमृत विचार :** दबंगों ने पक्के तुदे उखाड़ने और फसल को नुकसान पहुंचाने का विरोध करने पर एक महिला के साथ मारपीट की पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

गिरजावती निवासी ग्राम नहडोली पोस्ट सीकरी तहसील बिसौली बदायूं ने बताया उसकी ग्राम लभेड़ा पुरोहित तहसील मीरगंज में जमीन है। उस पर उसका कब्जा है। 21 जून 2025 को उसके बटाईदार जसपाल सिंह खेत पर पहुंचे, राज सिंह निवासी हरियाणा, हाल पता इकबाल सिंह का झाला ग्राम बसंतपुर थाना सिरौली के साथ खेत में घुसकर खेत बाजरे की फसल को नुकसान पहुंचाया गया। खेत में लगे पक्के तुदे भी उखाड़ दिए। उसने विरोध किया तो उससे मारपीट और गाली गलौज की गई। पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई । पीड़िता ने आरोपियों पर सोमवार को रिपोर्ट दर्ज कराई।

# टीएलएम से छात्रों की जिज्ञासाओं को शांत कर सकेंगे शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जिले में हैं 67 राजकीय माध्यमिक विद्यालय, प्रत्येक को पांच-पांच हजार रुपये मिले

**अमृत विचार :** जिले के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों का शिक्षण कार्य उनकी व्यक्तिगत आवश्यकताओं और रुचि के अनुरूप टीएलएम (टीचिंग लर्निंग मटेरियल) के माध्यम से कराया जाएगा। शासन ने इसके लिए 3.35 लाख रुपये का बजट जारी किया है।

जिले में 67 राजकीय माध्यमिक विद्यालय हैं। माध्यमिक शिक्षा विभाग के निदेशक महेंद्र देव के जारी आदेश में कहा गया है कि विभाग की तरफ से छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापरक शिक्षा देने की कवायद चल रही है। इसी को ध्यान में रखकर प्रत्येक विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों को टीएलएम तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई है। टीएलएम को तैयार करने के लिए शासन स्तर से जिले के प्रत्येक राजकीय माध्यमिक विद्यालय के स्कूल मैनेजमेंट डेवलपमेंट कमेटी के खाते में पांच-पांच हजार रुपये भेजे गए हैं। टीएलएम के निर्माण के लिए प्रधानाचार्यों को विषयवार शिक्षकों की बैठक लेनी होगी।

डीआईओएस डॉ. अजीत कुमार ने बताया कि शिक्षकों को टीएलएम के माध्यम से छात्रों की जिज्ञासाओं को शांत करने का अवसर मिलेगा। टीएलएम एक ऐसा साधन है जो शिक्षकों को छात्रों को विभिन्न विषयों को समझाने में मदद करता है। विद्यालय में अगर एक विषय के अधिक शिक्षक तैनात होंगे, तो वे अलग-अलग टॉपिक पर अपना टीएलएम तैयार करेंगे।

टीएलएम से बच्चों को आसानी से सभी विषयों को समझाया जा सकेगा। सभी प्रधानाचार्यों को इस संबंध में निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

# बिल्सी में फटा गैस सिलेंडर, दो मंजिला मकान ढहा

**बिल्सी ,अमृत विचार :** गांव बरनी में सोमवार सुबह चाय बनाते समय गैस सिलेंडर में आग लग गई। धमाका होने से दो मंजिला मकान भरभराकर गिर गया। हादसे के समय घर में मौजूद महिला बाल-बाल बच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी लेने के बाद जांच शुरू कर दी है।

गांव बरनी निवासी शिवलाल ने बताया कि पत्नी कांती देवी उर्फ मार्ग श्री सुबह करीब सात बजे घर की दूसरी मंजिल पर कमरे के अंदर बनी रसोई में चाय बनाने के लिए गई थी। गैस पर पानी रख कर गैस चूल्हे चलाया। इसी दौरान सिलेंडर से गैस लीक होने से पाइप ने आग को पकड़ ली। धीरे-धीरे आग की लपटे बढ़ती गई।

# थाने के पास सर्राफा- मोबाइल की दुकान में चोरी

संवाददाता, कांट/शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** थाने से चंद कदम की दूरी पर चोरों ने सर्राफा और मोबाइल की दुकानों को निशाना बना डाला। चोरों ने दोनों दुकानों के शटर के तोड़ दिए। चोर सराफा की दुकान से दो लाख के सोने व चांदी के जेवर और मोबाइल की दुकान से नगदी, मोबाइल समेत डेढ़ लाख रुपये का सामान चोरी हो गया है। एक ही रात में हुई दो चोरी की घटनाओं से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। पुलिस ने दोनों दुकानों का मौका मुआयना किया।

चौक कोतवाली के मोहल्ला नकब मस्जिद कांच निवासी ज्ञान प्रकाश की कस्बा कांट में सराफा की दुकान है। वह शाम सात बजे दुकान बंद करके घर चले आए। चोरों ने रात ही में सराफा की दुकान का शटर तोड़ दिया और दुकान के अंदर घुस गए। चोरों ने तिजोरी का लॉक तोड़ दिया और तिजोरी में रखे सोने व चांदी के जेवर निकाल लिए। चोरों ने जेवर के डिब्बे दुकान में खाली करके फेंक दिए। सोमवार की सुबह लोगों ने देखा कि दुकान का शटर टूटा और दुकान में सामान बिखरा पड़ा है। लोगों ने दुकान मालिक को सूचना दी। सराफा व्यापारी ज्ञान प्रकाश दुकान पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। उन्होंने बताया कि चोर सोने व चांदी के करीब दो लाख रुपये के जेवर ले गए है।

इसके बाद चोरों ने महुआ तिराहे पर एक मोबाइल की दुकान को भी निशाना बनाया था। मोबाइल शाप स्वामी शहजाद निवासी हिन्दू पट्टी थाना कांट सोमवार को चोरी की जानकारी मिलने पर दुकान पर पहुंचे। चोरों ने उनकी दुकान का शटर तोड़ दिया था। चोर उसकी दुकान से नए मोबाइल, पुराने मोबाइल, चार्जर समेत करीब डेढ़ लाख रुपये का सामान चुराकर ले गए है। सीओ सदर प्रयांक जैन ने दोनों दुकानों का मुआयना किया। प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश सिंह ने तहरीर मिल गई है और जांच की जा रही है।

### आरोप रात में गश्त नहीं होती

व्यापारियों ने बताया कि दोनों दुकानों में चोरी थाना से चंद कदम की दूरी है। दोनों दुकान मुख्य रोड पर है। व्यापारियों का आरोप है कि रात में पुलिस की गश्त नहीं होती है। यदि पुलिस की रात में गश्त होती तो शायद दुकानों में चोरी नहीं पाती। चोरी की घटना को लेकर दुकानदारों में भय व्याप्त है। व्यापारियों ने मांग की है कि रात में बाजार में पुलिस की गश्त कराई जाए।

# नौकरी लगवाने के नाम पर 1.50 लाख की ठगी

**पीलीभीत,अमृत विचार :** सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक व्यक्ति से 1.50 लाख की ठगी कर ली। आरोपी ने खुद को प्रभावशाली बताकर सीएमओ से नजदीकी संबंध होने का हवाला दिया और रकम ऐंठ ली। पीड़ित ने जब लंबे समय तक न नौकरी मिली और न ही पैसे वापस मिले, तो मामले की शिकायत सुनगढ़ी थाने में की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

के गांव नौगवां पकड़िया निवासी मोहम्मद जाफर पुत्र मकबूल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी जान पहचान शहर के छोटा खुदागंज के रहने वाले तौफीक से हुई थी। उसके बाद आरोपी का उसके घर आना जाना हो गया।

# भतीजों ने दिव्यांग की गला घोंटकर की हत्या, बोरी में बंद कर फेंका शव

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**16** बीघा जमीन के लालच में की गई थी हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार:** शहर के मोहल्ला शरबती कॉलोनी निवासी गायब हुए दिव्यांग का शव सोमवार को उल्ल नदी के रवही पुल के किनारे बंद पड़ी बोरी से बरामद हुआ है। वह दस जून से गायब चल रहा था। मौसेरे भाई ने कोतवाली सदर में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने मृतक के दो भतीजों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि दोनों आरोपियों ने उसकी 16 बीघा जमीन के लालच में गला घोंटकर हत्या की और शव बोरी में बंद कर कार से रवही पुलिस के किनारे फेंक दिया था। पुलिस ने उसकी ट्राईसाइकिल और घटना में प्रयुक्त कार भी बरामद कर कब्जे में ली है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव चनपुरा निवासी दिव्यांग रमाकांत मौर्य (43) शहर की सरबती देवी कॉलोनी में अपने एक रिश्तेदार के साथ रहता था। उसकी गांव में 16 बीघा जमीन थी। वह दस जून की सुबह ट्राईसाइकिल से घर से निकला था। उसके बाद वह घर वापस नहीं आया। परिवार के लोगों ने उसकी तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चला। अगले दिन दिव्यांग रमाकांत मौर्य के मौसेरे भाई अच्छेलाल ने कोतवाली सदर पुलिस को गुमशुदगी की तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट तो दर्ज कर ली, लेकिन सक्रियता नहीं दिखाई। परिजनों ने उसकी तलाश जारी रखी। इस दौरान परिवार वालों को पता चला कि अपनी ट्राई साइकिल से गांव चनपुरा गया था। वहां अपने भतीजे जीतू और गोलू से मिला था। इसके बाद वह रहस्यमय तरीके से गायब हो गया। परिजन ने यह जानकारी पुलिस को दी तो वह हरकत में आई और छानबीन तेज कर दी।

# पत्नी से फोन पर की बात फिर फंदा लगाकर दी जान

**कुंवरगांव,अमृत विचार :** गांव बनेई निवासी चंद्रकेश (35) पुत्र करन सिंह दिल्ली में रहकर सिलाई का कार्य करते थे। पत्नी बच्चों के साथ गांव में रहती थी।

कुछ समय से चंद्रकेश का उनकी पत्नी से विवाद चल रहा था। इसके चलते पत्नी तकरीबन एक महीने पहले अपने माता-पिता के पास चंडीगढ़ चली गई थी। चंद्रकेश चार दिन पहले दिल्ली से गांव आए थे। सोमवार सुबह लगभग साढ़े आठ बजे उन्होंने फोन करके पत्नी से बात की। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच फोन पर भी कहासुनी हुई थी। इस दौरान युवक के पिता बाहर गए थे और माता पशुओं के लिए चारा लेने गई थीं। युवक ने अपने घर में कुंडे पर फंदे पर लटककर जान दे दी। युवक की मां घर पर पहुंची तो कोहराम मच गया। परिजनों ने पुलिस को बिना सूचना दिए शव को फंदे से उतार लिया।

### वीडियो बनाने की वजह से हमलावर हुई थी बाघिन

**पूरनपुर, अमृत विचार :** गन्ने के खेत में काम करने के दौरान एक बाघिन ने ग्रामीण पर हमला कर दिया। हालांकि ग्रामीण बच गया। दूसरे दिन वन विभाग ने उसकी लोकेशन ट्रेस की। बाघिन के शावकों समेत जंगल में वापस लौटने का दावा किया जा रहा है। पूरनपुर तहसील क्षेत्र का गांव शास्त्रीनगर जनपद लखीमपुर खीरी के संपूर्णानगर जंगल के पास है। रविवार को गांव के धनेश जंगल से सटे अपने गन्ने के खेत में गुड़ाई करने गए थे। इस दौरान शावकों के साथ घूम रही बाघिन ने धनेश पर हमला करने के लिए छलांग लगा दी। धनेश बाल बाल बच गए। शोर शराबा करने पर बाघिन शावकों को लेकर चली गई। जानकारी लगते ही संपूर्णानगर रेंज की वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। टीम ने आस पास के क्षेत्र में बाघिन की लोकेशन ट्रेस करने का प्रयास किया।

# डीएल के आवेदन के लिए वसूल रहे अधिक रकम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- डीटीआई में परमानेंट लाइसेंस बनवाने आए लोगों ने अधिक पैसे लेने का लगाया आरोप

**अमृत विचार:** सरकार ने ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए जनसुविधा केंद्र और कॉमन सर्विस सेंटर पर आवेदन शुल्क से अधिक दाम वसूले जा रहे हैं। ये आरोप ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (डीटीआई) में परमानेंट लाइसेंस के टेस्ट में फेल होने वालों ने लगाए हैं।

अधिकारियों के अनुसार लर्निंग डीएल के लिए आवेदक जन सुविधा केंद्र और सीएससी से आवेदन करता है तो 30 रुपये शुल्क निर्धारित है। इसके अलावा 350 रुपये सरकारी फीस है, जबकि परमानेंट डीएल के लिए आवेदक का कार्यालय आना जरूरी होता है क्योंकि बायोमेट्रिक होती है। सोमवार को डीटीआई पहुंचे नवाबगंज के बबूरी निवासी राजू ने बताया कि लर्निंग डीएल के लिए उनसे एक हजार मांगे। जब कुछ कम करने को कहा तो 800 रुपये लिए थे। परमानेंट लाइसेंस की फीस भी ऑनलाइन कटाई, लेकिन मेडिकल में अनफिट देख लाइसेंस बनाने से मना कर दिया। नवाबगंज के माधोपुर के मुकेश अपने भाई के साथ डीटीआई में मिले। उन्होंने बताया कि लर्निंग डीएल तो घर के पास एक कैफे से 700 रुपये में बन गया, परमानेंट लाइसेंस बनवाने के आए तो पता चला कि यह तो 350 रुपये में ही बन जाता है। महानगर के हिमांशु अग्रवाल ने बताया कि परमानेंट लाइसेंस के लिए उनके यहां कैफे पर दो हजार रुपये तक लिए जा रहे हैं, जबकि फीस इससे आधी है। आरटीओ प्रवर्तन प्रणव झा का कहना है कि उनके पास आवेदक यदि लिखित शिकायत करता है तो कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### शिविर में 754 लोगों को मिले सहायक उपकरण



**फरीदपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय व्योश्री योजना के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों के लिए सामाजिक अधिकारिता शिविर फरीदपुर एक बरात घर में लगा, जिसमें नि:शुल्क सहायक उपकरण बांटे गए। कुल 754 लाभार्थियों को 56 लाख 81 हजार मूल्य के 4430 सहायक उपकरण जैसे सिलिकॉन कुशन, व्हील चेयर, श्रवण यंत्र, घुटने के ब्रेस, कमोड चेयर, छड़ी आदि दी गई। इस अवसर पर सांसद नीरज मौर्य, विधायक प्रो. श्याम बिहारी, एसडीएम मल्लिका नैन, तहसीलदार सुरभि राव, सर्किल ऑफिसर संदीप सिंह, एलिम्को ऑफिसर संदीप, हिमांशु एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### थाने में पुलिस कर्मियों का हुआ चिकित्सीय परीक्षण



**कैंट, अमृत विचार :** कैंट थाने में लालफाटक स्थित निजी हॉस्पिटल की ओर से सोमवार को नि:शुल्क चिकित्सीय जांच शिविर लगा। थाने में तैनात पुलिस कर्मियों की ब्लड प्रेशर, मधुमेह, बुखार इत्यादि रोगों की जांच की गई। इस दौरान इंस्पेक्टर कैंट राजेश कुमार, इंस्पेक्टर क्राइम शैलेंद्र कुमार, एसएसआई कृष्ण कुमार, एसआई आजाद कुमार, अवधेश कुमार समेत 45 पुलिस कर्मियों की चिकित्सीय जांचें की गई। पुलिसकर्मियों को डॉक्टरों ने परामर्श देकर दवा, इलाज तथा रोगों से छुटकारा पाने के तरीके बताए।

### सुभासपा ने चुनाव की तैयारियों को लेकर की बैठक



**बरेली, अमृत विचार** : सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की सुभाषनगर स्थित जिला कार्यालय में आगामी जिला पंचायत चुनाव को लेकर बैठक हुई। जिलाध्यक्ष भारतेंदु सोनकर ने पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी और पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया। जिला प्रमुख सूरजपाल, जिला महासचिव राज तोमर, पंकज कुमार, जिला उपाध्यक्ष डॉ. नारायण मंडल, चंद्रसेन शाक्य, मीरगंज विधानसभा अध्यक्ष गुलाब मास्टर, जिला सचिव योगेश कुमार, शक्ति सिंह आदि मौजूद रहे।

### शिया समुदाय में मोहर्रम को लेकर तैयारी शुरू



**बरेली, अमृत विचार :** शिया समुदाय ने मोहर्रम को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। इमामबाड़ों में साफ-सफाई चल रही है। अंजुमन ऑल इंडिया गुलदस्ता ए हैदरी के मीडिया प्रभारी शानू काजमी ने बताया कि शिया समुदाय की सभी अंजुमनों ने भी आपसी बातचीत करके मोहर्रम पर होने वाले कार्यक्रम को लेकर रणनीति बना ली है। चांद के अनुसार शुक्रवार या शनिवार से मोहर्रम का आगाज हो जाएगा। उसके बाद मोहर्रम की चांद रात से ही अलम के जुलूस और मजलिस शुरू हो जाएंगी। उन्होंने बताया कि मोहर्रम गम का महीना है। अंजुमनों से अपील करते हुए कहा कि अगर जुलूस के दौरान रास्तों में एंबुलेंस आती है तो उनको पहले रास्ता दें। इसके साथ ही दूसरे धर्मों के जुलूसों और कांवड़ यात्रा का भी सम्मान करें।

### गीता लोक विभूति से पंडित महेश हुए सम्मानित



**बरेली, अमृत विचार :** यथार्थ गीता दिव्य ज्ञान ट्रस्ट की ओर से सोमवार को मेयर डॉ. उमेश गौतम ने पंडित महेश दत्त गौतम को गीता लोक विभूति से सम्मानित किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित हरिओम गौतम ने बताया कि यह सम्मान महेश दत्त को उनके वैवाहिक कार्यों में योगदान के लिए दिया गया है। ट्रस्ट के सचिव एवं मेडिकल एसोसिएशन के वरिष्ठ पदाधिकारी विजय मूलचंदानी, ब्राह्मण महासभा के वरिष्ठ पदाधिकारी मुकेश शर्मा, बचन सारस्वत आदि उपस्थित रहे।

### रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने के लिए सौंपा ज्ञापन

**बरेली, अमृत विचार :** जनसेवा टीम के अध्यक्ष पम्मी खां वारसी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सोमवार को मेयर डॉ. उमेश गौतम को ज्ञापन सौंपा। मांग की गई कि जलभराव के क्षेत्रों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं बोरवेल सिस्टम की व्यवस्था की जाए, ताकि बारिश के दिनों में जलभराव की समस्या न उत्पन्न हो। इस समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। ज्ञापन में बताया कि जलभराव के कारण सुभाष नगर, बिहारीपुर मलूकपुर, कुंवरपुर, जसौली, मढ़ीनाथ, नेकपुर, हजियापुर, कुतुबखाना, बटलर प्लाजा, संजय नगर, इज्जतनगर, मठ लक्ष्मीपुर, बाकरगंज, सिकलापुर, पंजाबपुर, पुराना शहर आदि क्षेत्रों में बारिश के समय जलभराव रहता है। वहीं, सरकारी और गैर सरकारी इमारतों एवं पार्कों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम होना चाहिए। इस दौरान विशेष कुमार, डॉ सीताराम राजपूत, निक्की वर्मा, विशाल मेहरोत्रा, विशेष कुमार, हाजी साकिब रजा खां, नईम खान आदि मौजूद रहे।

### श्री कृष्ण रासलीला महोत्सव के दूसरे दिन हुआ नंदोत्सव



**आंवला, अमृत विचार :** कस्बे के रामनगर रोड स्थित एक बरात घर में श्रीकृष्ण रासलीला महा महोत्सव के दूसरे दिन पूतना वध और नंद महोत्सव का मंचन किया गया। श्री जगन्नाथ रथ यात्रा के उपलक्ष्य में आयोजित रासलीला में बरसाना धाम के कलाकारों ने नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की आदि भजनों पर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। 29 जून तक रात्रि 8 बजे से रात्रि 11 बजे तक आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में कस्बे की महिलाएं और पुरुष भजनों का आनंद उठा रहे हैं। कार्यक्रम में सूरजभान गुप्ता, संजय अग्रवाल उर्फ बॉबी, नीलेश सिंह, राधाकृष्ण एडवोकेट, नीटू खंडेलवाल, धनवीर सिंह, आदि मौजूद रहे।

पूर्वोत्तर रेलवे
शुद्धि पत्र संख्या-1
ई-निविदा संख्या : उप मु०इं०-नि०-1-जीकेपी-पी एम एस- 3-2025 खुलने की तिथि : 23.07.2025, कार्य का नाम - "पूर्वोत्तर रेलवे के आनंद नगर - घुघुली नई बीजी रेलवे लाइन परियोजना के संबंध में घुघुली (छोड़कर) और महराजगंज (सहित) खंड (लंबाई: 24.500 किमी) की नई सिंगल ब्रॉड गेज लाइन के सिविल इंजीनियरिंग कार्यों, विद्युतीकरण कार्यों और सिग्नलिंग कार्यों के लिए परियोजना प्रबंधन सेवाएं प्रदान करने के लिए प्राधिकरण इंजीनियर की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव का अनुरोध (आरएफपी)" के सम्बन्ध में आमंत्रित उपरोक्त निविदा हेतु शुद्धि पत्र संख्या 1 जारी कर दिया गया है। इससे सम्बन्धित विवरण के लिए कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं।
उप मुख्य इंजीनियर/ निर्माण-1/ गोरखपुर
मुजाधि/डब्ल्यू - 129
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

## गोंडा में किशोर को घाघरा नदी में खींच ले गया मगरमच्छ

**गोंडा, एजेंसी :** जिले में घाघरा नदी के किनारे भैंस नहला रहे एक किशोर को मगरमच्छ ने नदी में खींच लिया। हादसा रविवार की शाम को उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र के सोनौली मोहम्मदपुर गांव में हुआ। थाना प्रभारी नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि गांव के रहने वाले कुंवर बहादुर यादव का पुत्र राजा बाबू उर्फ नान यादव (13) नदी के किनारे भैंस नहला रहा था। तभी एक मगरमच्छ अचानक पानी से बाहर आया और उसे अपने जबड़े में दबोच कर नदी में खींच ले गया।

राय ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। लगभग पांच घंटे तक तलाशी अभियान चलाया गया लेकिन बच्चे का कोई सुराग नहीं मिला। सोमवार सुबह फिर से तलाशी अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मगरमच्छ ने पहले बच्चे के पैर को जबड़े में लिया और उसे गिराने के बाद गर्दन पकड़कर पानी में खींच ले गया।

# लखनऊ में हमसफर एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश, रिपोर्ट

### मल्हौर स्टेशन के पास पटरी पर रखा भारी भरकम लोहे का टुकड़ा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी के मल्हौर स्टेशन के पास पटरी पर भारी-भरकम लोहे का ढांचा रखकर सोमवार तड़के हमसफर एक्सप्रेस के पलटाने की साजिश की गई। लोको पायलट से इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक दिया। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) सिविल पुलिस और रेलवे के अधिकारियों ने जांच शुरू कर दी है।

आनंद विहार से गोरखपुर जाने वाली 12572 हमसफर एक्सप्रेस लखनऊ से रवाना होकर बाराबंकी की ओर जा रही थी। तड़के 3: 40 बजे लोको पायलट को मल्हौर रेलवे स्टेशन के पास पटरी पर लोहे का बड़ा टुकड़ा रखा दिखा। पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगा कर ट्रेन को रोक दिया। इसके बाद घटना



- लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर रोकी ट्रेन
- इंजन में हुई मामूली क्षति, सभी बोगियां सुरक्षित

की सूचना अधिकारियों को दी। अधिकारियों के बताया कि लोहे के टुकड़े के टकराने से इंजन को मामूली क्षति पहुंची।

ट्रेन के डिब्बों और यात्रियों को कोई नुकसान नहीं हुआ। तकनीकी जांच के बाद ट्रेन को रवाना कर दिया गया। आरपीएफ और गोमती नगर पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की मंशा और रेलवे एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला जा रहा है।

**पहले भी की गई थी इस तरह की साजिश**

इससे पहले गरीब रथ स्पेशल ट्रेन पलटाने की साजिश की गई थी। रहीमाबाद के पास रेल ट्रैक पर मोटा लकड़ी का बोटा आम के पते और भगवा कपड़े में लपेट कर रखा गया था। रात में ही आरपीएफ ओर रेलवे अधिकारियों ने ट्रैक साफ कराया था। इससे करीब एक घंटे तक डाउन ट्रैक बाधित रहा था। गैंगमैन की तहरीर पर रहीमाबाद कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया था।

## प्रदेश में नौकरशाही में बड़े बदलाव की सरगर्मी तेज

**लखनऊ, अमृत विचार :** इस महीने बचे चंद दिनों में उत्तर प्रदेश की नौकरशाही में बदलाव की सरगर्मी है। तमाम कमीश्नर, डीएम से लेकर अपर मुख्य सचिव तक फेरबदल संभव है। साथ ही मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के अगले महीने रिटायरमेंट को लेकर भी कयासबाजी का दौर है। एक ओर चर्चा उनका कार्यकाल बढ़ाए जाने की है तो वहीं, उनके रिटायर हो जाने की स्थिति में नये मुख्य सचिव की रेस में आने वाले वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के नाम भी गिने जा रहे हैं। इस रेस में साल 1989 बैच के आईएएस एसपी गोयल, देवेश चतुर्वेदी और 1990 बैच के दीपक कुमार के नाम आगे हैं।

दरअसल, मौजूदा समय वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों का टोटा है। हाल ही में स्टांप व निबंधन और स्वस्थ्य विभाग में जिम्मेदार कुर्सियों पर बैठे दो आईएएस अधिकारियों को पद से हटाकर प्रतीक्षारत किया गया है। ऐसे में एक-एक अधिकारी के पास कई-कई विभागों की जिम्मेदारी है।

# भूस्खलन में महिला समेत तीन लोगों की गई जान

संवाददाता, देहरादून

- चमोली और उत्तरकाशी में दो जगह भूस्खलन, पिता-पुत्री घायल

**अमृत विचार :** चमोली और उत्तरकाशी में भूस्खलन के दो अलग मामलों में एक महिला श्रद्धालु समेत तीन की मौत हो गई जबकि एक यात्री को बचा लिया गया। चमोली में बदरीनाथ हाइवे पर जोशीमठ और पीपलकोटी के बीच पातालगंगा के पास अचानक हुए भूस्खलन में एक कार मलबे की चपेट में आ गई।

कार में सवार फतेहाबाद (हरियाणा) निवासी शिल्पा (36) की मौत हो गई जबकि उनके पति अंकित (40) तथा 10 वर्षीय पुत्री ख्वाहिश घायल हो गई। उधर, उत्तरकाशी में यमुनोत्री यात्रा मार्ग पर 9 कैंची भैरव मंदिर के पास सोमवार शाम भूस्खलन होने से मलबे में 3-4 तीर्थयात्री दब गए। एसडीआरएफ और एनडीआरएफ ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर दो शवों को बरामद कर लिया। बताया गया कि शव क्षतविक्षत होने के चलते उनकी पहचान नहीं हो पा रही है। इनमें एक शव बच्ची का बताया गया। वहीं, मुंबई निवासी 60 वर्षीय रशिक को बचा लिया गया जिन्हें पीएचसी जानकी चट्टी में भर्ती कराया गया। एसडीएम बृजेश तिवारी ने बताया कि यमुनोत्री धाम की ओर फंसे सैकड़ों श्रद्धालुओं को सुरक्षित निकाला जा रहा है। यमुनोत्री और जानकीचट्टी जाने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्थानों पर रोका गया है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

**टिहरी में बस पलटी**

**देहरादून।** सोमवार शाम करीब 4 बजे टिहरी के देवप्रयाग में कौड़ियाला (महादेवचट्टी) के पास एक निजी बस के ब्रेक फेल हो गए। गनीमत रही कि बस सड़क पर ही पलट गई। यह बस कर्णप्रयाग से ऋषिकेश जा रही थी। बस में 30 सवारी थीं जिनमें से दो घायल हो गए।

## सरकारी अस्पतालों में स्टाफ नर्स होंगी नर्सिंग अधिकारी

**लखनऊ, अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में स्टाफ नर्स को अब नर्सिंग अधिकारी एवं नर्सिंग सिस्टर, नर्सिंग वार्ड मास्टर को सीनियर नर्सिंग अधिकारी के नाम से संबोधित किया जाएगा। यह नाम परिवर्तन केंद्र सरकार की समरूपता के परिप्रेक्ष्य में किया गया है।

उप मुख्यमंत्री ने सोमवार को बताया कि राजकीय नर्सेज संघ द्वारा इस संबंध में पूर्व में ज्ञापन दिया गया था, जिस पर निर्णय लिया गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि सहायक नर्सिंग अधीक्षक, उप नर्सिंग अधीक्षक, नर्सिंग अधीक्षक, मुख्य नर्सिंग अधिकारी के पदनामों को नहीं बदला गया है। नर्सिंग अधिकारी के पद पर भर्ती हेतु नर्सिंग में बीएससी (ऑनर्स) के पश्चात छह माह का अनुभव अथवा नर्सिंग में डिप्लोमा कोर्स के पश्चात न्यूनतम 50 शैय्या युक्त चिकित्सालय में ढाई वर्ष के अनुभव की अर्हता निर्धारित की गई है।

# 4.61 लाख के नकली नोट सहित 3 गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- आरोपियों से 500, 100, 20 रुपये की नकली करेंसी बरामद
- पकड़े गए आरोपी मुरादाबाद, उत्तराखंड और स्थानीय निवासी

**अमृत विचार :** एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत चौक कोतवाली पुलिस ने नकली नोट छापने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के सरगना पैथोलॉजिस्ट समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 500, 100 और 20 रुपये के चार लाख 61 हजार रुपये मूल्य के नकली नोट, लैपटॉप, प्रिंटर, कागज, कार, बाइक आदि बरामद किए गए हैं।

चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अश्विनी कुमार सिंह को सोमवार की सुबह पौने 7 बजे सूचना मिली कि उमरगंज जाने वाले मार्ग पर नकली नोट छापने वाला गिरोह कार से गुजरने वाला है। पुलिस ने घेराबंदी करके कार से गिरोह के सरगना समेत तीन लोगों को पकड़ लिया। पकड़े गए अभियुक्त पैथोलॉजिस्ट डॉ. नफीस अहमद निवासी कमालपुर फतेहाबाद थाना कुंदरकी जिला मुरादाबाद, पंकज गंगवार निवासी तीन पानी डाम



आरोपियों से बरामद कार, नोट व अन्य सामान।

जिला उधमसिंह नगर और निखिल मिश्रा निवासी आनंदपुरम कालोनी थाना कोतवाली शाहजहांपुर है। नफीस अहमद गिरोह का सरगना है। उसने तमिलनाडु से पैथोलॉजिस्ट की डिग्री ले रखी है।

पूछताछ के दौरान नफीस ने बताया कि निखिल ने यहां कमरा किराए पर देने के लिए बुलाया था। इसलिए नोट छापने का पूरा सेट लेकर यहां आ रहा था। यह भी बताया कि वे 15 लाख रुपये के नकली नोट नोएडा और अमरोहा में खपा चुके हैं। नफीस पर विभिन्न धाराओं में सात मुकदमे दर्ज हैं।

> चौक कोतवाली पुलिस ने नकली नोट छापने वाले गिरोह को पकड़ा है। गिरोह का सरगना डॉ. नफीस अहमद है। ये लोग यहां पर नकली नोट की खेप खपाने के लिए आ रहे थे। गैंग में शामिल अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।
> **-राजेश द्विवेदी**, एसपी

## 3.20 करोड़ रुपये की साइबर ठगी का मास्टरमाइंड दबोचा

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- उत्तराखंड एसटीएफ ने गुरुग्राम से की गिरफ्तारी

**अमृत विचार:** फर्जी पहचान और बैंक डिटेल्स का उपयोग कर करोड़ों की धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के सरगना को उत्तराखंड एसटीएफ और गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर (14सी एमएचए) के संयुक्त तकनीकी सहयोग से गुरुग्राम (हरियाणा) से गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके पास से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और फर्जी दस्तावेज बरामद किए गए हैं।

एसटीएफ के एसएसपी नवनीत सिंह ने सोमवार को बताया कि एक प्रकरण जनपद टिहरी गढ़वाल निवासी पीड़ित द्वारा इसी वर्ष माह मई में दर्ज कराया गया था, इसमें शिकायतकर्ता को माह मई में एक मैसेज प्राप्त हुआ जिसमें व्हाट्सएप नंबर सेव करने का अनुरोध किया गया और अपने आप को मैनेजिंग डायरेक्टर के रूप में पेश कर बताया कि एक नया प्रोजेक्ट है और उसके लिए हमें 1.95 करोड़ की एडवांस पेमेंट की आवश्यकता है। इसके बाद, तुरंत यह पेमेंट प्रोसेस करने को कहने लगे।

पीड़ित से उन्होंने वही राशि श्याम ट्रेडिंग कंपनी के खाते में ट्रांसफर करने का अनुरोध किया जिसके बाद उसे धोखाधड़ी का संदेह हुआ। शिकायतकर्ता को फर्जी मैनेजिंग डायरेक्टर, फर्जी पहचान और बैंक डिटेल्स के नाम का गलत उपयोग कर अभियुक्त द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से उपलब्ध कराये गये विभिन्न बैंक खातो में लगभग 3.20 करोड़ रुपये की धनराशि धोखाधड़ी से जमा करायी गयी। एसपी ने बताया कि इस मामले में एक अभियुक्त पूर्व में भी पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया गया था। अब गिरोह का सरगना ग्राम नाथुपुर, डीएलएफ, गुरुग्राम (हरियाणा) को गिरफ्तार किया गया है।

# कन्नौज में प्रेमिका की हत्या कर प्रेमी ने खुद को गोली से उड़ाया

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

- सुल्तानपुर गांव में प्रेमिका को घर में घुसकर गोली मारी
- पिता की लाइसेंसी बंदूक से खुद को भी गोली मार ली

**अमृत विचार :** सुल्तानपुर गांव में शादी न हो पाने से नाराज प्रेमी ने प्रेमिका के घर में घुस कर उसे अपने पिता की लाइसेंसी बंदूक से गोली मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद खुद को भी गोली मारकर जान दे दी। सूचना पर मौके पर पहुंचे पुलिस के आलाधिकारियों ने जांच कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। तनाव के मद्देनजर गांव में फोर्स तैनात है।

पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के कुठला गांव निवासी महिपाल सिंह यादव उर्फ फौजी के बेटे देवांशू उर्फ अन्नू (22) का पड़ोस के गांव सुल्तानपुर की युवती दीप्ती (21) पुत्री अशोक कुमार पाल से तीन वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती के परिजनों को जानकारी हुई तो 15 दिन पहले उसकी शादी जनपद औरैया के



दीप्ती पाल एवं देवांशू (फाइल फोटो)

एरवा कटरा थाना क्षेत्र के ग्राम चिट्ठा में तय कर दी। जिस युवक से शादी तय हुई, वह तालग्राम कस्बे में प्राइवेट क्लीनिक संचालित करता है।

पता चलने पर देवांशू ने तालग्राम जाकर उस लड़के को धमकाया। इसकी जानकारी लड़के ने दीप्ती के पिता को दी। रविवार को पड़ोस के गांव नगला भजूं में दोनों परिवारों के बीच पंचायत हुई, जिसमें देवांशू ने दीप्ती से सारे संबंध खत्म करने की बात कही। लेकिन सोमवार तड़के तीन बजे देवांशू पिता की 12 बोर की लाइसेंसी बंदूक लेकर सुल्तानपुर पहुंचा और छत के सहारे प्रेमिका के कमरे में पहुंच गया। जहां दीप्ती अपनी छोटी बहन दीपांशु के साथ सो रही थी। देवांशू ने दीप्ती के माथे पर गोली मार दी। घर से कुछ दूर तालाब किनारे खुद को भी गोली मार ली।

जानकारी मिलते ही एसपी विनोद कुमार, एएसपी अजय कुमार, सीओ छिबरामऊ सुरेश मलिक, थाना प्रभारी दिनेश कुमार, सकरावा थानाध्यक्ष अजब सिंह, विशुनगढ़ थानाध्यक्ष गौरव चौधरी, छिबरामऊ कोतवाल विष्णुकांत तिवारी मौके पर पहुंचे। घटना के बाद देवांशू के परिवारीजन मकान में ताला डालकर भाग गए। एसपी विनोद कुमार ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## पुलिस अधिकारियों को निर्धारित वर्दी पहनने का निर्देश

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने न्यायालय की कार्यवाही के दौरान एक पुलिस अधिकारी द्वारा पुलिस वर्दी की बजाय साधारण सिविल पोशाक में उपस्थित होने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि पुलिस अधिकारियों से अपेक्षा की जाती है कि वे न्यायालय में उपस्थित होने के दौरान निर्धारित वर्दी पहनकर अदालती कार्यवाही की मर्यादा को बनाए रखें। न्यायालय की कार्यवाही में किसी भी पुलिस अधिकारी का साधारण कपड़े पहनकर उपस्थित होना न्यायालय की मर्यादा का उल्लंघन है।

उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ ने शकील अहमद नामक एक पुलिस अधिकारी द्वारा दाखिल जमानत याचिका पर विचार की। मालूम हो कि याची पर 5 हजार रुपए की रिश्वत मांगने का आरोप लगाया गया है। रिश्वतखोरी के आरोप के कारण उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

# बच्ची ने सीएम से लगाई गुहार, तुरंत जारी हुआ फरमान

### मुरादाबाद के सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल में प्रवेश को योगी के जनता दर्शन में पहुंची थी बच्ची

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** अपने एडमिशन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनता दर्शन दरबार में गुहार लगाने पहुंची बच्ची को सीएम का दुलार मिला। बच्ची का स्कूल में मेरा एडमिशन करा दीजिए कहना मुख्यमंत्री के दिल को छू गया।

उन्होंने अधिकारियों को तत्काल एडमिशन कराने का आदेश दिया। वायरल वीडियो में बच्ची से बातचीत में मुख्यमंत्री के दुलार की खूब चर्चा हो रही है। स्कूल प्रबंधन ने सीएम तक पहुंचे मामले की वीडियो देखकर लौटने से पहले ही एडमिशन कर लिया। हालांकि आरटीई (शिक्षा अधिकार अधिनियम) के जरिए बच्ची का नाम प्रवेश प्रक्रिया में था। इसके बाद भी स्कूल प्रबंधन इस बच्ची का नामांकन करने में आनाकानी कर रहा था। जबकि पिता अमित ने डीएम और बीएसए से पूर्व में ही



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बात करती बच्ची। ● अमृत विचार

स्कूल की शिकायत की थी।

सोमवार को एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। इसमें मुख्यमंत्री लखनऊ के 5 कालिदास मार्ग पर जनता दर्शन में पहुंची मुरादाबाद की बच्ची ने मुख्यमंत्री से मासूमियत भरे लहजे में गुहार लगाई, कहा कि प्लीज मेरा एडमिशन सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल में करा दीजिए। जिस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उसे दुलार हुए कहते हैं कि किस क्लास में एडमिशन कराना है 10 वीं या 11 वी में। बच्ची के सीएल गुप्ता स्कूल में एडमिशन कराने की बात खत्म भी नहीं थी कि मुख्यमंत्री ने बच्ची की एप्लीकेशन

- मुरादाबाद लौटने से पहले ही स्कूल ने कर लिया एडमिशन पहले की थी आनाकानी

तत्काल गृह सचिव संजय प्रसाद को सौंपते हुए कहा कि तुरंत हो एडमिशन। सीएम योगी ने इधर बच्ची का तुरंत एडमिशन करने का फरमान जारी किया उधर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और डीएम भी हरकत में आ गए। इससे पहले कार्रवाई होती उससे पहले ही सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल प्रबंधन ने बच्ची के प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर ली।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार को स्कूल प्रबंधन ने बताया कि बच्ची का एडमिशन कर लिया गया है। हालांकि बच्ची के पिता ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से भी एडमिशन में हीलाहवाली की शिकायत की थी। जिस पर बीएसए ने 17 जून को नोटिस जारी किया था। बीएसए ने बताया कि बच्ची का प्रवेश नर्सरी कक्षा में हो गया है।

## मुरादाबाद जाने के लिए 40 किमी. की दूरी तय कर रहे लोग

**रामपुर, अमृत विचार :** कोसी पुल के पास इंटरचेंज का निर्माण होने के कारण मुरादाबाद से रामपुर के बीच यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पहले रामपुर से मुरादाबाद जाने के लिए कोसी पुल से होकर जाते थे, लेकिन अब रास्ते को बंद कर दिया गया है। जिसके चलते अब रूट डायवर्जन के कारण यात्री पसियापुर गांव के पास बने रास्ते से होकर जा रहे हैं। इससे मुरादाबाद का 30 किमी. सफर 40 किमी. हो गया है, यात्रियों को 10 किमी. सफर अतिरिक्त करना पड़ रहा है।

एनएचएआई द्वारा दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर रामपुर के जीरो प्वाइंट से दुर्ग नगला तक 10.190 किमी. फोरलेन का निर्माण कार्य चल रहा है। कोसी नदी के पास 188 करोड़ रुपयों की लागत से फोरलेन और इंटरचेंज का कार्य जारी है। विकास कार्य के चलते फर्राटा भरने वाले यात्रियों और चालकों लंबा सफर करना पड़ रहा है।

# बबीना विधायक, मथुरा की पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष को नोटिस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भाजपा ने दोनों के कृत्य को अनुशासनहीनता माना

**अमृत विचार:** भाजपा के झांसी के बबीना क्षेत्र से विधायक राजीव सिंह पारीछा और मथुरा की पूर्व जिलाध्यक्ष मधु शर्मा को अलग-अलग मामलों में पार्टी की ओर से अनुशासनहीनता के आरोप में नोटिस देकर 7 दिन में जवाब मांगा गया है। विधायक से झांसी से भोपाल जा रही वंदे भारत ट्रेन में एक यात्री की उनके समर्थकों द्वारा जमकर पिटाई करने के मामले में उनके कृत्य से नाराजगी जताई गई है। जबकि मधु शर्मा ने वृंदावन कॉरिडोर को लेकर सांसद हेमा मालिनी पर अपमानजनक तल्ख टिप्पणी की थी।

भाजपा के बबीना क्षेत्र से विधायक राजीव सिंह पारीछा का मामला तीन दिन पुराना है। दिल्ली से भोपाल जा रही वंदे भारत भारत एक्सप्रेस के एक्जीक्यूटिव कोच में भोपाल निवासी यात्री राज प्रकाश पर सीट को लेकर उनके समर्थकों ने हमला कर दिया था। तब विधायक अपने परिवार के साथ झांसी से सवार हुए थे। मामले में विधायक की ओर से यात्री के खिलाफ उनसे व परिवार से दुर्व्यवहार की शिकायत जीआरपी में की गई थी, जबकि लहूलुहान यात्री की पिटाई करते कई वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था। इससे भाजपा की जमकर किरकिरी हुई। यात्री ने भोपाल पहुंचकर एफआईआर भी दर्ज कराई थी।

भाजपा के प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला ने प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के निर्देशानुसार कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए लिखा है कि विधायक के आचरण से पार्टी की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है, जो अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। चेतावनी दी गई है कि 7 दिन में संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर पार्टी की ओर से कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। दूसरा मामला मथुरा की पूर्व जिलाध्यक्ष मधु शर्मा का है।

## नाबालिग की संरक्षता के पैतृक सिद्धांत में बदलाव की जरुरत

**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नाबालिग लड़की की कस्टडी उसकी मां को दिए जाने के मामले में कहा कि हिंदू अल्पसंख्यक और संरक्षकता अधिनियम के तहत पैतृक संरक्षकता का सिद्धांत 21वीं सदी के भारत की प्रगतिशील सोच के आधार पर अप्रचलित हो गया है।

संरक्षकता और वार्ड अधिनियम, 1890 एक औपनिवेशिक युग का कानून है, जो भारत में नाबालिगों की सुरक्षा और संरक्षकता को नियंत्रित करता है, लेकिन इसे ऐसे समय में तैयार किया गया था, जब पितृसत्तात्मक मानदंडों ने सामाजिक और कानूनी सोच को प्रभावित कर रखा था। उक्त सिद्धांत की प्रासंगिकता पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की एकल पीठ ने कहा कि यह सिद्धांत कि पिता नाबालिग बच्चे या अविवाहित लड़की का प्राकृतिक संरक्षक है और उसके बाद माँ, मुख्य रूप से यह अवधारणा हिंदू अल्पसंख्यक और संरक्षकता अधिनियम, 1956 की धारा 6 से ली गई है, लेकिन वर्तमान समय की प्रगतिशील विचारधारा के अनुसार यह सिद्धांत और अप्रसांगिक हो गया है। कोर्ट ने माना कि सच्ची प्रगति की मांग है कि विधायिका इन उभरते मानदंडों को संहिताबद्ध करे, जिससे पूरे देश में एक सुसंगत और लिंग-तटस्थ दृष्टिकोण सुनिश्चित हो सके।

## 11 जुलाई से शुरू होगा कांवड़ मेला

**देहरादून, अमृत विचार :** उत्तर भारत का प्रसिद्ध कांवड़ मेला 11 से 23 जुलाई तक आयोजित होगा। पंचक अवधि 13 से 17 जुलाई तक रहेगी जबकि डाक कांवड़ का दौर 20 से 23 जुलाई तक चलेगा। श्रावण शिवरात्रि का जलाभिषेक 23 जुलाई को होगा।


उत्तराखंड के मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने सोमवार को समीक्षा बैठक में उच्च अधिकारियों को उत्तर प्रदेश से संबंधित और अंतर्जनपदीय मसलों पर समय रहते निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं। एसएसपी हरिद्वार प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने बताया कि कांवड़ मेले के प्रबंधन हेतु मेला क्षेत्र को 16 सुपर जोन, 134 सेक्टरों में बांटा गया है।

# उत्तराखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव प्रक्रिया पर रोक

### आरक्षण को नियमों के तहत नहीं पाया खंडपीठ ने, सरकार को जल्द से जल्द जवाब देने के निर्देश

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** उत्तराखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जी. नरेन्द्र और न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ ने सोमवार को अपने महत्वपूर्ण निर्णय में आरक्षण को नियमों के तहत नहीं पाते हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों की पूरी प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। खंडपीठ ने गणेश दत्त कांडपाल व वीरेन्द्र बुटोला की याचिकाओं पर सुनवाई के बाद यह आदेश जारी करते हुए सरकार से जल्द से जल्द जवाब मांगा है।



याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि सरकार ने प्रदेश में चल रहे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए जो आरक्षण तय किया है, वह गलत है। सरकार ने आरक्षण नियमावली का गजट नोटिफिकेशन नहीं किया इसलिए आरक्षण प्रक्रिया गलत है। इस बिन्दु पर खंडपीठ ने बीती 20 जून को सुनवाई कर सरकार से स्थिति स्पष्ट करने को कहा था। सोमवार को सरकार इस मामले में संतोषजनक जवाब नहीं दे पाई।

वहीं, सरकार की तरफ से कहा गया कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव घोषित हो गए हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार इसमें अदालत हस्तक्षेप नहीं कर सकती है। महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर की ओर से कहा गया कि पूरी मशीनरी चुनावी प्रक्रिया में व्यस्त है, ऐसे में रोक लगाना गलत है। अधिवक्ता अनिल जोशी ने बताया कि अदालत ने अंत में पूरी चुनावी प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। साथ ही, सरकार से कहा है कि वह जल्द से जल्द जवाब पेश करे। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव प्रक्रिया के तहत सरकार ने दो दिन पूर्व चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी की। साथ ही, चुनाव आचार संहिता भी लागू की गई है।

**याचिका में यह भी कहा गया**

याचिका में कहा गया कि, सरकार ने बीती नौ जून को एक आदेश जारी कर पंचायत चुनाव के लिए नई नियमावली बनाई। साथ ही, 11 जून को आदेश जारी कर अब तक पंचायत चुनाव के लिए लागू आरक्षण रोटेशन को शून्य घोषित करते हुए इस वर्ष से नया रोटेशन लागू करने का निर्णय लिया जबकि हाईकोर्ट ने पहले से ही इस मामले में दिशा निर्देश दिए हैं। याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि इस आदेश से पिछले तीन कार्यकाल से जो सीट आरक्षित वर्ग में थी, वह चौथी बार भी आरक्षित कर दी गई है। इस कारण वे पंचायत चुनाव में भाग नहीं ले पा रहे हैं।

## एक नजर

### रिटायर्ड राज्य कर्मियों ने प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन

**अमृत विचार, लखनऊ :** केंद्रीय वित्त विधेयक में पेंशनरों के प्रति किये गये प्रतिकूल प्रावधानों के विरोध में अखिल भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ ने प्रदेश भर में विरोध प्रदर्शन किया और जिलाधिकारियों के जरिये प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा। संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति उत्तर प्रदेश के संयोजक एनपी त्रिपाठी, सह संयोजक क्षमा नाथ दुबे व सह-संयोजक (प्रचार) ओंकारनाथ तिवारी ने बताया कि ज्ञापन के जरिये रिटायर्ड कर्मियों ने अपना सख्त विरोध जताया।

### योजनाओं को पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाएं: आनंदीबेन

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने का कार्य करें। राज्यपाल ने सोमवार को ग्रेटर नोएडा स्थित एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रही थीं। इस मौके पर राज्यपाल ने गौतमबुद्धनगर पुलिस की कार्यप्रणाली में निर्धारित 15 श्रेणी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 17 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया। राज्यपाल ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और प्रशासनिक अधिकारियों से शिक्षा, नवाचार और महिला सशक्तिकरण की दिशा में सजग भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि समग्र विकास और संवेदनशील नागरिक निर्माण होना चाहिए।

### बिजली अभियंताओं के स्थानांतरण पर उठाए सवाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने ऊर्जा निगमों में भारी पैमाने पर बिजली अभियंताओं के स्थानांतरण पर सवाल उठाए हैं। प्रकरण की सीबीआई जांच की मांग की है। समिति ने कहा कि गर्मी के मौसम में लड़खड़ाई बिजली आपूर्ति के दौरान तबादले अव्यवहारिक हैं। संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने कहा कि इतने बड़े पैमाने पर स्थानांतरण आदेश जारी कर पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन ने बिजली व्यवस्था को पटरी से उतारने का कार्य किया है।

# आमजन की समस्याओं पर हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं : योगी

## मुख्यमंत्री ने लखनऊ में सरकारी आवास पर जनता दर्शन में सुनी लोगों की फरियाद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन किया। इस दौरान प्रदेश भर से आए करीब 65 लोगों की समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के हर नागरिक की सेवा, सुरक्षा और सम्मान सरकार की पहली प्राथमिकता है। अधिकारियों को कहा कि, हर पीड़ित की समस्या पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। इसमें हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जनता दर्शन में पुलिस, राजस्व, चिकित्सा सहायता, शिक्षा, आवास, आंगनबाड़ी, कब्जा आदि से जुड़े मामले आए। प्रार्थना पत्र लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। सबको न्याय मिलेगा और सबकी पीड़ा दूर की जाएगी। योगी ने ''जनता दर्शन'' में आए बच्चों को दुलारा और पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। चॉकलेट, बिस्कुट और टॉफी देकर आशीर्वाद दिया।



जनता दर्शन में एक महिला की समस्या सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### मुख्यमंत्री योगी ने डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारत माता के महान सपूत भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 23 जून 1953 को अखंड भारत के लिए अपना बलिदान दिया। वह महान शिक्षाविद, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और एक भारत श्रेष्ठ भारत के स्वप्न दृष्टा थे। उन्होंने स्वतंत्र भारत में कैबिनेट मंत्री के रूप में देश को अपने विजनरी नेतृत्व से लाभान्वित करके बड़ी भूमिका निभाई थी। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सिविल अस्पताल में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करके आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम में कही। योगी ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने पंडित नेहरू के नेतृत्व की सरकार द्वारा राष्ट्रीय एकता और अखंडता के साथ किए जा रहे खिलवाड़ को देखते हुए इस्तीफा दे दिया था।

# भदोही को दी विकास की सौगात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सीतामढ़ी के पास डेंगुरपुर में गंगा नदी पर ब्रिज को दी मंजूरी
- गोपीगंज-मीरजापुर के बीच रेलवे लाइन पर आरओबी स्वीकृत

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को भदोही में जनप्रतिनिधियों के साथ जनपद के विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान जनप्रतिनिधियों की मांग पर विकास को लेकर कई सौगात दीं। उन्होंने सीतामढ़ी के पास डेंगुरपुर में गंगा नदी पर ब्रिज और गोपीगंज-मीरजापुर के बीच रेलवे लाइन पर आरओबी के निर्माण की मांग को तत्काल का स्वीकृति देने का एलान किया।

सीएम योगी ने कहा कि मुख्यालय पर ऑडिटोरियम पहले से स्वीकृत है, लेकिन इसे मल्टीपर्पज हॉल के रूप में प्रस्तावित किया गया है। जिला मुख्यालय में अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए आवासीय सुविधा को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। पंचायतीराज विभाग से आउटसोर्सेज सफाईकर्मियों का स्टेट्स मांगा गया है। मुख्यालय से जुड़ने वाले मार्गों की कनेक्टिविटी को तेज करने, अच्छा बनाने और पहले से स्वीकृत मिनी स्टेडियम को आगे बढ़ा सकें, इसके लिए भी आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

योगी ने कहा कि कॉरपेट उद्योग आज से 10 वर्ष पहले बहुत खराब स्थिति में था, लेकिन पीएम मोदी की प्रेरणा से यहां के हस्तशिल्पियों को जो प्रोत्साहन दिया गया। उसका परिणाम है कि यहां के कॉरपेट उद्योग के कारण देश में एक्सपोर्ट में 60 फीसदी योगदान यूपी का है। यूपी में जो एक्सपोर्ट हो रहा है, उसमें 60 फीसदी से अधिक शेयर अकेले भदोही का है। मुख्यमंत्री ने जिला अस्पताल का भी निरीक्षण किया। कहा कि आने वाले समय में भदोही में पीपीपी मोड में मेडिकल कॉलेज स्थापित होगा।

## पूर्व विधायक सफदर रजा के खिलाफ सुनवाई पूरी, फैसला 5 जुलाई को

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** वर्ष 1996 के विधानसभा चुनाव के दौरान बैलेट पेपर गायब होने के 29 साल पुराने बहुचर्चित मामले में नामजद आरोपी पूर्व विधायक सफदर रजा की ओर से सोमवार को अंतिम बहस पूरी कर ली गई। विशेष कोर्ट एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत ने बहस सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रखते हुए पांच जुलाई की तिथि नियत की है।

यह मामला 6 अक्टूबर 1996 को पीपरपुर थाना क्षेत्र के देहली मुबारकपुर स्थित मतदान केंद्र पर बैलेट पेपर गायब होने से जुड़ा है। इस मामले में उप जिला निर्वाचन अधिकारी विमल चंद्र श्रीवास्तव की ओर से तहरीर दी गई थी, जिस पर पूर्व विधायक सफदर रजा, तत्कालीन सपा जिलाध्यक्ष कमरुज्जमा फौजी (अब दिवंगत), ग्राम प्रधान के पति सहित 10-12 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। विवेचना में सफदर रजा के साथ अबाद उल्ला व अबरार अहमद को भी आरोपी बनाया गया।

# तीन चरणों में लागू होगी जीसीएम प्रणाली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नगर विकास विभाग की पहल तीन स्तर पर होगी समीक्षा

**अमृत विचार:** प्रदेश में तीन चरणों में जीसीएम प्रणाली लागू होगी। शहरों को 'ग्रीन रैंकिंग' मिलेगी। नगर विकास विभाग की हरित पहल के तहत जीसीएम प्रणाली के लिए तीन स्तरीय समीक्षा होगी।

शासन के अधिकारियों के अनुसार नगर विकास विभाग ने शहरी हरित नीति के तहत एक महत्वाकांक्षी पहल शुरू की है। इसके अंतर्गत प्रदेश के शहरों में ग्रीन कवर की निगरानी के लिए ग्रीन सिटी मॉनिटरिंग (जीसीएम) प्रणाली विकसित की जाएगी। नगर विकास विभाग जीसीएम प्रणाली के तहत प्रदेश के शहरों के ग्रीन कवर और पर्यावरण संरक्षण के लिए किये गये कार्यों के आधार पर तीन स्तरीय समीक्षा करेगा। ये प्रक्रिया पूरे प्रदेश में तीन चरणों में पूरी होगी। वर्ष 2025 से शुरू होकर 2030 तक पूरे प्रदेश में यह प्रणाली लागू की जाएगी। जीसीएम प्रणाली के तहत प्रदेश के शहरों के ग्रीन कवर की तीन स्तरों निकाय स्तर, राज्य स्तर और राष्ट्रीय स्तर पर समीक्षा की जाएगी। निकाय स्तर पर नगर आयुक्त या जिला अधिकारी जिला पर्यावरण समिति का गठन कर हरित कार्यों की त्रैमासिक और वार्षिक रिपोर्ट स्टेट पोर्टल पर अपलोड करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि राज्य स्तर पर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत राज्य स्तरीय तकनीकी समिति और एक समर्पित निगरानी टीम समीक्षा का कार्य करेगी। तीसरे स्तर पर राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित संस्थान थर्ड पार्टी निरीक्षण के माध्यम से शहरों के कार्यों का सत्यापन किया जाएगा। यह निगरानी भू-संदर्भित उपकरणों, मोबाइल एप्लिकेशन, उपग्रहीय आंकड़ों और वनस्पति सूचकांक के उपयोग से होगी।

### सरकारी अस्पतालों में स्टाफ नर्स होंगी नर्सिंग अधिकारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में स्टाफ नर्स को अब नर्सिंग अधिकारी एवं नर्सिंग सिस्टर, नर्सिंग वार्ड मास्टर को सीनियर नर्सिंग अधिकारी के नाम से संबोधित किया जाएगा। यह नाम परिवर्तन केंद्र सरकार की समरूपता के परिप्रेक्ष्य में किया गया है। उप मुख्यमंत्री बताया कि राजकीय नर्सेज संघ द्वारा इस संबंध में पूर्व में ज्ञापन दिया गया था, जिस पर निर्णय लिया गया है।

### श्रम विभाग ने निवेश मित्र पोर्टल पर निपटाई शिकायतें

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार निवेशकों और उद्यमियों को अनुकूल वातावरण देने के साथ ही उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित कर रही है। श्रम विभाग ने 'निवेश मित्र पोर्टल' पर दर्ज 99 फीसदी शिकायतें निस्तारण की है, जबकि आईजीआरएस पर दर्ज सभी शिकायतों का निस्तारण हुआ है। 89 .60 प्रतिशत यूजर्स ने सेवाओं को संतोषजनक भी बताया है।

## मेरठ मेडिकल कॉलेज में किशोरी से दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

**मेरठ, एजेंसी :** मेरठ के सरकारी मेडिकल कॉलेज में पैर के ऑपरेशन के लिए भर्ती एक किशोरी से एक अन्य मरीज के तीमारदार ने कथित तौर पर दुष्कर्म किया जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन ताडा ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मेडिकल थाना पुलिस ने 15 वर्षीया पीड़िता की मां की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को रविवार रात को गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता का आज मेडिकल परीक्षण कराया गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, पीड़िता को 20 जून को पैर की सर्जरी के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। इसी वार्ड में उत्तराखंड के काशीपुर का निवासी मोहित नामक युवक भी भर्ती था। पीड़िता की मां के मुताबिक घटना की रात किशोरी शौचालय गई थी, जहां मोहित के भाई रोहित ने उससे दुष्कर्म किया और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी।

शिकायत के अनुसार किशोरी ने डर के चलते दो दिन तक कुछ नहीं बताया, लेकिन फिर उसने रविवार शाम को अपनी मां को पूरी घटना की जानकारी दी।

# गैंगस्टर अधिनियम के दुरुपयोग पर जिलाधिकारी, एसएसपी और एसएचओ को किया तलब

विधि संवाददाता, प्रयागराज



**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एसएसपी और डीएम, मुजफ्फरनगर द्वारा गैंगस्टर अधिनियम को मनमाने ढंग से लागू करने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में उपस्थित होकर अपने कदाचार और लापरवाही के बारे में स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। कोर्ट ने संबंधित अधिकारियों के आचरण को अनुचित बताते हुए कहा कि अधिकारियों का आचरण उक्त अधिनियम के सरासर दुरुपयोग को दर्शाता है।

अधिनियम के तहत कार्यवाही को मंजूरी देने से पहले अधिकारी अपने विवेक का इस्तेमाल करने में विफल रहे। कोर्ट ने यूपी गैंगस्टर नियमावली, 2021 के नियम 5(3)(ए) के प्रावधानों पर विचार करते हुए और वर्तमान मामले में आरोपी को जमानत देते हुए कहा कि यह मामला न केवल एसएचओ की मनमानी को दर्शाता है, बल्कि एसपी और जिला मजिस्ट्रेट की ओर से भी बरती गई घोर लापरवाही को दिखाता है, जिन्हें संयुक्त बैठक आयोजित करते समय अपने दिमाग का इस्तेमाल करने की आवश्यकता थी। इसके अलावा कोर्ट ने इस बात पर भी जोड़ दिया कि गैंगस्टर अधिनियम का ऐसा यांत्रिक और बार-बार उपयोग न्यायिक निर्देशों तथा सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुपालन में राज्य द्वारा जारी दिशा निर्देशों का उल्लंघन दर्शाता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल की एकलपीठ ने गैंगस्टर अधिनियम की धारा 2/3 के तहत दर्ज मामले में आरोपी मनशाद उर्फ सोना को जमानत देते हुए पारित किया। याची के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि गैंगस्टर अधिनियम पुराने मामलों के आधार पर लगाया गया है। याची के मामले को लंबा खींचने के लिए उक्त कानून का दुरुपयोग करने की एक सोची-समझी रणनीति बनाई गई है। याची के अधिवक्ता ने कोर्ट को यह भी बताया कि याची मई 2025 से जेल में बंद है और अगर उसे जमानत दी जाती है तो वह जमानत की स्वतंत्रता का दुरुपयोग नहीं करेगा और मुकदमे की कार्यवाही में सहयोग देगा।

# 88 उपनिबंधकों व 114 कनिष्ठ सहायकों के स्थानांतरण निरस्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- स्टांप पंजीयन मंत्री ने खुद मुख्यमंत्री से की थी गड़बड़ी की शिकायत
- प्रमुख सचिव स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन अमित गुप्ता ने जारी किया आदेश

**अमृत विचार:** स्टांप तथा पंजीयन विभाग में बीते दिनों हुए उपनिबंधकों तथा कनिष्ठ सहायकों के सभी स्थानांतरण निरस्त कर दिए गए हैं। इस संबंध में प्रमुख सचिव स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन अमित गुप्ता ने आदेश जारी कर दिया है। ये जानकारी सोमवार को राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल ने साझा की।

उन्होंने विभाग में 59 कार्यरत तथा 29 नव-प्रोन्नत उप-निबंधकों तथा 114 कनिष्ठ सहायकों के स्थानांतरण में अनियमितता की शिकायत पत्र लिखकर मुख्यमंत्री से की थी।

प्रकरण का गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री ने सभी स्थानांतरण तत्काल स्थगित करने और मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। यहां तक कि आईजी निबंधन समीर वर्मा को पद से हटाकर शासन ने प्रतीक्षारत कर दिया है। इस पूरे मामले में स्टाम्प एवं पंजीयन मंत्री रविंद्र जायसवाल ने सीधा मोर्चा खोल दिया था। हाल ही में उन्होंने बताया था कि बाबू स्तर के कर्मचारियों को सब रजिस्ट्रार बनाया गया। मेरिट पर तबादला नहीं किए गए जिसमें भ्रष्टाचार की आशंका है। मंत्री ने स्पष्ट कहा था कि आयुक्त स्तर पर यह गड़बड़ की गई है, जिसकी जांच होगी।

### क्या था प्रकरण

महानिरीक्षक निबंधन, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा 13 जून को तीन अलग-अलग पत्रों के माध्यम से 58 उपनिबंधकों, एक अन्य उपनिबंधक तथा 29 नव-प्रोन्नत उपनिबंधकों के तबादले व तैनाती आदेश जारी किए गए थे। इसके अतिरिक्त, 14 जून को जारी एक अन्य आदेश के तहत 114 कनिष्ठ सहायक (लिपिक) का स्थानांतरण किया गया था, हालांकि, तबादलों में व्यापक अनियमितता और रिश्वत के आरोप सामने आने के बाद शासन ने पूरे मामले को गंभीरता से लिया है।

### कई अधिकारियों, कर्मियों की भूमिका संदिग्ध

सूत्रों की मानें तो इस पूरे घटनाक्रम में विभाग के दो अपर महानिरीक्षक (एआईजी) सहित करीब आधा दर्जन अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है। मामले की उच्च स्तरीय जांच संभव है। शासन स्तर से स्पष्ट कर दिया गया है कि जब तक पूरी प्रक्रिया की जांच नहीं हो जाती, तब तक किसी भी स्थानांतरण आदेश को लागू नहीं किया जाएगा।

## धर्म दर्शन

# कृष्ण काली: समय और अनंत काल का दिव्य नृत्य




शिवानंद मिश्रा
वरिष्ठ लेखक

वेदान्तिक ज्ञान के रहस्यमय आवरण में, दो विरोधाभासी शक्तियां एक पारलौकिक सत्य के रूप में उभरती हैं: कृष्ण, दिव्य प्रेम के मोहक बांसुरीधारी, और काली, समय और परिवर्तन की उग्र देवी। यह गहन एकता केवल उन्हीं के लिए प्रकट होती है जो द्वैत के आवरण को भेदते हैं और सृजन और विघटन के शाश्वत नृत्य की झलक देखते हैं।

कृष्ण काली, देवत्व, पुरुष और प्रकृति के पुरुषत्व और स्त्रीत्व के परम संश्लेषण को उनकी सबसे उदात्त अभिव्यक्ति में दर्शाती हैं। कृष्ण शाश्वत साक्षी, अपरिवर्तनीय चेतना का प्रतीक हैं जो समय से परे रहते हैं, जबकि काली समय की गतिशील शक्ति के रूप में प्रकट होती हैं। वह शक्ति जो ब्रह्मांडीय चक्र में सृजन और विनाश दोनों करती हैं। साथ में, वे प्रकट करते हैं कि प्रेम और समय अलग-अलग शक्तियां नहीं हैं, बल्कि एक ही दिव्य वास्तविकता के जुड़वां पहलू हैं।

भगवद गीता में कृष्ण के बारे में कहा गया है कि, "मैं काल हूं, संसार का संहारक और निर्माता" (कालोऽस्मि लोकक्षयकृत प्रवृद्धो),

जो काली के व्यक्तित्व के साथ अपनी पहचान को प्रकट करता है। यह केवल दार्शनिक अमूर्तता नहीं है, बल्कि एक जीवंत सत्य है कि सर्वोच्च प्रिय और भयानक मां एक ही चेतना हैं, जो अस्तित्व की भूलभुलैया के माध्यम से आत्माओं का मार्गदर्शन करने के लिए विभिन्न रूपों में प्रकट होती हैं।



हृदय के गुप्त कक्षों में, भक्तों ने लंबे समय से यह पहचान लिया है कि कृष्ण की दिव्य लीला और काली का ब्रह्मांडीय नृत्य अविभाज्य हैं। मिट्टी के बर्तनों से मक्खन चुराने वाला गोविंदा वही शक्ति है जो अहंकार की आसक्तियों को चुरा लेती है। अपने भक्तों को अपनी बांसुरी की मधुर धुन से बुलाने वाला प्रेमी ग्वाला, विवेक की तलवार से भ्रम को काटने वाली उग्र माता के समान है।

यह दिव्य एकता रहस्यवादी के अनुभव में इस मान्यता के रूप में प्रकट होती है कि प्रेम के प्रति समर्पण और काल के अटल प्रवाह के प्रति समर्पण एक ही समर्पण हैं।

जो भक्त कृष्ण के प्रेम में खुद को खो देता है, वह पाता है कि उसे काली की परिवर्तनकारी शक्ति ने गले लगा लिया है। जो साधक काली की भयानक दया के आगे झुकता है, वह खुद को कृष्ण के शाश्वत आनंद में नाचता हुआ पाता है।


## वर्ग पहेली-11

**बाएं से दाएं**

1. पानी उलीचने या डालने के लिए एक कृषि उपकरण; हाथा।
4. 1. गली, कूचा 2. सड़कों पर वाहनों के सुचारु यातायात
5. संन्यासी या अतिथि के लिए निकाला हुआ भोजन।
8. 1. मचना या फैलना 2. उठना।
9. 1. भुरकने की क्रिया या भाव 2. कुल्हड़, कूजा 3. मिट्टी की दवात 4. मिट्टी का प्याला, कसोरा 5. चूर्ण, बुकनी।
11. 1. विलक्षण; अद्भुत 2. श्रेष्ठ 3. अजीबोगरीब।

**ऊपर से नीचे**

1. एकत्रित जनसमूह, भीड़।
2. 1. जिसके बारे में जानकारी न हो, अपरिचित 2. जिसे जानकारी न हो, अनभिज्ञ 3. निश्छल, भोला
3. कुआं बनाने या कुआं खोदने वाला आदमी।
6. 1. श्रेणी, वर्ग, दरजा 2. विभाग, खंड 3. गिरोह, समूह।
7. 1. आगे की ओर फिसलना, सरकना 2. ऊपर से नीचे की ओर फिसलते हुए आना।
10. 1. समुद्र का कोई विशेष खंड 2. ताल, झील 3. क्रिकेट खेल में बल्लेबाज़ के द्वारा एक विकेट से दूसरे विकेट तक बिना बहिर्गत हुए दौड़ लगाना।



### वर्ग पहेली -10 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 त | | 2 अ | | 3 ची | नी |
| 4 त | रं | ग | व | ती | | |
| | गी | | ले | | | 5 उ |
| 6 छु | | 7 उ | ख | म | | त |
| 8 आ | कं | प | न | | 9 दू | र |
| छू | | वे | | | | वा |
| त | | 10 द | ल | म | ल | ना |

## सुडोकू-18

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 2 | | 9 | 4 | 1 | | |
| | | 3 | | 8 | | | | 5 |
| | | 9 | 6 | | 7 | | | |
| 3 | | | | 6 | | 7 | | 9 |
| | 1 | | | | | | 4 | |
| 8 | | 6 | | 5 | | | | 2 |
| | | | 3 | | 8 | 5 | | |
| 5 | | | | 2 | | 4 | | |
| | | 7 | 9 | 1 | | 8 | 6 | |

### सुडोकू - 17 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 8 | 1 | 3 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 7 | 3 | 5 | 8 | 2 | 4 | 9 | 1 | 6 |
| 1 | 9 | 2 | 5 | 6 | 7 | 4 | 3 | 8 |
| 2 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 7 | 9 | 1 |
| 5 | 1 | 9 | 7 | 4 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 8 | 7 | 3 | 9 | 1 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 4 | 6 | 9 | 1 | 2 | 8 | 7 |
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 3 | 1 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 1 | 2 | 7 | 5 | 3 | 4 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 जून, मंगलवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी-18 .59 तक तत्पश्चात अमावस्या।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-रोहिणी 12 .54 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

**मेष:** आज शेयर मार्केट और बैंकिंग से जुड़े लोगों को उत्तम लाभ प्राप्त होगा। बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। राजनीतिक संपर्कों का आप लाभ उठा पायेंगे। संतान के व्यवहार से आप अति प्रसन्न रहेंगे। लोग आपसे मार्गदर्शन की अपेक्षा रखेंगे।

**वृष:** आज आप लोगों की काफी सहायता करेंगे जिससे आपका यश बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपके अधिकारों में वृद्धि होगी। दांपत्य संबंधों में मधुरता रहेगी। व्यापार में आप काफी व्यस्त रहेंगे। बुजुर्ग लोगों से आपको काफी अच्छा सहयोग मिलेगा।

**मिथुन:** आज दांपत्य जीवन में अनबन हो सकती है। घर में अचानक अतिथियों के आगमन से परेशान हो सकते हैं। सरकारी कार्यों में थोड़ी बाधा आ सकती है। विरोधी आपका मजाक उड़ा सकते हैं। आज उधार देने से आपका धन फंस सकता है।

**कर्क:** आज आपकी आर्थिक स्थिति काफी मजबूत रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपके कार्यों की प्रशंसा हो सकती है। मन में कुछ नया और प्रयोगात्मक करने की इच्छा होगी। आपकी दिनचर्या अनुशासित रहेगी। नई परिस्थितियों के साथ तालमेल बिठाने में आसानी होगी।

**सिंह:** आज प्रतियोगी परीक्षा में शानदार परिणाम मिलेंगे। दोस्तों के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं। अधिकारी वर्ग के लोगों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। कारोबार में आ रही अड़चनें पूरी तरह से दूर होंगी। घर का वातावरण अत्यंत शांत रहेगा।

**कन्या:** आज आपको कर्ज लेना पड़ सकता है। जिसके कारण थोड़ा तनाव रहेगा। अपने सिद्धान्तों के साथ समझौता न करें। अति आत्मविश्वास में आकर कोई बड़ा निर्णय लेना उचित नहीं होगा। अपने मन की आवाज को सुनें। विद्यार्थियों को पढ़ाई में काफी ध्यान रखना पड़ेगा।

**तुला:** आज व्यस्तता के बावजूद आपको परिवार को समय अवश्य देना चाहिए। अजनबियों पर अधिक विश्वास न करें। नौकरी में स्थान परिवर्तन का विचार बना सकते हैं। विद्यार्थी वर्ग के लिए समय बहुत ही अच्छा है। आपके मान-सम्मान में कुछ कमी आ सकती है।

**वृश्चिक:** आज व्यवसाय में आपको काफी बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। यदि आपके ऊपर काम का दबाव है तो उसे दूसरों में बांट दें। आज आप काफी तनावमुक्त महसूस करेंगे। लवमेट्स के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। राजनीति से जुड़े लोगों को धोखा मिलने की संभावना है।

**धनु:** आज साझेदारी वाले कारोबार में पारदर्शिता रखें। संतान की तरक्की से आप उत्साहित रहेंगे। दिनचर्या कुछ अस्त-व्यस्त हो सकती है। अत्यधिक भावुकता और दयालु व्यवहार का लोग लाभ उठाने का प्रयास करेंगे। दूसरों पर अधिक विश्वास न करें।

**मकर:** आज पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। कार्यक्षेत्र में सुखद अनुभव प्राप्त होंगे। किसी प्रिय व्यक्ति से शानदार मुलाकात होगी। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। बच्चों की गतिविधियों पर नजर बनाए रखें। आपकी मन :स्थिति थोड़ी विचलित हो सकती है।

**कुंभ:** आज दिन की शुरुआत आपके लिए शुभ नहीं है। जीवनसाथी आपका मनोबल बढ़ायेगा। दूसरों से अधिक अपेक्षा न करें। पेट में जलन की समस्या हो सकती है। लेखन से जुड़े लोग कुछ नया प्रयास कर सकते हैं।

**मीन:** आज कार्यक्षेत्र में मनोवाञ्छित परिणाम मिलने से उत्साहित रहेंगे। विवाह योग्य जातकों को उत्तम रिश्ते मिल सकते हैं। साहित्य और संगीत में आप रुचि लेंगे। लंबी यात्रा पर जाने का विचार बनायेंगे। आपकी आय में वृद्धि होगी।

# प. एशिया में तनाव बढ़ने से सहमा बाजार

## आईटी, प्रौद्योगिकी एवं वाहन शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स में 511 तो निफ्टी में 140 अंक की गिरावट

मुंबई, एजेंसी

ईरान के तीन प्रमुख परमाणु प्रतिष्ठानों पर अमेरिकी बमबारी के बाद पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से सोमवार को स्थानीय शेयर बाजार में खासी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 511 अंक फिसल गया जबकि निफ्टी में 140 अंक से अधिक का नुकसान रहा।

विश्लेषकों ने कहा कि ईरान और इजराइल के बीच जारी संघर्ष में अमेरिकी दखल ने पश्चिम एशिया को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), प्रौद्योगिकी एवं वाहन शेयरों में बिकवाली से भी निवेशक धारणा पर असर पड़ा। बीएसई का सेंसेक्स 30 शेयरों वाला सेंसेक्स उतार-चढ़ाव से भरे कारोबार में 511.38 अंक की गिरावट के साथ 81,896.79 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 931.41 अंक यानी 1.13 प्रतिशत गिरकर 81,476.76 अंक पर आ गया था लेकिन बाद में इसने अपने कुछ नुकसान की भरपाई की। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 140.50 अंक गिरकर 24,971.90 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में एचसीएल टेक, इन्फोसिस, लार्सन एंड टुब्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और मारुति में सबसे ज्यादा गिरावट रही। इसके उलट, ट्रेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, बजाज फाइनेंस और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर बढ़त में रहे।

मेहता इक्विटीज लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा कि इजराइल-ईरान संघर्ष में अमेरिकी दस्तक ने तनाव बढ़ा दिया है, जिससे घबराए निवेशकों ने शुरुआती घंटे में जमकर बिकवाली की। अगर कच्चे तेल की कीमतें बढ़ती हैं, तो हमारा आयात बिल बढ़ेगा और स्थानीय मुद्रा में तेज गिरावट आएगी। इससे महंगाई बढ़ने का भी जोखिम होगा। हालांकि, तापसे ने कहा कि चार सत्रों में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के 10,000 करोड़ रुपये से अधिक की लिवाली करने से अनिश्चितता के दौर में भारत की मजबूत बुनियाद का पता चलता है।

प. एशिया में संकट गहराने के बीच वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.49 प्रतिशत बढ़कर 77.39 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। अमेरिका ने ईरान के तीन प्रमुख परमाणु स्थलों- फोर्दो, नतांज और इस्फहान पर बमबारी की है। इससे होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते होने वाले कच्चे तेल कारोबार पर अनिश्चितता बनी है। हालांकि, व्यापक बाजार में तेजी का माहौल रहा।


● कारोबार के दौरान सेंसेक्स में आई थी 931.41 अंक की गिरावट

### स्मॉलकैप और मिडकैप में रही बढ़त, कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल

बीएसई का स्मॉलकैप में 0.57 और मिडकैप में 0.20 प्रतिशत की बढ़त रही। बीएसई में सूचीबद्ध 2,204 कंपनियों के शेयर गिरावट पर रहे जबकि 1,854 शेयरों में तेजी रही और 182 अन्य के भाव अपरिवर्तित रहे। जियोजीत इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, शुक्रवार को प. एशिया में तनाव कम होने की उम्मीद में बाजार में तेजी आई थी, लेकिन सप्ताहांत में ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों पर अप्रत्याशित अमेरिकी हवाई हमले ने उन उम्मीदों को तोड़ दिया। इससे कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आया और घरेलू शेयर बाजार सीमित दायरे में रहा। शुरुआती झटके के बावजूद, पूंजीगत वस्तुओं और धातु शेयरों में बढ़त से बाजार ने अपने नुकसान की कुछ भरपाई की, क्योंकि तेल आपूर्ति में तत्काल किसी व्यवधान की आशंका कम रही। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 7,940.70 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध खरीदारी की थी।

# डेरिवेटिव : निवेश का संतुलित दृष्टिकोण

डेरिवेटिव वित्तीय बाजार का जटिल लेकिन महत्वपूर्ण साधन है, जिसकी कीमत किसी अन्य संपत्ति जैसे शेयर, बॉण्ड, कमोडिटी, करेंसी या सूचकांक पर आधारित होती है। यह अनुबंध है, जो दो पक्षों के बीच भविष्य में किसी निश्चित तिथि पर, किसी निश्चित कीमत पर उस संपत्ति को खरीदने या बेचने के लिए किया जाता है। निवेशक डेरिवेटिव का उपयोग हेजिंग (जोखिम कम करने), सट्टा, और पोर्टफोलियो विविधता के लिए करते हैं। हालांकि इसमें अधिक लाभ की संभावना होती है, लेकिन अत्यधिक जोखिम भी है।



### क्या है डेरिवेटिव

- डेरिवेटिव वित्तीय अनुबंध है, जिसकी कीमत किसी वास्तविक संपत्ति पर आधारित होती है। उदाहरण के लिए, यदि किसी स्टॉक का डेरिवेटिव खरीदा गया है, तो उसका मूल्य उस स्टॉक की कीमत में हुए उतार-चढ़ाव पर निर्भर करेगा। यह मुख्यत: चार प्रकार के होते हैं : फॉरवर्ड, फ्यूचर्स, ऑप्शंस, स्वैप्स।

### निवेशकों को संभावित लाभ

- **जोखिम प्रबंधन :** डेरिवेटिव का उपयोग जोखिम को हेज करने में किया जा सकता है।
- कम पूंजी में उच्च लाभ : निवेशक कम पूंजी में बड़ा सौदा कर सकते हैं।
- पोर्टफोलियो विविधता : इससे विभिन्न बाजारों में निवेश करना आसान होता है।
- लिक्विडिटी : प्रमुख डेरिवेटिव्स एक्सचेंज में आसानी से खरीदे-बेचे जा सकते हैं।

### संभावित जोखिम

- **उच्च अस्थिरता :** मूल्य तेजी से ऊपर-नीचे होते हैं।
- **उत्तोलन का खतरा :** मूल्य में बदलाव हानिकारक।
- **समझ की जटिलता :** आम निवेशकों के लिए कठिन और तकनीकी होते हैं
- **क्लियरिंग रिस्क :** ओवर-द-काउंटर डेरिवेटिव्स में पक्षों के बीच भरोसे का खतरा।

### उपयोगी उपकरण

डेरिवेटिव्स पेशेवर निवेशकों और संस्थागत प्रतिभागियों के लिए उपयोगी उपकरण हैं, परंतु आम निवेशक को पूरी जानकारी और मार्गदर्शन लेना चाहिए। बिना रणनीति निवेश हानि दे सकता है।

# वहनीयता अब नारा नहीं, जरूरतः मुर्मू

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि वहनीयता (किसी वस्तु या सेवा को खरीदने या उपयोग करने की क्षमता) अब एक नारा नहीं बल्कि एक आवश्यकता है। राष्ट्रीय राजधानी में 'इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया' के 12वें राष्ट्रीय छात्र दीक्षांत समारोह 2025 में राष्ट्रपति ने यह बात कही।

जलवायु परिवर्तन के संकट का उल्लेख करते हुए मुर्मू ने कहा कि वहनीयता अब एक नारा नहीं रह गया है, बल्कि यह एक आवश्यकता बन गई है। उन्होंने यह भी कहा कि अब समय वह नहीं है कि कॉरपोरेट संगठन केवल लाभ कमाने के उद्देश्य से काम करें बल्कि अब उन्हें पर्यावरणीय लागतों को ध्यान में रखना होगा। मुर्मू ने कहा कि इसमें आप (लागत लेखाकार) अपने कौशल से ग्रह के भविष्य में बड़ा बदलाव ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि लेखांकन और जवाबदेही का संबंध गहरा है। कार्यक्रम में कॉर्पोरेट मामलों की सचिव दीप्ति गौड़ मुखर्जी ने लागत एवं प्रबंधन लेखाकारों से प्रौद्योगिकी, नवाचार और तत्परता अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि देश को 30000 अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के सफर में लागत और प्रबंधन लेखाकारों की महत्वपूर्ण भूमिका है।


आईसीएमएआई के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

## ईरान भेजा 1 लाख टन चावल बंदरगाहों पर अटका

**नई दिल्ली।** इजरायल-ईरान संघर्ष से ईरान जाने वाला 1 लाख टन बासमती चावल भारतीय बंदरगाहों पर फंसा है। अखिल भारतीय चावल निर्यातक संघ के अध्यक्ष सतीश गोयल ने कहा कि भारत के कुल बासमती चावल निर्यात में ईरान की 18-20% की हिस्सेदारी है। निर्यात खेप मुख्य रूप से गुजरात के कांडला और मुंद्रा बंदरगाहों पर रुकी है, जहां प. एशिया संघर्ष से ईरान जाने वाले माल के लिए न तो जहाज हैं और न बीमा। अंतर्राष्ट्रीय संघर्ष, मानक शिपिंग बीमा पॉलिसियों के तहत कवर नहीं होते हैं, जिससे निर्यातक खेप भेजने में असमर्थ हैं। निर्यात खेप में देरी और भुगतान पर गंभीर वित्तीय तनाव पैदा कर सकती है। घरेलू बाजार में बासमती चावल की कीमतें पहले ही चार-पांच रुपये प्रति किलो तक गिर चुकी हैं। इस मुद्दे पर संघ, कृषि-निर्यात संवर्धन निकाय एपीडा के संपर्क में है। संकट पर चर्चा के लिए 30 जून को केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ बैठक निर्धारित है।

# करदाताओं की शिकायतों का करें समाधान

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कर अधिकारियों से करदाताओं की शिकायतों का तेजी से समाधान करने और समय पर रिफंड जारी करने के लिए कहा। वित्त मंत्री ने प्रधान आयकर आयुक्तों (पीआरसीसीआईटी) के सम्मेलन को संबोधित करते हुए अधिकारियों से विवादित कर मांगों के निपटान को अधिक प्राथमिकता देने के लिए भी कहा, जो इस समय 'फेसलेस' अपीलीय अधिकारियों के समक्ष लंबित हैं।

इस पहल का मकसद लंबित मुकदमों को कम करना और समय पर उनका समाधान सुनिश्चित करना है, जिससे प्रणाली में करदाताओं का भरोसा बढ़े। सीतारमण ने कर रिफंड की प्रक्रिया समय पर पूरी करने और करदाताओं की शिकायतों के सक्रिय रूप से समाधान किए जाने पर भी जोर दिया। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि उन्होंने केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) को शिकायत निवारण तंत्र में लंबित मामलों को काफी हद तक कम करने का निर्देश दिया। बयान में कहा गया कि उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उत्तरदायी शासन सुनिश्चित करने के लिए करदाताओं की शिकायतों का शीघ्र और समयबद्ध निपटान जरूरी है। सम्मेलन में राजस्व सचिव अरविंद श्रीवास्तव, सीबीडीटी के चेयरमैन रवि अग्रवाल और विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया।



- केंद्रीय वित्त मंत्री ने अधिकारियों से कहा- समय पर जारी करें रिफंड
- सीतारमण ने प्रधान आयकर आयुक्तों के सम्मेलन को किया संबोधित

## राष्ट्रीय

### एक नजर

#### बम विस्फोट में लड़की की मौत, कार्रवाई के निर्देश

**कोलकाता।** प. बंगाल के नदिया जिले के कालीगंज में सोमवार को बम विस्फोट में एक लड़की की मौत हो गई। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पुलिस को दोषियों पर कार्रवाई करने का आदेश दिया। यह घटना कालीगंज विधानसभा सीट के उपचुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद हुई। एक अधिकारी ने बताया कि अख्तर शेख नामक व्यक्ति को बम विस्फोट में लड़की की मौत में कथित संलिप्तता के लिए गिरफ्तार किया गया है। लड़की 13 वर्षीय तमन्ना खातून थी, तथा उसे बम के छर्रे लगे थे।

#### 4,536 कारतूस बरामद छह लोग गिरफ्तार

**पटना।** बिहार पुलिस ने कैमूर और नालंदा जिलों में छापेमारी के बाद दो महिलाओं समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 4,536 कारतूस बरामद किए। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। आरोपियों में कुमार अभिजीत, शत्रुघ्न कुमार, विशाल कुमार एवं राजेंद्र प्रसाद है, जबकि दो महिलाओं का नाम नहीं बताया गया है। आरोपी उत्तर प्रदेश के कानपुर से अवैध रूप से कारतूस खरीदकर बिहार के काला बाजार में बेचने वाले गिरोह का हिस्सा हैं।

#### पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के महिला बार रूम में लगी आग

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के महिला बार रूम में सोमवार को आग लग गई। बार के अधिकारियों ने बताया कि ऐसा माना जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट से बार रूम में आग लगी और इसके कारण पास के दो कमरों को भी नुकसान पहुंचा है। सूचना पर अग्निशमनकर्मी मौके पर पहुंचे और आग को और फैलने से रोका।

# ऑपरेशन सिंदूर से आतंकियों में पनपा डर

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा- आतंक के खिलाफ भारत ने सभी उद्देश्य कर लिए हासिल

नई दिल्ली, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' ने सभी उद्देश्य हासिल कर लिए और आतंकवादियों के मन में डर पैदा करने में सफल रहा। वह राष्ट्रपति भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।

सिंह ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यकाल के दूसरे साल में उनके द्वारा दिए गए 51 भाषणों का एक संग्रह जारी किया। सिंह ने मुर्मू की सराहना की और कहा कि वह इस पुस्तक - 'विंग्स टू आवर होप्स, वॉल्यूम 2' को भारत के भविष्य की पटकथा लिखने वाला दस्तावेज मानते हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह किताब पिछले खंड की तरह ही शासन, समावेशिता और राष्ट्रीय आकांक्षाओं पर विकसित हो रहे विमर्श को प्रस्तुत करती है।

सिंह ने अपने संबोधन में पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में मई में भारत की ओर से शुरू किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने सभी लक्ष्य हासिल कर लिए। रक्षा मंत्री ने कहा कि यह आतंकवादियों के मन में डर पैदा करने में भी सफल रहा।


राष्ट्रपति के भाषणों के संग्रह का विमोचन करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह साथ में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव व केंद्रीय राज्य मंत्री एल. मुरुगन। एजेंसी

### राष्ट्रपति के भाषणों के संग्रह का विमोचन

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा अपने कार्यकाल के दूसरे वर्ष के दौरान दिए 51 भाषणों के संग्रह का सोमवार को विमोचन किया। सिंह ने कहा कि यह विकसित भारत के दृष्टिकोण का कर्म ग्रंथ बनेगा। राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में सिंह ने अंग्रेजी में 'विंग्स टू आवर होप्स-वॉल्यूम-2' और हिंदी में 'आशाओं की उड़ान-खंड-2' नाम से प्रकाशित पुस्तक और इसके ई-संस्करण का विमोचन किया। राष्ट्रपति के भाषणों को राष्ट्रपति भवन ने संकलित और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के प्रकाशन विभाग ने प्रकाशित किया है। कार्यक्रम में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय राज्य मंत्री एल मुरुगन भी मौजूद थे। रक्षामंत्री ने कहा, यह पुस्तक 2047 तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने का साधन बनेगी। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा रविवार को बताया गया था कि ये पुस्तक राष्ट्रपति के 51 भाषणों का संग्रह है, जो महामहिम के कार्यकाल के दूसरे वर्ष के दौरान उनके दृष्टिकोण, दर्शन और प्राथमिकताओं की झलक प्रदान करता है।

# आजादी के बाद मार्च 2026 सबसे खास पलों में एक होगा

रायपुर, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश 31 मार्च 2026 को जब नक्सलवाद से मुक्त होगा तब वह क्षण आजादी के बाद का सबसे महत्वपूर्ण क्षणों में से एक होगा। जब नक्सलवाद के खात्मे का इतिहास लिखा जायेगा, उसमें सुरक्षा बलों के जवानों का त्याग, बलिदान और परिश्रम स्वर्णिम अक्षरों से अंकित होगा।

अधिकारियों ने बताया कि शाह छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन नवा रायपुर में सुरक्षाबलों के उन कमांडरों और जवानों से बातचीत कर रहे थे जो हाल में नक्सल विरोधी अभियानों में शामिल हुए थे। सुरक्षाकर्मियों को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा, मोदी जी के नेतृत्व में जब 31 मार्च 2026 को देश नक्सलवाद से मुक्त होगा, वह क्षण आजादी के बाद के सबसे महत्वपूर्ण क्षणों में एक होगा। जब नक्सलवाद के खात्मे का इतिहास लिखा जाएगा, उसमें जवानों का त्याग, बलिदान और परिश्रम स्वर्णिम अक्षरों से अंकित होगा। कहा, आज मैं यहां केंद्रीय सुरक्षा बलों, कोबरा टीम, छत्तीसगढ़ पुलिस बल और डीआरजी के साहस, शौर्य, बलिदान और समर्पण को नमन करता हूं।



● गृहमंत्री शाह ने रायपुर में घोषित की नक्सलवाद से मुक्ति की समयसीमा

# पहलगाम आतंकी हमला : एनआईए को दो आरोपियों की 5 दिन की हिरासत मिली

जम्मू, एजेंसी

दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में गिरफ्तार दो आरोपियों को अदालत ने सोमवार को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की पांच दिन की हिरासत में भेज दिया। अधिकारियों ने बताया कि दोनों पर पाकिस्तानी आतंकियों को पनाह देने का आरोप है।

एनआईए ने रविवार को पहलगाम के बटकोट के परवेज अहमद जोथर और हिल पार्क के बशीर अहमद जोथर को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार आरोपियों ने हमले में शामिल तीन आतंकियों की पहचान का खुलासा किया और पुष्टि की कि वे लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े पाकिस्तानी थे। दोनों को अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश रितेश दुबे की अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें पांच दिन के लिए एनआईए की हिरासत में भेज दिया गया।

### आतंकियों की पहचान को जुटाए सबूत

एनआईए ने कहा कि उसने पहलगाम हमले के आतंकियों की पहचान लिए सबूत जुटाए हैं। उचित समय पर विवरण को सार्वजनिक किया जाएगा। एनआईए ने कहा कि सबूत में पीड़ितों के बयान, वीडियो फुटेज, तकनीकी साक्ष्य और जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा जारी स्केच हैं। इन सबूतों का विश्लेषण हो रहा है।

## पंजाब, गुजरात में आप ने दो व यूडीएफ ने केरल में सीट जीती

**नई दिल्ली।** चार राज्यों में हुए विस उपचुनावों में सोमवार को आप के गोपाल इटालिया ने गुजरात की विसावदर सीट पर जीत दर्ज की। आप ने पंजाब में लुधियाना पश्चिम सीट भी बरकरार रखी, जबकि केरल में कांग्रेस नीत यूडीएफ ने एलडीएफ से नीलांबुर सीट छीन ली। वहीं, गुजरात में भाजपा ने कडी सीट बरकरार रखी, जबकि टीएमसी प. बंगाल के नादिया की कालीगंज सीट जीतने में सफल रही। इन पांचों निर्वाचन क्षेत्रों में उपचुनाव के तहत मतदान 19 जून को हुआ था। निर्वाचन आयोग के अनुसार, आप की गुजरात इकाई के पूर्व अध्यक्ष इटालिया ने जूनागढ़ जिले की विसावदर सीट पर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी एवं भाजपा उम्मीदवार किरीट पटेल को 17,554 मतों के अंतर से हराया। राज्य में पूर्ण प्रभुत्व रखने के बावजूद, भाजपा 2007 से विसावदर सीट नहीं जीत पाई है।

### सोलंग की वादियां


हिमाचल के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मनाली में स्थित सोलंग नाला में पर्यटकों का तांता लगा हुआ है। बर्फ से ढकी पहाड़ियां, साहसिक खेलों और प्राकृतिक सौंदर्य का एक अलग ही दृश्य पर्यटकों को अपनी ओर खींच रहा है। एजेंसी

## थरूर ने प्रधानमंत्री मोदी को बताया वैश्विक मंच के लिए अहम पूंजी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की ऊर्जा, उनका बहुआयामी व्यक्तित्व और संवाद की तत्परता वैश्विक मंच पर भारत के लिए एक अहम पूंजी है, लेकिन इसे सहयोग एवं समर्थन की जरूरत है। उनकी यह टिप्पणी फिर कांग्रेस को असहज स्थिति में डाल सकती है व पार्टी नेतृत्व से उनके संबंधों में दरार और गहरी हो सकती है। प्रधानमंत्री के लिए थरूर की प्रशंसा ऐसे समय में आई है जब कांग्रेस विदेश नीति को लेकर मोदी सरकार पर निरंतर हमले कर रही है। थरूर ने एक लेख में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद किया गया राजनयिक संपर्क राष्ट्रीय संकल्प और प्रभावी संवाद का क्षण था। वहीं भाजपा ने शशि थरूर द्वारा प्रधानमंत्री की प्रशंसा को लेकर कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि थरूर ने राहुल गांधी को बेनकाब कर दिया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने एक्स पर कहा, थरूर ने स्वीकारा कि प्रधानमंत्री का बहुआयामी व्यक्तित्व और वैश्विक पहुंच भारत के लिए रणनीतिक रूप से लाभकारी है।

# मोदी ने प्रौद्योगिकी के महत्व पर दिया जोर

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय (पीएमएमएल) सोसाइटी की वार्षिक बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने देश भर के संग्रहालयों का एकीकृत सांस्कृतिक और सूचनात्मक परिदृश्य उपलब्ध कराने के लिए संग्रहालय मानचित्र बनाने की अवधारणा प्रस्तुत की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि प्रौद्योगिकी के बढ़ते महत्व को जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने देश के सभी संग्रहालयों का राष्ट्रीय डाटाबेस विकसित करने का सुझाव दिया, जिसमें आगंतुकों की संख्या और गुणवत्ता मानकों को शामिल किया जाए। सोसाइटी की 47वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) तीन मूर्ति भवन में हुई।

मोदी ने सलाह दी कि जून 1975 में आपातकाल लागू होने के 50 वर्ष पूरे होने के मद्देनजर आपातकाल की अवधि से संबंधित सभी कानूनी लड़ाइयों और दस्तावेजों का संकलन तैयार किया जा सकता है और उसे संरक्षित किया जा सकता है। प्रधानमंत्री अध्यक्ष के रूप में पीएमएमएल के प्रमुख निर्णय लेने वाले निकाय का नेतृत्व करते हैं जबकि रक्षा मंत्री इसके उपाध्यक्ष होते हैं। बैठक में केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण, गजेंद्र सिंह शेखावत, अश्विनी वैष्णव और धर्मेंद्र प्रधान मौजूद रहे। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, पूर्व प्रधान सचिव नृपेन्द्र मिश्रा सहित अन्य लोग भी रहे। पीएमएमएल तीन मूर्ति भवन में स्थित है, जहां प्रधानमंत्री संग्रहालय अवस्थित है। एअर इंडिया के पूर्व सीएमडी और रेलवे बोर्ड के पूर्व चेयरमैन अश्विनी लोहानी भी बैठक में रहे।



## हिमाचल के सिरमौर में 24 छात्राओं के यौन उत्पीड़न में शिक्षक गिरफ्तार

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के सरकारी स्कूल में 24 छात्राओं का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में एक शिक्षक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

आठवीं से दसवीं कक्षा की छात्राओं ने स्कूल के प्राचार्य से उत्पीड़न की शिकायत की थी जिसके बाद स्कूल प्रशासन ने पुलिस को सूचना दी और शिक्षक को गिरफ्तार किया गया। स्कूल प्रशासन ने बताया कि शुक्रवार को 24 छात्राओं ने प्राचार्य को लिखित शिकायत दी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि शिक्षक ने उन्हें गलत तरीके से छुआ है। शिकायत को स्कूल की यौन उत्पीड़न रोधी समिति को भेज दिया गया था। शनिवार को छात्राओं के अभिभावकों को बैठक के लिए बुलाया गया और पाया गया कि उनमें से अधिकतर को अपनी बच्ची के उत्पीड़न के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। पुलिस ने बताया कि शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# पहलगाम हमले के बाद बैठकों में मोदी क्यों नहीं हुए शामिलः खरगे

रायचूर (कर्नाटक), एजेंसी

● कांग्रेस अध्यक्ष बोले- विपक्ष को तुच्छ बताने की कोशिश करते हैं मोदी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को कहा कि यदि प्रधानमंत्री विपक्ष को तुच्छ बताने की कोशिश करते हैं, तो जनता इसे सहन नहीं करेगी। उन्होंने सवाल भी किया कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद जब सर्वदलीय बैठक बुलाई गई, तो प्रधानमंत्री उसमें उपस्थित क्यों नहीं हुए?

खरगे ने आरोप लगाया कि जहां पूरे देश और सशस्त्र बलों ने देश की रक्षा के लिए एकजुट होकर काम किया, वहीं कुछ लोगों ने व्यक्तिगत श्रेय लेने की कोशिश की। खरगे ने किसी का नाम लिए बिना कहा, अगर उन्होंने कैप्टन, कर्नल या लेफ्टिनेंट कर्नल के रूप में सेना में काम किया होता, तो हमने अच्छा काम करने और देश के लिए लड़ने के लिए उनकी सराहना की होती, लेकिन ऐसा नहीं है। खरगे मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, कांग्रेस नेताओं के साथ रायचूर में थे, जहां उन्होंने कई परियोजनाओं की आधारशिला रखी और रायचूर विश्वविद्यालय के नामकरण समारोह की अध्यक्षता की।

# मैंने चर्चाओं पर ध्यान नहीं दिया: ओली पोप



लीड्स, एजेंसी

इंग्लैंड की पहली पारी में शानदार शतक लगाने वाले शीर्ष क्रम के बल्लेबाज ओली पोप ने कहा कि पिछले साल भारत के खिलाफ उसकी धरती पर खेली गई टेस्ट श्रृंखला में असफल रहने के बाद टीम में उनकी जगह को लेकर हो रही चर्चाओं पर ध्यान न देने से उन्हें वापसी करने में मदद मिली।

इंग्लैंड के उप कप्तान पोप ने पिछले साल भारत के खिलाफ हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट में 196 रन बना कर शानदार शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद जसप्रीत बुमराह और भारतीय स्पिनर ने उनकी कमजोरी का खुलासा करने में देर नहीं लगाई। वह अगले चार मैच में केवल 40 रन बना पाए जिससे टीम में उनकी जगह को लेकर चर्चा होने लगी थी। भारत के खिलाफ यहां पहले टेस्ट मैच में 106 रन बनाने वाले पोप ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद संवाददाताओं से कहा मैंने कोशिश की है कि इन चर्चाओं का मुझ पर ज्यादा असर न पड़े। उन्होंने कहा मैं बस यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा हूं कि मेरा खेल यथासंभव बेहतर स्थिति में रहे और जब मैं बल्लेबाजी के लिए मैदान में उतरूं तो मौके का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करूं। पोप ने अपनी मानसिकता में बदलाव लाने की कोशिश की है, जिससे उन्हें अपने पहले 30 रन तक पहुंचने के लिए बहुत अधिक दबाव महसूस नहीं होता और फिर वह बड़ी पारी खेलने के लिए तैयार हो जाते हैं। उन्होंने कहा यह अपने खेल को थोड़ा बेहतर बनाने का प्रयास है। यह प्रक्रिया से जुड़ा है जिसका मैं पूरा आनंद लेकर आगे बढ़ना चाहता हूं। मैं रन बनाने के लिए किसी तरह की जल्दबाजी नहीं दिखाना चाहता हूं। मेरा प्रयास रहता है कि मेरा डिफेंस यथासंभव अच्छा रहे।

- **इंग्लैंड की पहली पारी में शतक लगाने वाले ओली पिछले साल असफल होने पर थे चर्चा में**

> मैंने बाहर हो रही चर्चाओं पर ध्यान नहीं दिया और खुद को मानसिक रूप से मजबूत करने और अपने खेल को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित किया
>
> **–ओली पोप**, उप कप्तान, इंग्लैंड

# लोगों को कहने दीजिए, मैं अपना काम करता रहूंगा



लीड्स, एजेंसी

- **जसप्रीत बुमराह ने आलोचकों की बोलती बंद की**
- **आत्मविश्वास से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में एक दशक पूरा किया**

जसप्रीत बुमराह के आलोचकों को लगता था कि अपने अजीबोगरीब गेंदबाजी एक्शन के कारण वह आठ से दस महीने के अंदर अर्श से फर्श पर आ जाएंगे। लेकिन यह उनका आत्मविश्वास ही था जिससे यह भारतीय के गेंदबाज अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में एक दशक पूरा करने में सफल रहा। बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में 83 रन देकर पांच विकेट लिए। टेस्ट मैचों में 14वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लेने के बाद उन्होंने अपनी सफलता का राज बताया।

बुमराह से पूछा गया कि चोटिल होने के बाद हर बार उन्हें चुका हुआ मान लिया जाता है तो क्या उन्हें बुरा लगता है। उन्होंने कहा लोगों को लगता था कि इन सभी वर्षों में (मैं केवल) आठ महीने खेलूंगा। कुछ ने कहा कि 10 महीने, लेकिन अब मैंने 10 साल अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट और 12-13 साल आईपीएल खेल लिया है।

उन्होंने कहा यहां तक कि अब भी लोग (हर चोट के बाद) कहते हैं कि वह आगे नहीं खेल पाएगा। उन्हें कहने दीजिए, मैं अपना काम करता रहूंगा। हर चार महीने में ये चीजें सामने आती रहेंगी, लेकिन जब तक ईश्वर की कृपा रहेगी, मैं खेलता रहूंगा। बुमराह ने कहा मैं अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ तैयारी करता हूं और फिर यह ईश्वर पर छोड़ देता हूं कि वह मुझ पर और कितना आशीर्वाद बरसाते हैं। इंग्लैंड को पहली पारी में बढ़त लेने से रोकने में अहम भूमिका निभाने वाले बुमराह ने कहा कि वह यहां लोगों की धारणा बदलने के लिए नहीं हैं। उन्होंने कहा लोग क्या लिखते हैं, यह मेरे नियंत्रण से बाहर है और मैं लोगों को यह सलाह नहीं दे सकता कि वे मेरे बारे में क्या लिखें।

## एक नजर

### मैनचेस्टर सिटी ने क्लब विश्व कप में अल ऐन को 6-0 से हराया



**अटलांटा :** इल्के गुंडोगन के दो गोल और एरलिंग हालैंड के पेनल्टी पर किए गए गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने रविवार रात खेले गए मैच में अल ऐन को 6–0 से करारी शिकस्त देकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के नॉकआउट दौर में अपनी जगह पक्की कर ली। इस सत्र में अपना अभियान पटरी पर लाने की कवायद में लगे मैनचेस्टर सिटी की तरफ से क्लाउडियो एचेवेरी, ऑस्कर बॉब और रेयान चेर्की ने भी गोल किए। मैनचेस्टर सिटी इस सत्र में इंग्लिश प्रीमियर लीग में तीसरे स्थान पर रहा था जबकि यूईएफए चैंपियंस लीग के नॉकआउट प्लेऑफ में रियाल मैड्रिड से हार गया था। उसने क्लब विश्व कप के शुरुआती ग्रुप मैच में मोरक्को के विदाद पर 2–0 की जीत दर्ज करके अपने अभियान का शानदार आगाज किया था।

### रियल मैड्रिड ने क्लब विश्व कप में पचुका को 3-1 से हराया

**चार्लोट (अमेरिका) :** रियल मैड्रिड ने अधिकतर समय 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने के बावजूद जूड बेलिंगहैम और अर्डा गुलर के पहले हाफ में किये गये गोल की मदद से क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के मैच में पचुका को 3–1 से हरा दिया। रविवार रात को खेले गए मैच के सातवें मिनट में डिफेंडर राउल एसेनसियो को रेड कार्ड मिला, जिसके कारण उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। इसके बाद रियल मैड्रिड को शेष मैच 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। इससे हालांकि कोई फर्क नहीं पड़ा क्योंकि रियल मैड्रिड ने मैक्सिको के क्लब पर शुरू से लेकर आखिर तक पूरा दबदबा बनाए रखा और जाबी अलोंसो को स्पेनिश क्लब के कोच के रूप में जीत दिलाई।

### सेशेल्स मुक्केबाजी टूर्नामेंट में भारत पदक तालिका में शीर्ष पर



**माहे (सेशेल्स) :** भारतीय मुक्केबाजों ने यहां सेशेल्स नेशनल डे मुक्केबाजी टूर्नामेंट में तीन स्वर्ण सहित कुल सात पदक जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया। स्वर्ण पदक के अलावा भारतीय मुक्केबाजों ने तीन रजत और एक कांस्य पदक भी जीता और पैराडाइज एरेना में मॉरीशस से एक पदक अधिक हासिल किया। हिमांशु शर्मा (50 किग्रा) ने वॉकओवर के जरिए स्वर्ण पदक हासिल किया जबकि आशीष मुदशानिया (55 किग्रा) ने फाइनल में 4–1 के खंडित फैसले से जीत दर्ज की। गौरव चौहान ने 90 किग्रा से अधिक वर्ग के तनावपूर्ण फाइनल में अपना धैर्य बनाए रखा। उन्होंने 3–2 से जीत हासिल की और देश के लिए तीसरा स्वर्ण पदक जीता। अनमोल (60 किग्रा), आदित्य यादव (65 किग्रा) और नीरज (75 किग्रा) तीनों को संघर्षपूर्ण फाइनल में अच्छे प्रदर्शन के बावजूद समान 2–3 के खंडित फैसले से हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

### पृथ्वी ने एमसीए को पत्र लिखकर मुंबई छोड़ने की स्वीकृति मांगी


**मुंबई :** भारतीय टीम से बाहर चल रहे बल्लेबाज पृथ्वी शॉ अपनी घरेलू टीम मुंबई से रिश्ता तोड़ना चाहते हैं और उन्होंने मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) से अनापत्ति प्रमाण पत्र मांगा है जिससे कि एक क्रिकेटर के रूप में प्रगति और विकास के लिए नई घरेलू टीम से अनुबंध कर सकें। पृथ्वी पिछले कुछ समय से लाल गेंद की टीम से बाहर हैं लेकिन उन्होंने सफेद गेंद की क्रिकेट खेली है। एमसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को पीटीआई को पुष्टि की कि संघ को पृथ्वी का पत्र मिला है जिसमें स्थानांतरण के लिए एनओसी की मांग की गई है।



प्रयागराज में 23वीं राष्ट्रीय जूनियर (अंडर-20) फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ की स्वर्ण पदक विजेता एरोला प्रणति (बीच में), रजत पदक विजेता शाइनी ग्लैडसिया (बाएं) और कांस्य पदक विजेता नेहाली नरेंद्र बोरा। ● एजेंसी

# राहुल के बाद पंत का ऐतिहासिक शतक

## भारत ने दूसरी पारी में बनाए 364 रन, इंग्लैंड को दिया 371 रनों का लक्ष्य, आज होगा हार-जीत का फैसला



केएल राहुल।

**137** रन
**247** गेंद
**18** चौके
**00** छक्के

लीड्स, एजेंसी

विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत (118 रन) और सलामी बल्लेबाज केएल राहुल (137 रन) की शतकीय पारियों से भारत ने सोमवार को यहां पांच मैचों की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन इंग्लैंड को जीत के लिए 371 रन का लक्ष्य दिया। इंग्लैंड ने स्टंप तक बिना विकेट पर 21 रन बना लिए।

**भारत ने बनाए 364 रन :** भारत तीसरे सत्र में दूसरी पारी में 364 रन पर सिमट गया और पंत इस टेस्ट मैच की दोनों पारियों में सैकड़ा जड़ने वाले खेल के इतिहास में दूसरे विकेटकीपर बने। उन्होंने शतकीय पारी के दौरान 140 गेंद का सामना करते हुए 15 चौके और तीन छक्के जमाए। पंत इंग्लैंड में एक टेस्ट मैच में दो शतक बनाने वाले पहले भारतीय भी बन गए। वहीं राहुल ने सुबह 47 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया और 62वें ओवर में 202 गेंद में अपना नौवां टेस्ट शतक पूरा किया। राहुल ने करीब 18 महीने में पहला टेस्ट शतक जड़ा है। उन्होंने दिसंबर 2023 में सेंचुरियन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछला शतक लगाया था। उनके नौ टेस्ट शतकों में से आठ पारी का आगाज करते हुए लगे हैं। राहुल ने 247 गेंद का सामना करते हुए अपनी पारी में 18 चौके जड़े।

**कप्तान गिल का नहीं चला बल्ला :** भारत ने सुबह के सत्र में कप्तान शुभमन गिल (08) के रूप में एक विकेट गंवाया। इसके बाद राहुल और पंत ने चौथे विकेट के लिए 195 रन की भागीदारी निभाकर टीम को मजबूत स्कोर की तरफ बढ़ाया। पहले सत्र में पंत ने हालांकि अपनी तेज तर्रार खेलने की प्रवृत्ति पर लगाम लगाई लेकिन लंच के बाद तेवर बदलकर मैच में अपना दूसरा शतक पूरा किया। पंत 130 गेंद में अपना आठवां शतक पूरा करते ही जिम्बाब्वे के महान खिलाड़ी एंडी फ्लावर के बाद एक मैच की दोनों पारियों में 100 रन बनाने वाले दूसरे विकेटकीपर बने। उन्होंने पहली पारी में 134 रन बनाए थे। शतक जड़ने के बाद भी पंत ने यही आक्रामक लय जारी रखी। उन्होंने जो रूट के तीसरे ओवर में 19 रन जोड़ दिए। लेकिन शोएब बशीर (90 रन देकर दो विकेट) की गेंद पर लांग ऑन में जाक क्राउली के हाथों कैच आउट हो गए। भारत ने दूसरे सत्र में एकमात्र पंत का विकेट गंवाया। भारत का दिन के अधिकांश समय में प्रदर्शन शानदार रहा।

**जोश टंग और :** तीसरे सत्र में राहुल के आउट होने के बाद टीम ने 16 रन के अंदर पांच विकेट गंवा दिए। इनमें से तीन विकेट तो जोश टंग (72 रन देकर तीन विकेट) के एक ओवर में गिरे जिसमें शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह सभी 91वें ओवर की पहली चार गेंदों पर आउट हो गए। करूण नायर ने 20 रन और आलराउंडर रविंद्र जडेजा ने नाबाद 25 रन बनाए। भारत ने बादलों और हवा भरी सुबह में दो विकेट पर 90 रन से खेलना शुरू किया लेकिन शुरुआत अच्छी नहीं रही। सात गेंद ही डाली गई थीं कि पहली पारी के शतकवीर गिल अपने स्कोर में दो रन जोड़ने के बाद आउट हो गए, जिन्हें ब्रायडन कार्स (80 रन देकर तीन विकेट) ने बोल्ड किया।



केएल राहुल को आउट करने के बाद टीम के साथ जश्न मनाते बाइडन कार्स। ● एजेंसी

### इंग्लैंड को अंतिम बनाने होंगे 350 रन

दिन का खेल खत्म होने पर बेन डकेट नौ और जाक क्राउली 12 रन बनाकर खेल रहे थे। पांच टेस्ट मैच की सीरीज के बढ़त हासिल करने के लिए इंग्लैंड को अंतिम दिन 350 रन और बनाने होंगे।

**भारत पहली पारी : 471 रन**

**इंग्लैंड पहली पारी: 465 रन**

### भारत दूसरी पारी

**364/10** (96 ओवर)

| | |
|---|---|
| यशस्वी का स्मिथ बो कार्स | 04 |
| लोकेश राहुल बो कार्स | 137 |
| साई सुदर्शन का क्राउली बो स्टोक्स | 30 |
| शुभमन गिल बो कार्स | 08 |
| ऋषभ पंत का क्राउली बो बशीर | 118 |
| करूण नायर का एवं बो वोक्स | 20 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 25 |
| शार्दुल ठाकुर का रूट बो टंग | 04 |
| मोहम्मद सिराज का स्मिथ बो टंग | 00 |
| जसप्रीत बुमराह बो टंग | 00 |
| प्रसिद्ध कृष्णा का टंग बो बशीर | 00 |

**अतिरिक्त :** 18

**गेंदबाजी :** क्रिस वोक्स 19–4–45–1, ब्रायडन कार्स 19–2–80–3, जोश टंग 18–2–72–3, शोएब बशीर 22–1–90–2, बेन स्टोक्स 15–2–47–1, जो रूट 3–0–21–0

### इंग्लैंड दूसरी पारी

**21/00** (6 ओवर)

| | |
|---|---|
| जाक क्राउली खेल रहे हैं | 12 |
| बेन डकेट खेल रहे हैं | 09 |

**अतिरिक्त :** 00

**गेंदबाजी :** जसप्रीत बुमराह 3–0–9–0, मोहम्मद सिराज 2–1–9–0, रविंद्र जडेजा 1–0–3–0

# कोच के नक्शेकदम पर चलना चाहते हैं नीरज

ओस्ट्रावा (चेक गणराज्य), एजेंसी

फिटनेस समस्याओं के कारण पिछले दो सत्र से बाहर रहने को बाध्य भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा मंगलवार को गोल्डन स्पाइक एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पदार्पण करते हुए खिताब जीतने की कोशिश करेंगे। जिसे उनके कोच जान जेलेज्नी ने अपने लंबे करियर में नौ बार जीता। मौजूदा सत्र अब तक 27 वर्षीय चोपड़ा के लिए प्रभावशाली रहा है। उन्होंने पेरिस में दो साल में अपना पहला डायमंड लीग खिताब जीता और मई में दोहा डाइमंड लीग में दूसरे स्थान पर रहने के दौरान 90 मीटर की दूरी को भी पहली बार पार किया।

चोपड़ा को 2023 और 2024 में विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर की 'ए' वर्ग की प्रतियोगिता गोल्डन स्पाइक में हिस्सा लेना था, लेकिन उन्हें दोनों मौकों पर टूर्नामेंट से हटना पड़ा।

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता चोपड़ा इस खिताब को जीतने के लिए और भी अधिक उत्सुक होंगे क्योंकि गोल्डन स्पाइक विश्व रिकॉर्ड धारक जेलेज्नी के लिए उनके खेल के दिनों में उनके पसंदीदा प्रतियोगिताओं में से एक थी। चेक गणराज्य के पूर्व महान खिलाड़ी 59 वर्षीय जेलेज्नी ने 1986 और 2006 के बीच गोल्डन स्पाइक के नौ खिताब जीते और कुछ मौकों पर भाले को उन्होंने 90 मीटर से अधिक की दूरी तक फेंका। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता पहली बार 1961 में आयोजित की गई थी। चोपड़ा पहले भी ओस्ट्रावा में खेल चुके हैं लेकिन गोल्डन स्पाइक टूर्नामेंट में नहीं। वह एशिया प्रशांत टीम का हिस्सा थे जिसने 2018 में आईएएएफ कॉन्टिनेंटल कप में भाग लिया था और 80.24 मीटर के थ्रो के साथ छठे स्थान पर रहे थे। चोपड़ा ने प्रतियोगिता से पहले कहा जब मैं बच्चा था तो मैंने उसेन बोल्ट जैसे खिलाड़ियों के यहां प्रतिस्पर्धा करते हुए बहुत सारे वीडियो और तस्वीरें देखी थीं।



- **गोल्डन स्पाइक एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पदार्पण करते हुए खिताब जीतने की कोशिश करेंगे चोपड़ा**

# आज का दिन दिलचस्प होगा : राहुल

**लीड्स, एजेंसी :** भारतीय सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने सोमवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन का खेल समाप्त होने के बाद कहा कि कल 'ब्लॉकबस्टर' नतीजे का इंतजार है। उन्होंने कहा जब टेस्ट शुरू हुआ तो मुझे लगा कि यह बल्लेबाजी के मुफीद विकेट है और यह ड्रॉ की ओर बढ़ेगा। लेकिन विकेट बदल रहा है, इस पर टूट-फूट है। कल दरारें खुलनी चाहिए। यह पूछने पर कि जब पंत अजीब शॉट खेलते हैं तो उनसे क्या बात होती है तो इस पर राहुल ने कहा बस चुप रहो। मैंने उनके साथ कुछ साझेदारियां निभाई हैं लेकिन उनकी मानसिकता समझना हमारे लिए मुश्किल है। पर आपको उन्हें वैसे ही बल्लेबाजी करते रहने देना चाहिए। आपको उनसे बात करनी चाहिए, उन्हें शांत रखना चाहिए। अपनी बल्लेबाजी पर उन्होंने कहा, मेरे लिए बहुत कुछ नहीं बदला है, बस अब मैं रन बना रहा हूं। मैं पहले शुरुआत को बड़ा स्कोर नहीं बना पाता था। लेकिन अब बहुत सी चीजें बदल गई हैं। मैं शांत हूं और संख्याओं पर ध्यान नहीं देता। जब भी मुझे देश के लिए खेलने का मौका मिलता है, मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहता हूं।

### सलामी बल्लेबाज के रूप में जड़ा अपना छठा शतक, मैदान में गूंज उठीं तालियां

**लीड्स :** भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने सोमवार को हेडिंग्ले में इंग्लैंड के खिलाफ शतक बनाने के साथ भारतीय टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया। उन्होंने एशिया के बाहर बतौर सलामी बल्लेबाज अपना छठा टेस्ट शतक लगाया। वह यह कारनामा करने महान सुनील गावस्कर के बाद दूसरे बल्लेबाज है। राहुल ने अपने खास अंदाज में शतक लगाया। उन्होंने कवर ड्राइव के जरिए अपना शतक पूरा किया। यह शॉट इतना सटीक और प्रभावशाली था कि स्वीपर कवर खिलाड़ी के पास भी कोई मौका नहीं था। भारतीय ओपनर ने जश्न मनाते हुए दूसरा रन लिया। उन्होंने ड्रेसिंग रूम का अभिवादन किया और मैदान में तालियां गूंज उठीं। केएल राहुल अब एशिया के बाहर किसी भारतीय सलामी बल्लेबाज द्वारा बनाए गए दूसरे सबसे ज्यादा टेस्ट शतक (छह) बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। वह सुनील गावस्कर (15) से पीछे हैं और वीरेंद्र सहवाग (चार) से आगे हैं।

# अफसोस...मैं कई बार शतक लगाने से चूक गया : गांगुली



**कोलकाता :** भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 38 शतक लगाए हैं, लेकिन उन्हें यह संख्या पसंद नहीं है और उन्हें अपने क्रिकेट करियर के दौरान कई शतक चूकने का अफसोस है। अपने समय के बाएं हाथ के दिग्गज बल्लेबाज गांगुली ने टेस्ट और एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कुल मिलाकर 18575 रन बनाए, लेकिन उन्हें अपने करियर में कई शतक चूकने का अफसोस है। उन्होंने 311 एकदिवसीय और 113 टेस्ट मैच खेले। गांगुली ने यह अफसोस तब व्यक्त किया जब उनसे पूछा गया कि वह पुराने गांगुली को क्या सलाह देना चाहेंगे।

गांगुली ने पीटीआई से साक्षात्कार में कहा मैं कई बार शतक लगाने से चूक गया, मुझे और अधिक रन बनाने चाहिए थे। मैंने कई बार 90 और 80 रन बनाए। अगर गांगुली के आंकड़ों पर गौर करें तो पता चलता है कि वह 30 बार 80 या 90 रन की संख्या पार करने के बाद आउट हुए। अगर वह इन पारियों को भी शतक में बदलने में सफल रहते तो उनके नाम पर 50 से अधिक शतक दर्ज होते। गांगुली जब अकेले होते हैं तो उन्हें अपनी पुरानी पारियां देखना पसंद है।

# हॉकी फारवर्ड ललित ने अचानक लिया संन्यास

नयी दिल्ली, एजेंसी

- **टोक्यो और पेरिस ओलंपिक पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम के सदस्य रहे हैं ललित**
- **एक दशक से भी अधिक समय तक चले अपने शानदार अंतर्राष्ट्रीय करियर में कई उपलब्धियां हासिल कीं**



**183** मैच खेले

**67** गोल किए

टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम के सदस्य रहे अनुभवी फारवर्ड ललित उपाध्याय ने एक दशक से भी अधिक समय तक चले अपने शानदार अंतर्राष्ट्रीय करियर को अचानक अलविदा कह दिया है। ललित ने 2014 में विश्व कप में अंतर्राष्ट्रीय हॉकी में पदार्पण किया था।

ओलंपिक में दो पदक जीतना उनके करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि रहीं। वह टोक्यो 2020 ओलंपिक में इतिहास रचने वाली टीम का महत्वपूर्ण हिस्सा थे। भारत ने तब लंबे समय के बाद ओलंपिक में पदक जीता था। भारत ने 2024 में पेरिस ओलंपिक खेलों में फिर से कांस्य पदक जीता और ललित इस टीम का भी अभिन्न अंग थे।


ललित ने रविवार को बेल्जियम के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग 2024-25 सत्र के यूरोपीय चरण के भारत के अंतिम मैच के तुरंत बाद सोशल मीडिया पर जारी की गई पोस्ट में अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास लेने की घोषणा की। उन्होंने कहा यह सफर एक छोटे से गांव से शुरू हुआ, जहां संसाधन सीमित थे, लेकिन सपने असीम थे।

ललित ने लिखा स्टिंग ऑपरेशन का सामना करने से लेकर एक बार नहीं बल्कि दो बार ओलंपिक पोडियम पर पहुंचने का यह सफर चुनौतियों, विकास और अविस्मरणीय गौरव से भरा रहा। उन्होंने कहा 26 वर्षों के बाद अपने शहर से पहला ओलंपियन बनना ऐसी बात है जिसे मैं हमेशा पूरे सम्मान के साथ संजोकर रखूंगा। गोल करने की अद्भुत क्षमता वाले ललित ने सीनियर स्तर पर भारत के लिए 183 मैच खेले, जिनमें 67 गोल किए। इस 31 वर्षीय खिलाड़ी ने भारतीय टीम के लिए अपना अंतिम मैच 15 जून को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था।

ललित के भारतीय हॉकी में योगदान का जिक्र करते हुए हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा ललित अपनी पीढ़ी के सबसे शानदार और समर्पित फॉरवर्ड में से एक रहे हैं। चाहे वह महत्वपूर्ण ओलंपिक मैच हो या लीग मैच, उन्होंने हमेशा भारतीय जर्सी को गर्व के साथ पहना और दिल से खेला। उन्होंने कहा वाराणसी की संकरी गलियों से निकलकर दो बार ओलंपिक पोडियम पर खड़े होने तक का उनका सफर किसी प्रेरणा से कम नहीं है। हम भारतीय हॉकी के प्रति उनकी निस्वार्थ सेवा के लिए उन्हें धन्यवाद देते हैं और उनके जीवन की अगली पारी के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

ललित ने ओलंपिक के अलावा 2016 में एशियाई चैंपियन ट्रॉफी और 2017 में एशिया कप में भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसके अलावा उन्होंने कई अन्य प्रतियोगिताओं में भी पदक जीते जिनमें 2017 हॉकी वर्ल्ड लीग फाइनल में कांस्य, 2018 चैंपियंस ट्रॉफी में रजत, 2018 एशियाई खेलों में कांस्य और 2018 एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में स्वर्ण पदक शामिल हैं। वह एफआईएच प्रो लीग 2021-22 में तीसरे स्थान पर रहने वाली और 2022 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे।

पालकी यात्रा



पुणे के निकट दिवे घाट से निकाली गई संत ज्ञानेश्वर महाराज की पालकी यात्रा में शामिल श्रद्धालु। पालकी यात्रा दो दिन पहले आलंदी से रवाना हुई थी। यह महाराष्ट्र की सबसे पुरानी और आस्था से जुड़ी यात्राओं में से एक है, जिसमें लाखों भक्त संत ज्ञानेश्वर महाराज और संत तुकाराम महाराज की पालकी के साथ पैदल यात्रा करते हैं। एजेंसी

# शक्तिशाली देश नहीं मानते अंतर्राष्ट्रीय युद्ध नियम



अंतरराष्ट्रीय युद्ध नियम जिन्हें जिनेवा कन्वेंशन के नाम से भी जाना जाता है, ऐसे कानून और नियमों का समूह है जो युद्ध या सशस्त्र संघर्ष के समय लागू होते हैं। नागरिकों की सुरक्षा, घायलों और युद्धबंदियों के साथ मानवीय व्यवहार और अनैतिक युद्ध के हथियारों और तरीकों पर प्रतिबंध इनका मुख्य उद्देश्य है। अंतर्राष्ट्रीय युद्ध के मुख्य नियमों के तहत नागरिकों पर हमला नहीं किया जा सकता, न ही अस्पताल, डॉक्टर, मेडिकल सुविधाओं को निशाना बनाया जा सकता है। इसके अलावा इन नियमों के तहत युद्धबंदियों के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार किया जाना चाहिए। रासायनिक और जैविक हथियारों का उपयोग निषिद्ध है। अनावश्यक पीड़ा देने वाले हथियारों का प्रयोग युद्ध में नहीं होना चाहिए। हालांकि दुनिया के शक्तिशाली देश युद्ध नियमों की ज्यादा परवाह नहीं करते। युद्ध नियमों के उल्लंघन के कई उदाहरण भी हैं।

### द्वितीय विश्व युद्ध

द्वितीय विश्वयुद्ध में लाखों यहूदियों और दूसरे नागरिकों की हत्या की गई थी। युद्धबंदियों पर भी बड़े पैमाने पर अत्याचार किया गया था। इस पर न्यूरमबर्ग ट्रायल में नाजी नेताओं पर मुकदमे चलाए गए। कई को मृत्युदंड भी मिला।

### अमेरिका-वियतनाम युद्ध

सन् 1968 में हुए इस युद्ध में सैकड़ों वियतनामी नागरिकों की हत्या की गई थी। दिलचस्प तथ्य यह है कि इस मामले में सिर्फ एक सैनिक को सजा हुई और बाकी सभी को माफ कर दिया गया।

### रवांडा नरसंहार

सन् 1994 रवांडा नरसंहार तुत्सी और हुतु समुदाय के लोगों के बीच हुआ एक जातीय संघर्ष था। इसमें करीब 8 लाख लोगों की हत्या की गई थी। बाद में इंटरनेशनल क्रिमिनल ट्रिब्युनल फॉर रवांडा की स्थापना हुई जिसमें कई दोषी नेताओं को सजा हुई।

### बोस्निया युद्ध

इस युद्ध सर्ब सैनिकों ने करीब 8,000 मुस्लिमों की हत्या की थी जिसे सर्बेनेत्सा नरसंहार कहा जाता है। इंटरनेशनल क्रिमिनल ट्रिब्युनल फॉर द फॉर्मर यूगोस्लाविया की ओर से मुकदमा चलाकर सजा सुनाई गई थी।

### रूस-यूक्रेन युद्ध

सन् 2022 से जारी इस युद्ध में नागरिक क्षेत्रों पर हमले किए जा रहे हैं और अस्पतालों को भी निशाना बनाया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय ने कुछ रूसी नेताओं पर वार क्राइम्स के लिए वारंट जारी किए लेकिन सजा नहीं हो सकी।

### युद्ध के प्रमुख नियम

- आम नागरिक जो युद्ध में भाग नहीं ले रहे हैं, उन्हें नुकसान नहीं पहुंचाया जा सकता। जानबूझकर बमबारी या गोलीबारी करके नागरिकों को मारना युद्ध अपराध है।
- अपने पक्ष के हों या दुश्मन के, घायल सैनिकों का इलाज और देखभाल अनिवार्य है। मेडिकल स्टाफ, डॉक्टर और एंबुलेंस को नुकसान नहीं पहुंचाया जा सकता।
- युद्धबंदियों के साथ मानवीय व्यवहार करना अनिवार्य, युद्ध में पकड़े सैनिकों को मारा नहीं जा सकता। उन्हें भोजन, पानी, इलाज, सम्मान देना जरूरी है।
- रासायनिक हथियार, जैविक हथियार और विशेष प्रकार के विस्फोटक पूरी तरह प्रतिबंधित हैं। अत्यधिक पीड़ा देने वाले बमों का भी इस्तेमाल प्रतिबंधित है।
- किसी भी हमले का उद्देश्य केवल सैन्य ठिकानों को नुकसान पहुंचाना होना चाहिए। किसी समुदाय को जबरदस्ती हटाना, सामूहिक हत्या युद्ध अपराध है।

## एक नजर

### पाकिस्तान ने भारत के लिए हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध बढ़ाया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्राधिकारों ने भारतीय विमानों के लिए हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध को एक और महीने के लिए बढ़ाने की सोमवार को घोषणा की। पहलगाम हमले के बाद यह प्रतिबंध पहले 23 अप्रैल को एक महीने के लिए लगाया गया था। बाद में, इसे 23 मई को एक और महीने के लिए बढ़ा दिया गया था। पाकिस्तान हवाई अड्डा प्राधिकरण द्वारा जारी 'नोटम' (नोटिस टू एयरमेन) के अनुसार, प्रतिबंध को 23 जून से बढ़ाकर 23 जुलाई तक कर दिया गया है।

### चीन में भीषण गर्मी को देखते हुए येलो अलर्ट

**बीजिंग।** चीन की राजधानी बीजिंग में सोमवार को भीषण गर्मी के कारण ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया। बीजिंग मौसम विज्ञान वेधशाला ने यह जानकारी दी। देश में सोमवार और मंगलवार को दोपहर 12 बजे से शाम छह बजे तक शहर के मैदानी इलाकों में तापमान 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि वे गर्मी के दौरान बाहर निकलने से बचें। चीन में शुक्रवार को येलो अलर्ट जारी किया गया था। शनिवार दोपहर 3:40 बजे बीजिंग के दक्षिणी इलाके में तापमान 38.1 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था जो अब तक देश में सबसे गर्म दिन रहा।

### जापान के पीएम का नाटो शिखर सम्मेलन दौरा रद्द

**टोक्यो।** जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने नीदरलैंड में 24 से 26 जून के बीच होने वाले नाटो शिखर सम्मेलन का अपना प्रस्तावित दौरा रद्द कर दिया है। जापान के विदेश मंत्रालय के मुताबिक अब प्रधानमंत्री की जगह विदेश मंत्री ताकेशी इवाया शिखर सम्मेलन में जापान का प्रतिनिधित्व करेंगे और नाटो से जुड़े कार्यक्रमों में शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि जापान नाटो का सदस्य नहीं है, लेकिन 2022 से नियमित रूप से जापान को सम्मेलनों में आमंत्रित किया जा रहा है।

### डोभाल ने बीजिंग में वांग यी से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य एवं विदेश मंत्री वांग यी से बीजिंग में मुलाकात की। डोभाल एससीओ सुरक्षा परिषद के सचिवों की 20वीं बैठक में भाग लेने के लिए चीन दौरे पर हैं। बैठक के दौरान, दोनों पक्षों ने भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों में हाल के घटनाक्रमों की समीक्षा की और भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों के समग्र विकास को बढ़ावा देने की जरूरत को रेखांकित किया, जिसमें अधिक से अधिक लोगों को जन संबंधों में बढ़ावा देना भी शामिल है।

# अब ईरान में नेतृत्व बदलने के मूड में ट्रंप

## अमेरिकी ठिकानों पर ईरान के हमले के बाद कतर में भारतीयों को घर से न निकलने की सलाह

तेल अवीव/दोहा/दुबई, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के परमाणु केंद्रों पर हमले के बाद अब तेहरान में सत्ता परिवर्तन की संभावना के बारे में भी विचार कर रहे हैं। सोमवार को अमेरिकी ठिकानों पर ईरान के हमलों के बाद क्षेत्रीय संघर्ष और फैलने का खतरा बढ़ गया है। कतर में भारतीय दूतावास ने भारतीय नागरिकों को घर से न निकलने की सलाह दी है।

ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों ने पहले संकेत दिया था कि वे ईरान के साथ वार्ता फिर से शुरू करना चाहते हैं। वहीं, इजराइल की सेना ने सोमवार को कहा कि वह ईरान के पश्चिमी शहर केरमानशाह के आसपास हमले कर रही है। इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध में अमेरिका के भी कूद पड़ने और ईरान के परमाणु केंद्रों पर हमला किया है। ईरान ने इसके जवाब में कतर और इराक में अमेरिका के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। इससे इस क्षेत्रीय संघर्ष के और फैलने का खतरा बढ़ गया है।

अमेरिका ने पुष्टि की है कि कतर स्थित वायु सेना अड्डे पर ईरान की ओर से मिसाइल हमला किया गया। उसने कहा कि इस हमले में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। हमले के तुरंत बाद खाड़ी देश बहरीन ने अपने हवाई क्षेत्र में उड़ानों को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया। बहरीन में अमेरिका का पांचवां बेड़ा मुख्यालय स्थित है।

अमेरिकी ठिकानों पर ईरान के हमलों के बाद कतर स्थित भारतीय दूतावास ने भारतीय नागरिकों को सावधानी बरतने और घरों के अंदर रहने की सलाह दी। खबरों के अनुसार, ईरान ने कतर में अमेरिका के अल उदीद वायु सेना अड्डे पर हमला करने के लिए कई मिसाइलों का इस्तेमाल किया। दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, दूतावास सोशल मीडिया चैनलों पर भी अद्यतन सूचना देता रहेगा।



परमाणु ठिकानों पर हमले के बाद ईरान में लोगों ने अमेरिका के खिलाफ प्रदर्शन किया।

### ईरान ने मोसाद के जासूस को फांसी पर लटकाया

**दुबई।** ईरान ने मोसाद के जासूस होने के आरोप में एक और व्यक्ति को सोमवार को फांसी पर लटका दिया। मोसाद का जासूस होने के आरोप में फांसी देने का यह तीसरा मामला है। सामाजिक कार्यकर्ताओं को डर है कि ईरान में और लोगों को फांसी दी जाएगी, विशेष रूप से तब जब वहां के शासन ने जासूसी कर रहे लोगों को रविवार तक खुद ही आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी है। समाचार एजेंसी मिज़ान ने फांसी पर लटकाए गए व्यक्ति की पहचान मोहम्मद अमीन महदावी शायेस्तेह के रूप में की है।

### गुतारेस ने दी चेतावनी- प.एशिया में खतरनाक मोड़ का संकेत हैं ईरान के परमाणु केंद्रों पर अमेरिकी हमले

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच सुरक्षा परिषद के एक आपातकालीन सत्र में कहा कि ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों पर अमेरिका की बमबारी क्षेत्र में एक खतरनाक मोड़ का संकेत है। ट्रंप द्वारा ईरान के तीन परमाणु केंद्रों बमबारी की घोषणा किए जाने के बाद 15 देशों की परिषद ने रविवार को आपातकालीन सत्र के लिए बैठक की। गुतारेस ने बताया, ईरानी परमाणु प्रतिष्ठानों पर बमबारी एक ऐसे क्षेत्र में खतरनाक मोड़ का संकेत है जो पहले से ही लड़खड़ा रहा है। गुतारेस ने कहा कि क्षेत्र के लोग एक बार फिर विनाश को सहन नहीं कर सकते। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने जोर देकर कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को लड़ाई रोकने और ईरानी परमाणु कार्यक्रम पर गंभीरता के साथ तथा निरंतर वार्ता पर पुनः शुरू करने के लिए तुरंत और निर्णायक रूप से कार्य करना चाहिए।

### इजराइल ने ईरान की कुख्यात जेल को निशाना बनाया

**दुबई।** इजराइल ने ईरान के खिलाफ अपने युद्ध का विस्तार करते हुए देश की कुख्यात तेहरान जेल के गेट तथा हाल के विरोध-प्रदर्शनों को दबाने वाले सैन्य बल के मुख्यालय पर हमला किया। तेहरान के ऊपर घने धुएं के गुबार उठने के साथ ही इजराइल पर ईरानी मिसाइलों और ड्रोन की एक और बौछार की गई। संघर्ष के 11वें दिन, इजराइल ने कहा कि उसने तेहरान के बीचोंबीच स्थित सरकारी ठिकानों और दमनकारी सरकारी निकायों पर हमला किया। साथ ही इजराइल के अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि वे ईरान की सरकार को उखाड़ फेंकना नहीं चाहते जो 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से उनकी कट्टर दुश्मन रही है।

### ईरान से 290, इजराइल से 443 भारतीय लौटे

**नई दिल्ली/यरुशलम।** ऑपरेशन सिंधु के तहत 290 भारतीय नागरिकों और एक श्रीलंकाई नागरिक लेकर को ईरान से विशेष उड़ान सोमवार शाम नई दिल्ली पहुंची। अब तक 2,003 भारतीयों को ईरान से लाया जा चुका है। इजराइल से भी बाहर निकाले गए 443 भारतीयों का दूसरा जत्था सोमवार को 175 और 268 लोगों के दो समूहों में जॉर्डन और मिस्र के रास्ते स्वदेश रवाना हुआ। यहां से दो दिनों में निकाले गए भारतीयों की संख्या 603 हो गई है। जॉर्डन के लिए 160 लोगों का पहला जत्था रविवार को रवाना हुआ था जहां से वे स्थानीय समयानुसार दोपहर 2:15 बजे विमान में सवार हुए।

# निर्वासित शहजादे का ईरान में सत्ता परिवर्तन का आह्वान

तेहरान, एजेंसी



- खामेनेई पर लगाया भ्रष्टाचार, विनाशकारी और देश को पतन के रास्ते पर ले जाने का आरोप

ईरान के पूर्व शाहजादे रजा पहलवी ने देश के शीर्ष मज़हबी नेता अली खामेनेई को भ्रष्टाचारी, विनाशकारी और देश को पतन की कगार पर ले जाने वाला करार दिया है और ईरानी नागरिकों का आह्वान किया है कि वे शांति का पक्षधर धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक ईरान की पुनर्स्थापना के लिए परिवर्तन और राष्ट्रीय नवीकरण की योजना में सहभागी बनें।

ईरान से 46 साल पहले सत्ता से अपदस्थ एवं निर्वासित कर दिए गए शाह मोहम्मद रज़ा पहलवी के पुत्र श्री रज़ा पहलवी ने सोशल मीडिया पर एक प्रेस ब्रीफिंग में ईरान के खामेनेई शासन को समाप्त करने और नये ईरान की स्थापना के लिए आगे आने के आग्रह के साथ ईरान के पुनर्निर्माण के लिए एक आर्थिक योजना का भी खुलासा किया। रज़ा पहलवी ने कहा, यह हमारे राष्ट्र के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। हमारे प्रिय ईरान को एक विनाशकारी संघर्ष में घसीटा गया है, जिसका वास्तुकार कोई और नहीं बल्कि अली खामेनेई और उसका भ्रष्ट, विनाशकारी गुट है।

उन्होंने हमारे देश की अर्थव्यवस्था को पतन के कगार पर धकेल दिया है, हमारे राष्ट्रीय बुनियादी ढांचे और संसाधनों को लूट लिया है, परमाणु हथियार विकसित करने पर देश की संपत्ति को बर्बाद कर दिया है, ईरान की सुरक्षा को तोड़ दिया है, और ईरानी लोगों की संप्रभुता को चुरा लिया है। यह शासन पराजित हो गया है, पतन के कगार पर लड़खड़ा रहा है, और इसे जारी रखने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

### राष्ट्रीय परिवर्तन का नेतृत्व करने को तैयार

रजा पहलवी ने कहा, 46 साल पहले जब मेरे दिवंगत पिता और परिवार को ईरान छोड़ने के लिए मजबूर किया गया था तो मैंने शपथ ली थी कि मैं ईरान या ईरानी लोगों से मुंह नहीं मोड़ूंगा। तब से हर दिन, मैंने अपना जीवन हमवतन लोगों को समर्पित कर दिया है। आज मैं यहां इसे दोहराने और खुद को उनकी सेवा में लगाने आया हूँ। मैं इस राष्ट्रीय परिवर्तन का नेतृत्व करने को आगे बढ़ रहा हूं, निजी हित से नहीं बल्कि ईरानी लोगों के सेवक के रूप में।

# एकल माताओं के बच्चों को ओबीसी दर्जे पर होगा विचार

नई दिल्ली, एजेंसी



- सुप्रीम कोर्ट ने याचिका को अहम करार दिया, सुनवाई करने पर जताई सहमति

सुप्रीम कोर्ट ने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की एकल माताओं के बच्चों को ओबीसी प्रमाणपत्र जारी करने के लिए नियमों में संशोधन के अनुरोध वाली याचिका को अहम करार दिया। न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि मामले में विस्तृत सुनवाई की आवश्यकता है।

पीठ ने कहा, मौजूदा रिट याचिका एकल मां के बच्चों को ओबीसी प्रमाणपत्र जारी करने के बारे में एक महत्वपूर्ण मुद्दा उठाती है, जिसमें मां ओबीसी से संबंधित है। केंद्र का पक्ष रखने के लिए पेश हुए अधिवक्ता ने कहा कि उन्होंने याचिका पर जवाबी हलफनामा दायर कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने 31 जनवरी को दिल्ली की एक महिला द्वारा दायर याचिका पर केंद्र और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया था। पीठ ने सोमवार को इसे एक महत्वपूर्ण मुद्दा बताते हुए कहा, इस पर सुनवाई होनी चाहिए। पीठ ने उच्चतम न्यायालय के 2012 के एक फैसले का हवाला दिया, जिसमें उस व्यक्ति की स्थिति से संबंधित प्रश्न पर विचार किया गया था, जिसके माता-पिता में से एक अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति से संबंधित है और दूसरा किसी भी श्रेणी से संबंधित नहीं है।

# भारत ने सिंधु जल संधि के तहत पानी देने से इनकार किया तो युद्ध करेगा पाकिस्तानः बिलावल भुट्टो

- गृहमंत्री शाह के संधि को कभी बहाल न करने के बयान पर जताई प्रतिक्रिया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो-जरदारी ने सोमवार को कहा कि यदि भारत सिंधु जल संधि के तहत इस्लामाबाद को पानी का उचित हिस्सा देने से इनकार करता है, तो उनका देश युद्ध की ओर बढ़ेगा। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के तुरंत बाद भारत ने 1960 के समझौते को स्थगित कर दिया था।

गृहमंत्री अमित शाह ने पिछले हफ्ते इस समझौते को कभी बहाल न करने की घोषणा की थी। शाह के बयान ती पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय द्वारा आलोचना किए जाने के दो दिन बाद बिलावल की टिप्पणी सामने आई। बिलावल ने संसद में दिए भाषण में समझौते को निलंबित करने के भारत के फैसले को खारिज कर दिया और पाकिस्तान के हिस्से का पानी लेने की धमकी दी। उन्होंने कहा, भारत के पास दो विकल्प हैंः या तो वह पानी को समान रूप से साझा करे, या फिर हम सभी छह नदियों से पानी अपने यहां पहुंचाएंगे।

# बांग्लादेश के पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त गिरफ्तार

ढाका, एजेंसी

- अपने कार्यकाल में चुनावों में हेराफेरी करने के आरोप में की गई कार्रवाई

बांग्लादेश के पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त के एम नूरुल हुदा को उनके कार्यकाल के दौरान चुनावों में हेराफेरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

ढाका महानगर पुलिस के उपायुक्त मोहिदुल इस्लाम ने कहा कि हुदा को पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी द्वारा उनके और अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना सहित 18 अन्य के खिलाफ दर्ज मामले में गिरफ्तार किया गया है। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने कहा कि यह शायद पहली बार है कि चुनाव संबंधी मुद्दों पर किसी पूर्व आयुक्त को हिरासत में लिया गया है। इससे पहले दिन में, 77 वर्षीय हुदा पर उनके उत्तरा स्थित आवास के बाहर भीड़ ने हमला कर दिया था। हुदा ने 2014, 2018 और 2024 में चुनाव कराए थे।

### शेख हसीना की पार्टी की पूर्व सांसद भी गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग की एक पूर्व सांसद को सोमवार को भ्रष्टाचार, राजनीतिक हिंसा भड़काने और देश के खिलाफ साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। यूनाइटेड न्यूज ऑफ बांग्लादेश की खबर के मुताबिक ढाका पुलिस की डिटेक्टिव ब्रांच ने नवाबगंज उपजिला की आरक्षित सीट से पूर्व सांसद सबीना अख्तर तुहिन को गिरफ्तार किया। डीबी (उत्तर) के संयुक्त आयुक्त मोहम्मद रबीउल हुसैन भुइयां ने बताया कि तुहिन पर भ्रष्टाचार, राजनीतिक हिंसा भड़काने और देश के खिलाफ साजिश रचने को लेकर कई मामले दर्ज हैं।

# तकनीकी गड़बड़ी से एअर इंडिया एक्सप्रेस की दुबई जाने वाली उड़ान की गई रद्द

**जयपुर/जम्मू।** एयर इंडिया एक्सप्रेस की जयपुर से दुबई जाने वाली उड़ान सोमवार को रद्द कर दी गई। वहीं दिल्ली से जम्मू के रास्ते श्रीनगर जाने वाली उड़ान जम्मू में बिना उतरे ही दिल्ली वापस लौट गई।

- श्रीनगर जा रही फ्लाइट भी जम्मू में बगैर उतरे दिल्ली वापस लौटी

एक अधिकारी ने बताया कि पायलट ने जयपुर हवाई अड्डे से उड़ान भरने से पहले विमान में कुछ तकनीकी गड़बड़ी पाई। हवाई अड्डे के एक अधिकारी ने बताया कि 189 सीट वाले बोइंग 737 मैक्स विमान को सुबह 6:35 बजे यहां से रवाना होना था, वह रनवे पर पहुंचा लेकिन इस दौरान पायलट ने कुछ तकनीकी गड़बड़ी देखी जिसके बाद उड़ान रद्द कर दी गई। दूसरी ओर दिल्ली से जम्मू के रास्ते श्रीनगर जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक उड़ान सोमवार दोपहर जम्मू हवाई अड्डे पर उतरे बिना ही दिल्ली लौट गई। उड़ान आईएक्स-2564 को दोपहर के आसपास जम्मू हवाई अड्डे पर उतरना था। उधर, इंडिगो एयरलाइंस की इंदौर से भुवनेश्वर की उड़ान भी तकनीकी खराबी से एक घंटे की देरी से गंतव्य के लिए रवाना हो सकी जिसमें 140 यात्री सवार थे।

# वीजा के लिए सार्वजनिक करना होगा सोशल मीडिया प्रोफाइल

नई दिल्ली, एजेंसी

- अमेरिका ने एफ, एम, जे गैर आप्रवासी वीजा आवेजन के लिए लागू की अनिवार्यता

अमेरिकी दूतावास ने कहा है कि एफ, एम, या जे गैर-आप्रवासी वीजा के लिए आवेदन करने वाले सभी व्यक्ति अपनी सोशल मीडिया अकाउंट की प्राइवेसी सेटिंग्स को सार्वजनिक कर दें ताकि अमेरिका के कानून के तहत उनकी पहचान और वहां प्रवेश योग्यता के लिए आवश्यक जांच की जा सके।

दूतावास ने एक संक्षिप्त बयान में बताया कि 2019 से ही अमेरिका ने वीज़ा आवेदकों से उनके आप्रवासी और गैर-आप्रवासी वीज़ा आवेदन फॉर्म पर सोशल मीडिया संबंधी जानकारी प्रदान करने को कहा है। दूतावास के 'एक्स' पर साझा किए गए बयान में कहा गया है, हम अमेरिका के लिए अयोग्य वीजा आवेदकों की पहचान करने के लिए वीजा जांच और गहन जांच-पड़ताल में उपलब्ध सभी जानकारी का उपयोग करते हैं, खासकर उन लोगों की, जो अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बन सकते हैं।

यह घोषणा कैलिफोर्निया के लॉस एंजिलिस में हाल में ट्रंप प्रशासन द्वारा की गई आव्रजन कार्रवाई की पृष्ठभूमि में आई है। बयान में कहा गया है, एफ, एम या जे गैर-आप्रवासी वीजा के लिए आवेदन करने वाले सभी लोगों से अनुरोध है कि वे अपने सोशल मीडिया अकाउंट की प्राइवेसी सेटिंग को सार्वजनिक कर दें, ताकि अमेरिकी कानून के तहत अमेरिका में उनकी पहचान और प्रवेश की योग्यता की जांच में मदद मिल सके।

# ओआईसी में पाकिस्तान प्रायोजित बयान की आलोचना

**नई दिल्ली।** भारत ने इस्लामिक देशों के संगठन (ओआईसी) के विदेश मंत्रियों की परिषद की बैठक में भारत को लेकर अनुचित और तथ्यात्मक रूप से गलत संदर्भों की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि आतंकवाद को राजतंत्र में बदलने वाले पाकिस्तान प्रायोजित यह बयान संकीर्ण राजनीतिक उद्देश्य के लिए ओआईसी के दुरुपयोग का उदाहरण है।

विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि भारत ओआईसी परिषद की बैठक के संदर्भों को स्पष्ट रूप से खारिज करता है। आतंकवाद को राजतंत्र में बदलने वाले पाकिस्तान प्रायोजित यह बयान संकीर्ण राजनीतिक उद्देश्य के लिए ओआईसी मंच के निरंतर दुरुपयोग को दर्शाता है।

चिंताजनक

विश्व मौसम विज्ञान संगठन की ओर से जारी ताजा रिपोर्ट में कई गंभीर चेतावनियां

# वैश्विक औसत से दोगुनी गति से गर्म हो रहा एशिया महाद्वीप

## इसी परिवर्तन से जापान, कोरिया गणराज्य और चीन में मासिक औसत तापमान के रिकॉर्ड टूटे

नई दिल्ली, एजेंसी

दुनिया का सबसे बड़ा महाद्वीप और विश्व की 60 प्रतिशत आबादी का निवास स्थान एशिया वैश्विक औसत से लगभग दोगुनी गति से गर्म हो रहा है। विश्व मौसमविज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) द्वारा सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह कहा गया है।

विश्व मौसम विज्ञान संगठन की '2024 में एशिया में जलवायु की स्थिति' रिपोर्ट में कहा गया है कि एशिया में समुद्री सतह भी पिछले दशकों में वैश्विक औसत से लगभग दोगुनी गति से गर्म हो रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, दो सबसे हालिया उप-अवधियों (1961-1990 और 1991-2024) में आर्कटिक तक फैला सबसे बड़ा भूभाग वाला महाद्वीप एशिया वैश्विक भूमि और महासागर औसत की तुलना में अधिक तेजी से गर्म हुआ है। आंकड़ों के मुताबिक, 2024 में एशिया में औसत तापमान 1991-2020 के औसत तापमान से लगभग 1.04 डिग्री सेल्सियस अधिक था। यह आंकड़ा इसे सबसे गर्म या दूसरा सबसे गर्म वर्ष बना देगा।



रिपोर्ट के मुताबिक, इस वर्ष एशिया के कई हिस्सों में भीषण गर्मी दर्ज की गई। अप्रैल से नवंबर तक पूर्वी एशिया में लंबे समय तक गर्म हवाएं चलती रहीं। जापान, कोरिया गणराज्य और चीन में बार-बार मासिक औसत तापमान के रिकॉर्ड टूटे। भारत में 2024 में भीषण गर्मी के कारण लू लगने के लगभग 48,000 मामले सामने आये तथा 159 लोगों की मौत हुई। डब्ल्यूएमओ ने कहा कि एशिया के प्रशांत और हिंद महासागर, दोनों ओर समुद्र का स्तर वैश्विक औसत की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ा है, जिससे निचले तटीय क्षेत्रों के लिए खतरा बढ़ गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि सर्दियों में बर्फबारी में कमी और गर्मियों में उच्च तापमान की वजह से हिमनद बुरी तरह प्रभावित हुए। डब्ल्यूएमओ के मुताबिक, मध्य हिमालय और तियान शान में 24 में से 23 हिमनदों में मौजूद बर्फ में कमी आई।

### जल सुरक्षा के लिए बढ़ा दीर्घकालिक खतरा

रिपोर्ट के मुताबिक हिमनद की कगार टूटने, बाढ़ और भूस्खलन जैसी आपदाओं का खतरा बढ़ गया है और जल सुरक्षा के लिए दीर्घकालिक खतरा पैदा हो गया है। अत्यधिक वर्षा से कई देशों में भारी क्षति हुई और जान-माल का भारी नुकसान हुआ, जबकि उष्णकटिबंधीय चक्रवातों के कारण तबाही आई। सूखे के कारण बड़ी आर्थिक और कृषि संबंधी हानि हुई। डब्ल्यूएमओ महासचिव सेलेस्टे साउलो ने कहा, एशिया में जलवायु की स्थिति रिपोर्ट में सतह के तापमान, ग्लेशियर द्रव्यमान और समुद्र तल जैसे प्रमुख जलवायु संकेतकों में बदलावों को रेखांकित किया गया है, जिसका क्षेत्र में समाजों, अर्थव्यवस्थाओं और पारिस्थितिकी तंत्रों पर बड़ा असर पड़ेगा।